20 दिसंबर, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


रांची
शनिवार, वर्ष 11, अंक 62


तटरक्षक बल में शामिल हुआ 'अमूल्य'











## मुख्यमंत्री से मिले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी-2025 जीतने वाले खिलाड़ी

# गर्व है खिलाड़ियों पर : हेमंत सोरेन

- इशान किशन ने पूरी टीम के साथ विजेता ट्रॉफी मुख्यमंत्री को सांकेतिक रूप से हैंडओवर की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी-2025 का खिताब जीतकर इतिहास रचनेवाली वाली झारखंड क्रिकेट टीम के सदस्यों ने मुलाकात की। इस अवसर पर टीम के कप्तान और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर इशान किशन ने पूरी टीम के साथ विजेता ट्रॉफी मुख्यमंत्री को सांकेतिक रूप से हैंडओवर कर जीत का जश्न मनाया। मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक जीत के लिए सभी खिलाड़ियों, सभी सहायता करने वाले लोग और जेएससीए को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक कल्पना सोरेन और मुख्य सचिव अविनाश कुमार की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं, टीम के कप्तान इशान किशन समेत सभी खिलाड़ियों ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के अपने प्रदर्शन और अनुभवों को मुख्यमंत्री के साथ साझा किया। इस अवसर पर जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष संजय पांडेय, सचिव सौरभ तिवारी और संयुक्त सचिव शाहबाज नदीम के अलावा एसोसिएशन के अन्य सदस्य, झारखंड क्रिकेट टीम के सदस्य और सपोर्ट स्टाफ्स मौजूद थे।

**विदेशों में भी खेलने और प्रशिक्षण की व्यवस्था की हो पहल:** हेमंत सोरेन ने जेएससीए से कहा कि खिलाड़ियों को आगे ले जाने में खेल एसोसिएशन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में विदेशों में खेलने और प्रशिक्षण देने की व्यवस्था उपलब्ध कराने की पहल होनी चाहिये। इससे खिलाड़ियों को अलग-अलग माहौल तथा वातावरण में खेलने का अनुभव प्राप्त होगा, जिससे उनके प्रदर्शन में और भी निखार आयेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आने वाले अन्य प्रतियोगिताओं में झारखंड की टीम बेहतर एवं शानदार प्रदर्शन करे, इसके लिए टीम को मजबूत बनाने का प्रयास लगातार जारी रहना चाहिए।

**परंपरागत खेलों का भी लौट रहा दौर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज क्रिकेट, हॉकी और फुटबॉल जैसे कई लोकप्रिय खेलों के साथ परंपरागत खेलों का भी दौर नये रूप में लौट रहा है। ऐसे परंपरागत खेलों की कई प्रतियोगिताएं आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हो रही हैं। ऐसे में अगर कोई अगर खेलों में अपना भविष्य बनाना चाहता है, तो उसके लिए कई दरवाजे खुले हैं। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने में सरकार हर तरह का सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार है। हमें झारखंड को एक ऐसा राज्य बनाना है, जो खेलों की दुनिया में पूरे देश में अपनी मजबूत तथा दमदार दावेदारी पेश कर सके।



### झारखंड ने एक नया कीर्तिमान गढ़ा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि सैयद मुश्ताक अली टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट जीतकर झारखंड ने डोमेस्टिक क्रिकेट में एक नया कीर्तिमान गढ़ा है। यह पूरे राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि और गौरवान्वित करने वाला पल है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में इस तरह की जीत हासिल होने से राज्य में खेलों को बढ़ावा मिलता है। आज क्रिकेट के साथ हॉकी और तीरंदाजी जैसे कई खेलों में झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर देश और राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं।

### खेल वातावरण बनाने पर दिया जोर

मुख्यमंत्री ने क्रिकेटरों से संवाद के क्रम में राज्य में खेल वातावरण बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेलों का एक ऐसा इकोसिस्टम बने, जिसमें राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे आने का मौका मिले। इसके लिए स्कूल और कॉलेज स्तर पर खेलों को जोड़े जाने की मजबूत शुरुआत होनी चाहिये। ताकि विभिन्न खेलों के होनहार खिलाड़ी को बेहतर प्लेटफार्म मिले। वे अपने प्रदर्शन को और भी निखार सकें। इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग किया जायेगा।

### नियमित रूप से खेल प्रतियोगिताएं होती रहनी चाहिए

हेमंत सोरेन ने झारखंड में खेल प्रतियोगिताएं नियमित रूप से आयोजित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर राज्य स्तर पर विभिन्न खेलों के लिए प्रतियोगिताएं नियमित रूप से होती रहनी चाहिए। इस पहल से खिलाड़ियों को ना सिर्फ अपना खेल कौशल दिखाने का मौका मिलता है, बल्कि कई प्रतिभावान खिलाड़ी सामने आते हैं, जो अपने प्रदर्शन से राज्य और देश को नाम रौशन करते हैं।

### मुख्यमंत्री को हॉकी मैच के लिए आमंत्रण मिला



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 28 दिसंबर से हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) 2025-26 के आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को हॉकी लीग के आयोजन की तैयारियों से संबंधित विस्तृत जानकारी से अवगत भी कराया।

## लातेहार: एक लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



- तीन जिलों में वांछित था नक्सली आलोक यादव

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले से नक्सलवाद को पूरी तरह से खात्मे को लेकर एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते नक्सली पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने को मजबूर हो रहे हैं। राज्य सरकार की 'नयी दिशा नीति' से प्रभावित होकर पीएलएफआइ के सक्रिय सदस्य और एक लाख का इनामी आलोक यादव उर्फ चंदशेखर यादव ने आत्मसमर्पण किया। आलोक ने लातेहार एसपी कुमार गौरव, सीआरपीएफ 11वीं बटालिएन के कमांडेंट के यादराम बुनकर और एसएसबी 32वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेश कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इस मौके पर एसपी कुमार गौरव ने कहा कि लगातार नक्सलियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में अब तक 22 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर चुके हैं। नक्सली आलोक के खिलाफ लातेहार, चतरा और रांची जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 35 मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि नक्सली या तो सरकार की नीति के तहत आत्मसमर्पण करें या पुलिस की गोली खाने के लिए तैयार रहें। इस मौके पर एसपी कुमार गौरव के अलावे, सीआरपीए के कमांडेंट, एसएसबी के कमांडेंट, लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार व बालूमाथ चंदवा लातेहार थाना प्रभारी भी मौजूद थे।

## वाटरफॉल घूमने गये छात्र-छात्रा का आपत्तिजनक वीडियो बनाया

- वायरल करने की धमकी देकर वसूले रुपये, थाने में मामला दर्ज

संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा में नाबालिग छात्र-छात्रा के साथ कुछ मनचलों द्वारा मारपीट और छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोप है कि बदमाशों ने वीडियो बना कर वायरल करने की धमकी देते हुए ऑनलाइन पैसे भी लिये। घटना जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत जरगा पंचायत स्थित वृंदाहा वॉटरफॉल के पास की है। पीड़ित छात्र के परिजनों ने इसकी शिकायत थाना में की है।

**धमकी देकर वीडियो बनाया:** थाने में की गयी शिकायत के मुताबिक छात्र गुरुवार की सुबह अपनी एक दोस्त के साथ बाइक से वृंदाहा वाटरफॉल घूमने गया था। तभी यह घटना हुई। घर लौटने के क्रम में दो युवकों ने उन्हें रोक लिया। वो साथ में आयी लड़की के बारे में पूछताछ करने लगे। इसके बाद वे लोग हथियार दिखाकर छात्र को छात्रा के साथ 'किस' करने को कहा। ऐसा नहीं करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। बदमाशों ने उनका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया और इसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी।

**10 हजार रुपये की मांग की:** बदमाशों ने वीडियो वायरल नहीं करने के एवज में 10 हजार रुपये मांगे। पैसे नहीं होने की बात पर आरोपियों ने अपने परिचितों से फोन-पे के माध्यम से ऑनलाइन पैसे मंगाने की बात कही। नाबालिग ने अपने कुछ मित्रों से 4500 रुपये मंगवाये और आरोपियों में से एक युवक को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया। ऑनलाइन ट्रांसफसर में युवक का नाम बबलू यादव दिखायी पड़ा।

**घर पहुंच कर थाने में शिकायत करायी दर्ज:** नाबालिग युवक ने बाकी के पैसे घर जाकर उनके नम्बर पर भेजने की बात कही। घर आने पर नाबालिग ने सारी बातें अपने साथियों को बतायी और तिलैया थाना शिकायत की। तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की छानबीन की जा रही है और पीड़ित की निशानदेही पर उक्त आरोपियों को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है।






## सट्टेबाजी मामला: क्रिकेटर युवराज सिंह, एक्टर सोनू सूद और अन्य की संपत्ति अटैच


**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार को पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा, एक्टर सोनू सूद, एक्ट्रेस नेहा शर्मा समेत कई सेलिब्रिटी की संपत्ति अटैच की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत की गयी। इडी के मुताबिक सोनू सूद की करीब 1 करोड़ रुपये, युवराज सिंह की 2.5 करोड़ रुपये, नेहा शर्मा की 1.26 करोड़ रुपये, रॉबिन उथप्पा की 8.26 लाख रुपये की संपत्तियां अटैच की गयी हैं। इससे पहले सितंबर महीने में इडी ने एक एप मामले में क्रिकेटर युवराज सिंह, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और शिखर धवन, अभिनेता सोनू सूद, अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती (पूर्व टीएमसी सांसद) और अंकुश हाजरा (बांग्ला एक्टर) से पूछताछ की थी। कुछ ऑनलाइन इंफ्लुएंसर्स से भी सवाल किये गये थे।

## बांग्लादेश : हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग, पेड़ पर टांगकर जलाया

- शेख हसीना विरोधी नेता की मौत के बाद हिंसा, दो न्यूज चैनल फूंके

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी की मौत के बाद हिंसा भड़क गयी है। इस दौरान ढाका के नजदीक भालुका में इश निंदा के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। बीबीसी बांग्ला की रिपोर्ट के मुताबिक युवक के शव को नग्न करके एक पेड़ से लटका कर आग लगा दी। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में की गयी है। पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार रात भालुका में हुई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है। इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार देर रात देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में जबरन घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में भी तोड़फोड़ की गयी है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हिंसा और पत्रकारों पर हमलों की कड़ी निंदा की है।



## लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में हुई सांसदों की बैठक

# मोदी-प्रियंका समेत अन्य सांसद चाय पर चर्चा में हुए शामिल

- संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त, विपक्षी सांसदों ने रात भर दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले समेत अन्य सत्ता एवं विपक्षी सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके कार्यालय में मुलाकात की। नेताओं ने सत्र के सुचारू संचालन के लिए लोकसभा स्पीकर को धन्यवाद दिया। उधर, 'वीबी-जी-राम-जी' बिल दोनों सदनों से पास हो गया। इस पर बिल पर लोकसभा में 18 घंटे और राज्यसभा में 14 घंटे चर्चा हुई। दोनों ही सदन में विपक्ष ने बायकॉट कर दिया। इसके बाद 'वीबी-जी-राम-जी' बिल के विरोध में टीएमसी समेत विपक्ष के अन्य सांसदों ने संसद के मकर द्वार पर गुरुवार को रातभर धरना दिया। वे बीच-बीच में हम होंगे कामयाब गाना भी गाया।

**मोदी और प्रियंका स्पीकर से बात करते दिखे:** चाय पर चर्चा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्रियों के. राममोहन नायडू, राजीव रंजन सिंह, चिराग पासवान और प्रह्लाद जोशी समेत 30 सांसदों ने भी लोकसभा स्पीकर से चाय पर मुलाकात की। ओम बिरला, पीएम मोदी और प्रियंका गांधी समेत सभी दलों के फ्लोर लीडर एवं सांसद एक साथ चाय पर चर्चा करते हुए नजर आये। इस दौरान संसद के कामकाज पर पर चर्चा की गयी।



### स्पीकर ने कहा, सुखद वार्ता हुई

ओम बिरला ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि 18वीं लोकसभा के छठे सत्र के समापन के पश्चात प्रधानमंत्री मोदी एवं सभी दलों के गणमान्य नेताओं के साथ संसद भवन स्थित कार्यालय में सुखद वार्ता हुई। संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर को शुरू हुआ था और शुक्रवार को समाप्त हुआ। इस दौरान लोकसभा की 15 बैठकें हुईं जो 92 घंटे 25 मिनट तक चलीं।

### वंदे मातरम् गीत के साथ सत्र स्थगन

वंदे मातरम् गीत के साथ शुक्रवार को अनिश्चितकाल काल के लिए संसद की कार्यवाही स्थगित हो गयी। इस दौरान विपक्ष संसद में महात्मा गांधी की जय के नारे लगाता रहा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


### खेल मंत्री सुदिव्य सोनू ने किया संतोष ट्रॉफी टूर्नामेंट का उद्घाटन

# रांची में शुरू हुआ फुटबॉल का महाकुंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में प्रतिष्ठित संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांच शुरू हो गया है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआइएफएफ) और झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन (जेएफए) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी झारखंड को मिलने से राज्यभर के फुटबॉल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। इस चरण में ग्रुप-सी के मुकाबले खेले जा रहे हैं, जिसमें मेजबान झारखंड, दिल्ली, बिहार और रेलवे की टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट के पहले दिन दो मुकाबले खेले गये, जिनमें खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। इनमें से एक मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ जबकि दूसरे मैच में कड़ी टक्कर देखने को मिली।




शुरूआती मैचों से ही टूर्नामेंट का प्रतिस्पर्धात्मक स्तर साफ नजर आया।

**खेल मंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया :** हालांकि प्रतियोगिता की शुरूआत पहले ही हो चुकी थी लेकिन टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन झारखंड के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया। उद्घाटन समारोह के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष सुप्रियो भट्टाचार्य भी मौजूद रहे। इस मौके पर खेल मंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों से झारखंड में खेल संस्कृति को नयी ऊर्जा मिलती है और युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलता है।

### फुटबॉल प्रेमियों के लिए सारी व्यवस्थाएं

वहीं आयोजन को लेकर सुरक्षा, दर्शकों की सुविधा और खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं की गयी हैं। बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम को पूरी तरह तैयार किया गया है, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर मैदान और दर्शकों को बेहतरीन अनुभव मिल सके। कुल मिलाकर, रांची में आयोजित संतोष ट्रॉफी का यह चरण न केवल फुटबॉल प्रेमियों के लिए उत्सव जैसा है, बल्कि यह झारखंड को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी माना जा रहा है।

# महिला हॉकी इंडिया लीग को लेकर जबरदस्त उत्साह

### प्रैक्टिस सेशन देखने हॉकी प्रेमी एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम पहुंचे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) 2025-26 को लेकर खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। 28 दिसंबर से मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में शुरू होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को लेकर आयोजन से पहले ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कई खिलाड़ी रांची पहुंच चुकी हैं।

हॉकी स्टेडियम में शुक्रवार को विभिन्न टीमों के प्रैक्टिस सेशन की शुरूआत हुई। इस दौरान घरेलू टीम रांची रॉयल्स के अभ्यास सत्र को देखने के लिए बड़ी संख्या में हॉकी प्रेमी स्टेडियम पहुंचे। मैदान में दर्शकों की खासी भीड़ देखने को मिली। अभ्यास सत्र देखने पहुंचे खूंटी निवासी कामेश्वर, मोहन गोप, रमेश सहित अन्य खेल प्रेमियों ने बताया कि भारतीय



महिला हॉकी टीम की चर्चित खिलाड़ी निक्की प्रधान और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकीं ब्यूटी डुंगडुंग सहित कई नामचीन खिलाड़ी अभ्यास करती नजर आईं। इन खिलाड़ियों को मैदान पर देखकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

रांची निवासी अशोक कुमार, सुनीता टूटी और बासमती आइंद ने कहा कि झारखंड की कई उभरती महिला हॉकी खिलाड़ियों को इस लीग के माध्यम से उच्च स्तर पर अभ्यास और प्रदर्शन का अवसर मिल रहा है। इससे स्थानीय प्रतिभाओं का मनोबल काफी बढ़ा है। खेल प्रेमी रांची रॉयल्स को एक मजबूत और संतुलित टीम के रूप में देख रहे हैं और टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं।

**28 दिसंबर को रांची रॉयल्स और एसजी पाइपर्स के बीच होगा पहला मुकाबला :** खेल विभाग एवं हॉकी प्रबंधन की ओर से महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) के मुकाबलों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके तहत 28 दिसंबर को रांची रॉयल्स और एसजी पाइपर्स के बीच पहला मुकाबला शाम 7.30 बजे खेला जायेगा। इसके बाद 29 दिसंबर को सूरमा हॉकी क्लब और राढ़ बंगाल टाइगर्स के बीच मुकाबला होगा, जबकि 30 दिसंबर को रांची रॉयल्स का सामना राढ़ बंगाल टाइगर्स से होगा। नये साल 2026 में एक जनवरी को एसजी पाइपर्स बनाम राढ़ बंगाल टाइगर्स और दो जनवरी को रांची रॉयल्स बनाम सूरमा हॉकी क्लब के बीच मुकाबले खेले जायेंगे।

तीन से आठ जनवरी 2026 तक लीग चरण के अंतिम मैच आयोजित किये जायेंगे, जबकि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 10 जनवरी 2026 को रात 8.15 बजे खेला जायेगा।

# टीएसपीसी से जुड़ा सक्रिय उग्रवादी सलमान खान गिरफ्तार



### हथियार और बाइक बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मैक्लुस्कीगंज।** रांची जिले के मैक्लुस्कीगंज थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) से जुड़े एक सक्रिय उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से हथियार और एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी है।

मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी की पहचान सलमान खान के रूप में हुई है, जो मूल रूप से खलारी थाना क्षेत्र का निवासी है। उसके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी है।

उन्होंने बताया कि सलमान पर आरोप है कि उसने इसी माह 16 दिसंबर को खलारी थाना क्षेत्र में लेवी वसूली के उद्देश्य से फायरिंग कर इलाके में दहशत फैलाने की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन के निर्देश पर अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। जंगली और पहाड़ी इलाकों में उग्रवादियों की सक्रियता को देखते हुए पुलिस की ओर से लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था।

इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि टीपीसी के सब-जोनल कमांडर देव जी के दस्ते से जुड़े कुछ उग्रवादी लेवी वसूली के लिए निकलने वाले हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की, जिसमें एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया। हालांकि उसके अन्य साथी जंगल और पहाड़ी इलाके का फायदा उठाकर फरार हो गये।

पुलिस के अनुसार सलमान खान, टीपीसी के शीर्ष कमांडर देवा उर्फ आदिल के सक्रिय दस्ते से जुड़ा हुआ है और संगठन के लिए लेवी वसूली, दहशत फैलाने जैसी गतिविधियों में शामिल रहा है।

छापेमारी टीम में खलारी और मैक्लुस्कीगंज थाना पुलिस के पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस फरार उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चला रही है।

# काम करने गये गोड्डा के मजदूर की तेलंगाना में मौत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोड्डा।** जिले के महागामा प्रखंड के धर्मोडीह पंचायत अंतर्गत दूधबेचा गांव निवासी लापेश्वर यादव के पुत्र रंजन कुमार यादव (35) की तेलंगाना के सत्तूपाली में मजदूरी करने के दौरान आकस्मिक मौत हो गयी। घटना गुरुवार सुबह की बतायी जा रही है। साथी मजदूर गौतम कुमार साह ने बताया कि आठ मजदूर एक साथ रहकर काम करते थे। बुधवार रात भोजन करने के बाद सभी सोने गये थे। तड़के करीब तीन बजे रंजन को पेट में दर्द हुआ, शौच के बाद उल्टी हुई और तबीयत अचानक बिगड़ गयी। स्थानीय चिकित्सक को बुलाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों ने शव गांव लाने की मांग की। साथियों ने अपने खर्च पर एंबुलेंस से शुक्रवार दोपहर शव दूधबेचा गांव पहुंचाया। शव पहुंचते ही मजदूर की पत्नी, मां और तीन छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

ग्रामीणों ने बताया कि रंजन सरल स्वभाव का था और पिछले 10 वर्षों से बाहर रहकर मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। उसकी मौत से परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

वहीं घटना के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनाराम हांसदा ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर हरसंभव सरकारी सहायता का भरोसा दिया। मुखिया प्रतिनिधि शशि यादव ने भी आर्थिक मदद का आश्वासन दिया।

# झारखंड में अगले साल 40 हजार शिक्षकों की होगी नियुक्ति

**हेमंत सोरेन सरकार राज्य की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को नयी गति देने की तैयारी में**

**राज्य में 100 नये सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोलने की योजना पर चल रहा काम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार राज्य की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को नयी गति देने की तैयारी में है। इसी कड़ी में अगले वर्ष 40 हजार शिक्षकों की बहाली की योजना बनायी गयी है। यह नियुक्तियां प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में पहली से पांचवीं तथा छठी से आठवीं कक्षा के लिए सहायक आचार्यों के पदों पर होंगी।

दरअसल सरकार ने पहले सहायक आचार्य के 26,001 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था, लेकिन इस प्रक्रिया में केवल 11 हजार शिक्षकों की नियुक्ति हो सकी। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के अभाव और अन्य कारणों से करीब 15 हजार पद खाली रह गये। अब इन रिक्त पदों के साथ-साथ 23,999 नये पदों पर भी बहाली की तैयारी है। इस तरह कुल मिलाकर 40 हजार पदों के



लिए एक साथ भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

सरकार मिडिल स्कूलों की स्थिति सुधारने पर भी खास ध्यान दे रही है। जहां अब तक सहायक अध्यापक नेतृत्व कर रहे थे, वहां सहायक आचार्यों की पदस्थापना की जा रही है। साथ ही राज्य में 100 नये सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोलने की योजना पर काम चल रहा है। आने वाले वर्ष में इन स्कूलों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया जायेगा और यहां सीबीएसइ पैटर्न के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का लक्ष्य रखा गया है।

इधर माध्यमिक शिक्षकों के 1,373 पदों पर बहाली की प्रक्रिया जारी है और जनवरी में परीक्षा होने की संभावना जतायी जा रही है। इसके अलावा पहली से आठवीं कक्षा के लिए 3,451 विशेष शिक्षकों की भर्ती के लिए आवेदन भी आमंत्रित किये जा चुके हैं

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में राज्य को 11 हजार नये शिक्षक मिल चुके हैं। इनमें छठी से आठवीं कक्षा के लिए स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के रूप में गणित, विज्ञान, भाषा और सामाजिक विज्ञान के शिक्षक शामिल हैं, जबकि पहली से पांचवीं कक्षा के लिए इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य बहाल किये गये हैं। सभी शिक्षकों का जिलावार पदस्थापन पूरा कर लिया गया है।

नयी शिक्षा नीति को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए सरकार शिक्षकों के निरंतर प्रशिक्षण पर भी जोर दे रही है। इसके तहत राज्यभर में आवासीय और दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, ताकि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर और बेहतर हो सके।

# कांग्रेस ने मोदी सरकार पर रोजगार छीनने का आरोप लगाया, पार्टी 21 से करेगी विरोध-प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने मोदी सरकार पर मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण जनता से रोजगार की गारंटी छीनने का आरोप लगाया। के राजू ने शुक्रवार को रांची स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी, जिसे नये विधेयक में समाप्त कर दिया गया है। पहले यह तय करने की शक्ति मजदूरों के पास थी कि किस गांव में काम होगा, लेकिन अब यह अधिकार केंद्र सरकार अपने हाथ में ले रही है। के राजू ने कहा कि मनरेगा में पहले 90 प्रतिशत फंड केंद्र सरकार देती थी, जबकि अब केवल 60 प्रतिशत राशि वह भी चुनिंदा क्षेत्रों में ही दी जायेगी। इससे गरीब राज्यों में मनरेगा के तहत मिलने वाला रोजगार स्वतः समाप्त हो जायेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी ने इस योजना के नाम से महात्मा गांधी को हटाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आत्मा थी, जिसे कुचल दिया गया। इस योजना को विश्व स्तर पर सराहा गया था और कोविड काल में इसने लाखों लोगों को रोजगार देकर जीवन रक्षक की भूमिका निभाई थी। मनरेगा को समाप्त कर भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ को कमजोर किया गया है। कांग्रेस 21 दिसंबर से जिला स्तर पर इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी।




### कांग्रेस स्थापना दिवस पर बूथ स्तर तक कार्यालयों में झंडा फहराया जायेगा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को न्यायालय से न्याय मिला है और सत्य की विजय हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को झूठे आरोपों में फंसाने के विरोध में कांग्रेस द्वारा भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर पंचायत, बूथ और प्रखंड स्तर पर कार्यालयों में झंडा फहराया जायेगा। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान झारखंड में अंतिम चरण में है। हर ग्राम पंचायत कमेटी 12 सदस्यीय होगी और हर माह प्रखंड व पंचायत स्तर पर बैठकें होंगी। आगामी दिनों में बीएलए की नियुक्ति के बाद उनके प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जायेंगे। प्रखंड स्तर की बैठकों में जनता की समस्याओं पर चर्चा की जायेगी। 1100 म्युनिसिपल वार्ड का गठन भी अंतिम चरण में है। 17 जनवरी के बाद सभी प्रखंडों में संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी सीरीबेला प्रसाद, भूपेंद्र मारावी, सुबोध कांत सहाय, बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, रमा खलको, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, सोनाल शांति सहित अन्य उपस्थित थे।

### झारखंड शराब घोटाला: एसीबी ने दूसरे दिन भी रायपुर जेल में अनवर ढेबर से की पूछताछ

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड शराब घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने दूसरे दिन शुक्रवार को भी छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारी अनवर ढेबर से पूछताछ की। अदालत से अनुमति मिलने के बाद एसीबी की टीम रायपुर जेल पहुंचकर अनवर ढेबर से पूछताछ कर रही है। इससे पहले गुरुवार को भी एजेंसी ने उनसे पूछताछ की थी, जिसमें कई अहम जानकारियां सामने आने की बात कही जा रही है। दरअसल, अनवर ढेबर छत्तीसगढ़ में तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल के दौरान सामने आये शराब घोटाले के मामले में भी आरोपित हैं। छत्तीसगढ़ में आइएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के तत्कालीन एमडी अरुणपति त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के कथित अवैध सिंडिकेट के माध्यम से बड़े पैमाने पर शराब घोटाला किये जाने के आरोप हैं। आरोपों के अनुसार, वर्ष 2019 से 2022 के बीच सरकारी शराब दुकानों के माध्यम से डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर अवैध शराब की बिक्री की गयी, जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। वहीं झारखंड शराब घोटाले में मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों और शराब के होलसेल स्टॉक से जुड़ी कंपनियों को करोड़ों रुपये का भुगतान करने, फर्जी बैंक गारंटी के जरिये टेंडर देने और अनियमितताओं के आरोप सामने आये हैं। एसीबी इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ते हुए गहन जांच में जुटी हुई है।

# डकैती के आरोपी को पुलिस ने दबोचा, हथियार और गोलियां जब्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुवा।** चाइबासा के गुवा थाना अंतर्गत बड़ाजामदा ओपी क्षेत्र में हुई डकैती कांड में पुलिस ने हथियार के साथ जमशेदपुर के एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसका नाम करण कुमार महतो बताया गया। करीब 24 साल के करण के पास से पुलिस ने एक सिल्वर रंग का देसी कट्टा, एक ऑटोमैटिक पिस्टल, दो खाली मैगजीन, 7.65 एमएम के 41 जिंदा गोली, 9 एमएम के 10 जिंदा गोली, 8 एमएम के 9 जिंदा गोली और मोबाइल फोन बरामद किया है।

शुक्रवार को एसडीपीओ अजय करकेट्टा ने मीडिया बताया कि एसपी को 19 दिसंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि माह अक्टूबर में बड़ाजामदा निवासी अनिल चौरसिया के घर हुई डकैती में प्रयुक्त हथियार और गोली पहुंचाने के लिए एक व्यक्ति बड़ाजामदा आ रहा है। इस डकैती में अपराधियों ने ढाई लाख रुपये नकद, लगभग 90 हजार रुपये कीमत के सोने का ब्रेसलेट और करीब 80 हजार रुपये की सोने की चेन लूट ली थी। इस संबंध में गुवा (बड़ाजामदा ओपी) थाने में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें पूर्व में पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गुप्त सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए एसपी के निर्देश पर किरीबुरु एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरितो कार्रवाई करते हुए बड़ाजामदा बस स्टैंड के पास से जमशेदपुर निवासी करण कुमार महतो को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपित के पास से डकैती कांड में प्रयुक्त किये जाने वाले हथियार और बड़ी मात्रा में जिंदा गोलियां बरामद की गयीं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार करण कुमार महतो, डकैती कांड में जेल भेजे गये अभियुक्त दीपक महतो का भतीजा है और वह हथियार और गोली कांड के वांछित आरोपी बड़ाजामदा निवासी राजू लोहार को देने के लिए आ रहा था। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी है और अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

इस कार्रवाई में किरीबुरु एसडीपीओ अजय केरकेट्टा, बड़ाजामदा ओपी प्रभारी बालेश्वर उरांव, चंद्रशेखर, धनंजय सिंह और सशस्त्र बल शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.0 °c | 9.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.25 बजे |



# आर्च बिशप हाउस रांची में आयोजित क्रिसमस उत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन






मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी धर्मपत्नी एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ शुक्रवार को आर्च बिशप हाउस रांची में आयोजित क्रिसमस उत्सव में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने बालक यीशु का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, केक काटकर प्रभु यीशु के आगमन की खुशियों को सेलिब्रेट किया। इससे पूर्व आर्च बिशप विंसेंट आइंद ने मुख्यमंत्री के यहां आगमन पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री एवं आर्च बिशप ने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई और शुभकामनाएं दी। खुशी के इस मौके पर बिशप हाउस, मनरेसा हाउस, सद्भावना, सेंट जेवियर्स कॉलेज और अल्बर्ट कॉलेज के फादर मौजूद थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजगार-व्यापार में शुभ परिवर्तन,आर्थिक लाभ, मित्र-कुटुम्बियों का सहयोग।

**वृष** पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, विरोधियों पर विजय, सामाजिक- राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**मिथुन** बुद्धि कौशल से हर क्षेत्र सफलता प्राप्त करेंगे, किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा।

**कर्क** परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।

**सिंह** स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा,आमदनी में वृद्धि होगी, नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा।

**कन्या** कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, गम्भीरता एवं सहनशीलता से परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

**तुला** रोग-शोक-दुःश्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

**वृश्चिक** लोकप्रियता का विस्तार,अधूरा कार्य पूरा होगा, धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

**धनु** गुप्त विरोधियों का षड़यंत्र विफल होगा, माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**मकर** गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।

**कुंभ** परिस्थितियों में सुधार,बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**मीन** नई आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### मुख्यमंत्री ने किसानों से की अपील

# बिचौलिये के बहकावे में न आयें : हेमंत सोरेन

- मुआवजा और भुगतान दिलाने के नाम पर ठगी के शिकार न बनें
- राज्य के 700 से अधिक धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर धान खरीद हो रही

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के किसानों से अपील की है कि मुआवजा अथवा भुगतान दिलाने के नाम पर किसी भी बिचौलिए के बहकावे में न आयें। राज्य सरकार द्वारा राज्य के 700 से अधिक धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर धान खरीद की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित की जा रही है। सभी किसान अपने प्रखंड के नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र पर जाकर धान की बिक्री कर सकते हैं।

**किसानों का भुगतान सीधे बैंक खाते में :** सीएम ने कहा कि किसानों को प्रति क्विंटल धान 2450 रुपये की दर से भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया जा रहा है। यदि कोई व्यक्ति अवैध



रूप से धन की मांग करता है या किसानों को गुमराह करता है, तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित अंचल कार्यालय अथवा जिला प्रशासन को दें। किसानों की समृद्धि ही झारखंड की शक्ति है। सरकार हमेशा आपके अधिकारों की रक्षा के लिए संकल्पित है।

# गवर्नमेंट सैलरी पैकेज पर 23 दिसंबर को होगा एमओयू



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गौंड, महाप्रबंधक दीप शेखर और सहायक महाप्रबंधक अजय पांडेय ने शिष्टाचार मुलाकात की।

इस दौरान राज्य सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच राज्य कर्मियों के लिए गवर्नमेंट सैलरी पैकेज को लेकर 23 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित एमओयू से संबंधित जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कर्मियों को बेहतर और सुरक्षित माहौल में कार्य करने के लिए आवश्यक सुविधाएं और सहूलियत उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

इसी क्रम में राज्य कर्मियों और उनके परिजनों के सुरक्षित जीवन को ध्यान में रखते हुए बैंकों के सहयोग से सैलरी पैकेज जैसी योजनाएं लागू की जा रही हैं। बताया गया कि राज्य सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच गवर्नमेंट सैलरी पैकेज को लेकर एमओयू किया जाना है। इस पैकेज के तहत जिन राज्य कर्मियों, अवकाश प्राप्त कर्मियों और अनुबंध कर्मियों का वेतन खाता बैंक ऑफ इंडिया में होगा, उन्हें दुर्घटना बीमा सहित विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा।



**JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.**
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-monitoring@sfcjharkhand.in

Tender Ref No.- 4036 Date : 18.12.2025

**NIT for Tender**

INVITATION TO TENDER AND INSTRUCTIONS TO TENDERERS FOR APPOINTMENT OF MANDI LABOUR CONTRACTOR AT 24 DISTRICT OF JHARKHAND STATE FOOD AND CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD. in KMS 2025-26 AT 24 DISTRICT OF JHARKHAND through Jharkhand e-Tender Portal.

| Sl. No. | Description | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Invitation to Tender and Instructions to Tenderers for Appointment of Mandi Labour Contractor At 24 District of Jharkhand State Food And Civil Supplies Corporation Ltd. for the Kharif Marketing 2025-26. |
| 2. | **Submission of Sealed Financial Documents** | **Physically at JSFC Bhawan, Kadru, Main Road, Ranchi 834002 in Sealed Envelope.** |
| 3. | NIT Publish Date | 18-12-2025 |
| 4. | End Date of Earnest Money Deposit (EMD) (Refundable with no interest, Online Mode to be submitted to JSFCHQ, Ranchi) | 24-12-2025, 4 PM |
| 5. | E-tender website ( for Tender Submission & Purchase Tender Document) | https://jharkhandtenders.gov.in |
| 6. | a)Tender Download & Sale starts on | 18-12-2025, 4 PM |
| | b)Tender Download & Sale Ends on | 24-12-2025, 4 PM |
| | c) Bid Submission start date | 18-12-2025, 4 PM |
| | d) Last date & time for submission of completed E-tender documents online | 24-12-2025, 4 PM |
| | e)Technical bid opening date | 26-12-2025, 4 PM |
| 7. | Tender Publish website | https://jharkhandtenders.gov.in/ |
| 8. | Tender Issuing Authority | Managing Director, Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited, JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi-834002 |

**Managing Director,**
Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited





**JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.**
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-monitoring@sfcjharkhand.in

Tender Ref No.- 4051 Date : 19.12.2025

**NIT for Short Tender (3rd time tender)**

TRANSPORTATION SERVICES FOR DELIVERY OF PADDY AND CUSTOM MILLED RICE (CMR) FROM PADDY PROCUREMENT CENTRES/WAREHOUSES TO TAGGED RICE MILLS AND FROM RICE MILLS TO GODOWNS OF JSFC/CMR WAREHOUSE RESPECTIVELY FOR THE KHARIF MARKETING SEASON 2025-26 & 2026-27 AT 08 DISTRICT OF JHARKHAND through Jharkhand e-Tender Portal

| Sl. No. | Description | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Transportation Services for Delivery of Paddy and Custom Milled Rice (CMR) from Paddy Procurement Centres/Warehouses to Tagged Rice Mills and From Rice Mills to Godowns of JSFC/CMR Warehouse Respectively for the Kharif Marketing Season 2025-26 & 2026-27. |
| 2. | **Name of District to be applied for** | **Ranchi, West Singhbhum, Dhanbad, Bokaro, Jamtara, Deoghar, Godda, Sahebganj.** |
| 3. | **Submission of Sealed Financial Documents** | **Physically at JSFC Bhawan, Kadru, Main Road, Ranchi 834002 in Sealed Envelope.** |
| 4. | NIT Publish Date | 19-12-2025 |
| 5. | End Date of Earnest Money Deposit (EMD) (Refundable with no interest, Online Mode to be submitted to JSFCHQ, Ranchi) | 26-12-2025, 12 PM |
| 6. | E-tender website ( for Tender Submission & Purchase Tender Document) | https://jharkhandtenders.gov.in |
| 7. | a)Tender Download & Sale starts on | 20-12-2025, 12 PM |
| | b)Tender Download & Sale Ends on | 26-12-2025, 12 PM |
| | c) Bid Submission start date | 20-12-2025, 12 PM |
| | d) Last date & time for submission of completed E-tender documents online | 26-12-2025, 12 PM |
| | e)Technical bid opening date | 27-12-2025, 12 PM |
| 8. | Tender Issuing Authority | Managing Director, Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited, JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi-834002 |

**Managing Director,**
Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited



# झारखंड उच्च न्यायालय ने बनायी नेतरहाट विद्यालय की अंतरिम समिति

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड़।** राज्य के सबसे प्रतिष्ठित सरकारी स्कूल नेतरहाट विद्यालय के लिए झारखंड उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता केदारनाथ लाल दास और रमा निवास (नोबा प्रतिनिधि) के सुझावों पर, उनके द्वारा प्रस्तावित व्यक्तियों को शामिल करते हुए नेतरहाट विद्यालय समिति की एक अंतरिम समिति (एडहॉक कमेटी) का गठन किया है। न्यायालय ने यह आदेश केदारनाथ लाल दास द्वारा दायर जनहित याचिका (पीआइएल) पर दिया है।




इस अंतरिम समिति में शामिल प्रमुख सदस्यों में मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखंड विकास आयुक्त, झारखंड, प्रधान सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखंड सचिव, वित्त विभाग, झारखंड, प्रमंडलीय आयुक्त, पलामू,उपायुक्त, लातेहार और लोहरदगा, हरे किशोर प्रसाद सिंह (नेतरहाट आवासीय विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक), राजेश कुमार रॉय (नेतरहाट आवासीय विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक), विजय प्रकाश, सेवानिवृत्त आइएएस, (प्रख्यात शिक्षाविद्), प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, डॉ त्रिनाथ मिश्रा, सेवानिवृत्त आइपीएस, (भूतपूर्व छात्र बैच 1954-1960), प्रोफेसर अशोक कुमार सिन्हा (नोबा प्रतिनिधि) तदर्थ कार्यकारी समिति में प्रोफेसर अशोक कुमार सिन्हा (नोबा प्रतिनिधि) - सभापति प्रधान सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखंड, सचिव, वित्त विभाग, झारखंड प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, राजेश कुमार रॉय (सेवानिवृत्त शिक्षक) विजय प्रकाश, सेवानिवृत्त आइएएस (प्रख्यात शिक्षाविद्), डॉ त्रिनाथ मिश्रा, सेवानिवृत्त आइपीएस, राज कुमार, सेवानिवृत्त आइएएस को शामिल किया गया है।

**अंतरिम समिति को सौंपे गये महत्वपूर्ण कार्य :** उच्च न्यायालय ने इस अंतरिम समिति को नियमानुसार नयी समिति के गठन तक कार्य करने को कहा है और याचिकाकर्ता केदारनाथ लाल दास की अपील पर कई मुख्य कार्य सौंपे हैं। इसमें

**नियुक्तियों की जांच:** विद्यालय के प्राचार्य और लेखा अधिकारी की नियुक्ति के संबंध में याचिकाकर्ता द्वारा लगाये गये आरोपों की जांच करना और अगली तारीख तक न्यायालय को रिपोर्ट सौंपना।

**शिक्षक भर्ती प्रक्रिया :** विद्यालय में योग्य शिक्षकों की भर्ती के लिए एक व्यापक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करना और उसके बाद नियमित शिक्षकों के सभी स्वीकृत पदों को भरने के लिए प्रभावी उपाय करना।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में कारोबारी विनय सिंह को एसीबी ने रिमांड पर लिया

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए नेक्सजेन शोरूम के मालिक एवं ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। एसीबी ने कांड संख्या 20/2025 के तहत यह कार्रवाई की है, जिससे विनय सिंह की कानूनी परेशानियां और बढ़ गयी हैं। दरअसल, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के अधिकारी विनय चौबे के हजारीबाग में उपायुक्त पद पर रहने के दौरान हुए कथित वन भूमि घोटाले से जुड़े आरोपों में विनय सिंह पहले ही गिरफ्तार किये जा चुके हैं। फिलहाल विनय सिंह कुल चार मामलों में आरोपित हैं। इनमें से केवल शराब घोटाले से जुड़े एक मामले में उन्हें राहत मिली है, जबकि अन्य मामलों में अभी उन्हें जमानत नहीं मिली है। सभी मामलों में जमानत मिलने के बाद ही उनकी रिहाई संभव हो सकेगी।

# कोहरे की चादर में लिपटा रहा कोडरमा, जनजीवन अस्त - व्यस्त

- पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच घरों में लोग दुबके
- सड़कों पर लाइट जलाकर वाहने सरकती रही
- दुकानदारों व यात्रों को सर्वाधिक परेशानी
- अलाव का ले रहे सहारा
- न्यूनतम पारा लुढ़क कर पहुंचा 10 डिग्री सेल्सियस





सतीश / गौतम

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार की रात करीब नौ बजे से ही मौसम ने अचानक मिजाज बदल दिया। देखते ही देखते कोहरे छा गया और पूरे शहर को अपने आगोश में ले लिया। कमोबेश दिनभर कोडरमा कोहरे की चादर में लिपटा रहा। कनकनी भी चलती रही। पारा भी लुढ़क गया है। शुक्रवार को न्यूनतम 10 डिग्री और अधिकतम पारा 20 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

कार्यालय और स्कूलों में उपस्थिति कम देखी गयी। पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच लोग इससे बचाव के लिए अपने - अपने घरों में दुबके रहे। इससे जनजीवन अस्त - व्यस्त रहा। सड़कों पर वाहने लाइट जलाकर सरकती रही। इस ठंड में सर्वाधिक परेशानी फुटपाथी दुकानदारों और यात्रियों को उठानी पड़ रही है। ठंड से बचने के लिए जगह - जगह अलाव का लोग सहारा ले रहे हैं। कई दुकानें तो दुकानदार विलंब से दुकानें खोलते देखे गये। सूर्य भगवान का दर्शन नहीं हो सका है। विभिन्न स्कूलों कॉलेजों में पढ़ रहे हैं छात्र-छात्राओं को घने कोहरे से बच्चे ठिठुरते हुए स्कूल बस में चढ़कर विद्यालय जाते देखे गये। दिनभर आसमान में बादल छाये रहे।

**चौक - चौराहे पर अलाव की व्यवस्था की मांग :** पिछले एक सप्ताह से जारी ठंड को देखते हुए नगर परिषद की ओर से विभिन्न चौक - चौराहे पर अलाव की व्यवस्था की जाती रही है। पिछले दो-तीन दिनों से अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोग नगर परिषद से अलाव की व्यवस्था की मांग की है। अलाव की व्यवस्था होने से राहगीरों को भी राहत मिलती है ।

### कोहरे के कारण कई ट्रेनें देर से चल रहीं

कोहरे का असर ट्रेनों के परिचालन पर पड़ रहा है। ट्रेन घंटों विलंब से चल रही है। इससे यात्रों की परेशानी बढ़ गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक बीकानेर सियालदह दूरंतो एक्सप्रेस तीन विलंब से कोडरमा जंक्शन पहुंची। ट्रेन के आगमन का समय सुबह 7.55 बजे निर्धारित है। देर रात और सुबह की सभी ट्रेन लगभग राइट टाइम गयी है। अपराह्न दो बजे के बाद की ट्रेन लेट है।

### चाय, काफी, हीटर और गर्म वस्त्रों की बढ़ी बिक्री

कड़ाके की ठंड पड़ने के साथ ही इससे बचाव के लिए गर्म वस्त्रों समेत चाय, काफी, हीटर की बिक्री बढ़ गयी है। इसकी खरीदारी करने वाले ग्राहकों की दुकानों में भीड़ देखी जा सकती है। इससे दुकानदारों की बल्ले - बल्ले है। लोग चाय और कॉफी की चुस्की ले रहे हैं। बड़ी ठंड से कारोबार भी प्रभावित हुआ है।

### ज्यादा परेशानी फुटपाथी दुकानदारों को

पड़ रही भीषण ठंड के बीच अपने उत्पादों को बाजार में बिक्री के पहुंचे फुटपाथी दुकानदारों को प्रभावित किया है। ठंड में लोग ठिठुर रहे हैं। इसके अलावा ठेले, खोमचे वाले परेशान हैं। जबकि बस और ट्रेन के यात्री भी ठंड से हल्कान हैं। बता दें कि बसों और ट्रेन के जरिये कोडरमा से बिहार के नवादा, रजौली, झारखंड के बरही, चौपारण, बरकट्ठा, बगोदर, चलकुशा, हजारीबाग, रांची, रामगढ़ आदि इलाकों में आवाजाही करते हैं।

### सुदूरवर्ती इलाके से काम के लिए पहुंचे सैकड़ों दिहाड़ी मजदूर रहे परेशान

सुदूरवर्ती इलाके से काम के लिए पहुंचे सैकड़ों दिहाड़ी मजदूर भी परेशान रहे। यहां मानपुर, टनकुप्पा, गझंडी, चौबे, शरमाटांड़, हीरोडीह, परसाबाद, हजारीबाग रोड, चिचाकी, चौधरीबांध, पारसनाथ, निमियाघाट आदि क्षेत्रों से सैकड़ों दिहाड़ी मजदूर इंटरसिटी एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेन से काम को लेकर पहुंचते हैं। काम के बाद फिर वे सभी ट्रेन से अपने घरों को लौट जाते हैं। यह उनकी प्रतिदिन में शामिल होता है।

## घनघोर कोहरा और शीतलहर से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** लगातार साथ दिनों से कड़ाके की ठंड व घने कोहरे ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। तापमान में गिरावट आ गयी है। सुबह और शाम शीतलहर का प्रकोप सबसे अधिक देखने को मिल रहा है, जिससे आम लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। घने कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता बेहद कम हो गयी है। स्थिति यह है कि चालकों को दिन में गाड़ी चलाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गयी है। सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों पर देखने को मिल रहा है। छोटे-छोटे बच्चे ठंड में कांपते हुए विद्यालय जाने को मजबूर हैं। अभिभावकों का कहना है कि अत्यधिक ठंड के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सर्दी, खांसी और बुखार के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में डायन-भूत कुप्रथा उन्मूलन और नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कर्णपुरा महाविद्यालय में सामाजिक चेतना के उद्देश्य से डायन-भूत कुप्रथा उन्मूलन और नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कीर्तिनाथ महतो व संचालन डॉ. अनु कुमारी ने की और धन्यवाद ज्ञापन प्रो .फजरूद्दीन अहमद ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि ओपी सीकरी थाना प्रभारी राम कुमार राम ने अपने संबोधन में कहा कि डायन-भूत जैसी अंधविश्वासी कुप्रथाएं समाज के लिए अत्यंत घातक हैं, जिनके कारण कई बार निर्दोष लोगों को मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और समाज में फैली भ्रांतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने की अपील की। साथ ही उन्होंने नशा मुक्त समाज की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि नशाखोरी युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना देती है, अतः नशे से दूर रहना ही सशक्त समाज की आधारशिला है। प्राचार्य डॉ. कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री अर्जन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को सही दिशा देना भी उसका महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय डायन-भूत जैसी कुरीतियों और नशाखोरी के विरुद्ध निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। साथ ही विद्यार्थियों से अपील की कि वे इन संदेशों को अपने परिवार, गांव और समाज तक पहुंचाएं। थाना प्रभारी राम कुमार राम के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्राचार्य, सभी शिक्षकगण, शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति और डायन-भूत कुप्रथा के पूर्ण उन्मूलन हेतु शपथ ली। मौके पर डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज, डॉ. सुरेश महतो, प्रो. फजरुद्दीन, प्रो. नरेश कुमार दांगी, डॉ. पवन कुमार, डॉ. अनु कुमारी, प्रो. ऋतुराज, डॉ. रंजीत प्रसाद, डॉ. ललिता कुमारी, प्रो. लालदेव महतो, डॉ. चंद्रशेखर राणा, प्रो. रामकिशोर प्रसाद दांगी, डॉ. दिव्या शालू, डॉ. सनवीर कुमार सहित अन्य शिक्षक-कर्मचारी और सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सिदो-कान्हू संथाल समिति की बैठक आयोजित



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दूधमटिया में शुक्रवार को सिदो-कान्हू संथाल समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के सदस्यों ने की, जिसमें सर्वसम्मति से आगामी 5 जनवरी को भव्य तरीके से प्रखंड स्तरीय सोहराय सम्मेलन मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सोहराय सम्मेलन की पूर्व तैयारियों की समीक्षा करना और कार्यक्रम को सफल बनाना था। उपस्थित प्रबुद्धजनों ने कहा कि सोहराय आदिवासी संस्कृति और परंपरा का अनमोल हिस्सा है। इस सम्मेलन के माध्यम से समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करने का प्रयास किया जायेगा। आयोजन को लेकर विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां भी सौंपी गयी हैं। बैठक में प्रखंड के मूरकी, बिशाय, कंदागढा, चोंचा, जोभी सिमरा, चुरचू, हेसाकोचा, जरुवाडीह, खरिका और हटवे समेत कई गांवों के आदिवासी समाज के प्रबुद्धजन और युवा शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से अनिल बास्के, अशोक किस्कू, डेगलाल बेसरा, गणेश मुर्मू, राजेंद्र टुडू, संतोष मरांडी, फूलचंद बास्के, शिवराम बास्के, बिनोद टुडू, बासुदेव टुडू, कुंवर टुडू, बलू किस्कू, मनोज हांसदा, छोटन हांसदा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## ठंड लगने से एएसआइ की मौत

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा थाना में एएसआई जूलियस मरांडी 45 वर्ष की ठंड लगने से मौत हो गयी। जूलियस मरांडी वर्तमान में सीसीआर हजारीबाग में पदस्थापित थे। बताया जा रहा है कि वह गुरुवार को बरकट्ठा थाना में लंबित कांडों का प्रभार सौंपने आये थे। रात में वह थाना परिसर में खाना खाने के बाद सोने चले गये थे। शुक्रवार की सुबह नही उठने पर देखा गया की उनकी मौत हो चुकी थी। जिसे तुरंत सहकर्मी बरकट्ठा अस्पताल ले गये जहां चिकित्सक डॉ कार्तिक उरांव ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# शीतलहर और सर्दी से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतें : डॉ नीरा यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** पूरे राज्य में आमजन को सर्दी व शीतलहर से बचाव को लेकर स्थानीय विधायक सह प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री ने अपील जारी की है। विधायक डॉ नीरा यादव ने लोगों से कोहरा, शीतलहर और सर्दी से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने को कहा है। उन्होंने बताया कि आमजन सावधानी बरतकर सर्दी से अपना व अपने पशुओं का बचाव कर सकते हैं। सर्दी से बचाव के लिए आमजन गर्म कपड़े पहनें ताकि ठंड बिल्कुल न लगे, फेफड़ों को बचाने के लिए संभव हो तो मास्क का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में घने कोहरे के दौरान विशेषकर सुबह और रात के समय कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो जाती है। ऐसे में वाहन चालकों को सीमित गति में ही निर्धारित लेन में रहकर और यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करते हुए वाहन चलाना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे धुंध के मौसम में गलत दिशा में वाहन न चलाएं और धुंध के समय जहां तक संभव हो ओवरटेक करने से बचें। विधायक डॉ नीरा यादव ने सरकार से विभिन्न जिलों में गरीबों को शीघ्र कंबल उपलब्ध कराने, अलाव की व्यवस्था करने और विद्यालयों के समय परिवर्तन की भी मांग की है ताकि लोगों और बच्चों को राहत मिल सके।

## केरेडारी सीओ ने अलाव की व्यवस्था की

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** भीषण ठंड को देखते हुए केरेडारी अंचलधिकारी रामरतन बरनवाल के द्वारा केरेडारी मुख्य चौक पर अलावा की व्यबस्था की गयी है। इससे चौक में लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है। शुक्रवार को पारा लुढ़क कर निचे आ गया है जिससे प्रखंड के लोग ठंडा से ठीठुर रहे हैं। खास कर के अहले सुबह उन राहगीरों को काफी परेशानी होती है जो लंबी दुरी के वाहनों को पकड़ने विभिन्न चौराहों पर आते हैं। इस बार भीषण ठंड पड़ रही है जिससे लोग ठीठुर रहे हैं लेकिन अभी तक प्रशासन के द्वारा अभी तक कंबल की व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं एनटीपीसी के द्वारा भी कंबल वितरण नहीं किया गया है।

## डोमचांच में भाजपा नगर अध्यक्ष सुजीत मेहता का हुआ स्वागत

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** भाजपा डोमचांच नगर मंडल का अभिनन्दन समारोह और कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार को एचएमटी होटल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी और संचालन अमरदीप ने किया। अभिवादन समारोह में नव नियुक्त भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुजीत मेहता का स्वागत और अभिनंदन किया गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुजीत मेहता ने कहा कि अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभारी हूं। आपकी ऊर्जा और समर्पण से हम डोमचांच में भाजपा को और मजबूत बनायेंगे। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि सुजीत मेहता की नियुक्ति से डोमचांच में भाजपा की ताकत बढ़ेगी। मौके पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रभाकर लाल रावत, राजेश सिंह, रामनाथ सिंह, अखिल सिंहा, सुनील कुमार बड़गवे, संगीता सिंहा, सुनील सिंहा, भरत नारायण मेहता, अशोक मेहता, प्रेमांशु कुमार, नवलशाही मंडल उपाध्यक्ष प्रिंस सिंह, रंजन राज, सुनील मेहता, प्रकाश मेहता, कारू सिंह, त्रिलोचन मेहता, ओमप्रकाश मेहता, सुनील कुमार, सूरज कुमार, नवीन कुमार, पृथ्वी कुमार, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, विक्की सिंह, राजेश कुमार, मिथिलेश यादव, अनिल पंडित आदि मौजूद थे।

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन, प्रतिभागी हुए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** राष्ट्रीय युवा महोत्सव पर खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय, रांची के तत्वावधान में जिला प्रशासन कोडरमा और राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से ग्रिजली कॉलेज में जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला खेल पदाधिकारी, कोडरमा तुषार राय के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतिभागियों ने सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, कविता लेखन, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर भारतीय संस्कृति, कला और युवा ऊर्जा को जीवंत रूप प्रदान किया। शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय, एनएसएस जिला नोडल पदाधिकारी सौरभ शर्मा और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर और मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान अतिथियों और निर्णायक मंडल के सदस्यों को पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि तुषार राय ने कहा कि युवा महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को ऐसा सशक्त मंच प्रदान करना है, जिससे वे अपनी अंतर्निहित प्रतिभा, कला और रचनात्मक क्षमता को विकसित कर सकें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। सामूहिक लोक गीत में ज्योति और ग्रुप, सामूहिक लोक नृत्य में प्रथम ग्रिजली कॉलेज ग्रुप, द्वितीय बी.आर. इंटरनेशनल स्कूल, कविता लेखन में प्रथम रोहित कुमार रोशन, द्वितीय दीप्ति कुमारी, तृतीय ललिता कुमारी, चित्रकला में प्रथम रवि प्रसाद, द्वितीय अंजली कुमारी, तृतीय सूरज कुमार, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम संतोषी कुमारी, द्वितीय पारुल कुमारी, तृतीय रवि राज रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को जिला प्रशासन, कोडरमा द्वारा प्रमाण पत्र, उपहार और मंडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. मनीष कुमार पासवान, मनीष कुमार सिंह, खुशबू कुमारी सिन्हा, मनीष कुमार सिन्हा, सीताराम यादव, दीप्तिमा मिश्रा और मनोज कुमार पाण्डेय शामिल थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय सचिव अविनाश सेठ, उप-निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, मुख्य परिचालन अधिकारी तनिष्क सेठ, समाजसेवी संजय अग्रवाल, सभी प्रशिक्षु, सहायक प्राध्यापक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, जिला प्रशासन के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संजीत कुमार ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस जिला नोडल पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने किया।

# कुएं में डूबने से युवक की मौत, ग्रामीणों में हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता



**दारू /हजारीबाग।** दारू थाना क्षेत्र के जोनिहिया गांव में गुरुवार की रात एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय युवक की कुएं में डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान गुलाब, पिता विनोद प्रसाद के रूप में हुई है। गुलाब मूल रूप से ग्राम जिनगा का रहने वाला था, लेकिन वर्तमान में रामदेव खरिका में रह रहा था। वह अपने परिवार का इकलौता बेटा था, जिसकी मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुलाब शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे तक दुकान में था। इसके बाद वह कैसे जोनिहिया स्थित कुएं के पास पहुंचा, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने जब कुएं के बॉडरी पर युवक की चप्पल, मोबाइल फोन और गाड़ी की चाबी देखी तो आसपास खोजबीन करने लगे। उसके बाद पास के कुएं में झगर और बाल्टी डालकर पानी को हिलोरा गया। लगभग एक घंटे बाद युवक की शव झगर में फसा उसके बाद उसे बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही दारू थाना पुलिस मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों और पुलिस के संयुक्त प्रयास से युवक को कुएं से बाहर निकाला गया। इसके बाद दारू पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए अपने वाहन से युवक को तत्काल शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि घटना के समय मृतक की मां लगातार अपने बेटे को फोन कर रही थीं। इसी दौरान उसका फोन उसके दोस्त ने उठाया, जिससे मां को अपने बेटे के कुएं में डूबने की जानकारी मिली। यह खबर सुनते ही मां और दादी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घर में मातम पसरा हुआ है और आसपास के क्षेत्र का माहौल गमगीन हो गया।

## मोकतमा के शिवम बने लेफ्टिनेंट



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के इचाक प्रखंड अंतर्गत मोकतमा गांव के युवक शिवम कुमार ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 13 दिसंबर को आयोजित पासिंग आउट परेड में शिवम कुमार ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूरा कर सेना की वर्दी पहनी। उनकी इस उपलब्धि को मोकतमा सहित पूरे हजारीबाग जिले के लिए गर्व का क्षण बताया जा रहा है। शिवम कुमार के पिता अजीत कुमार सिंह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार हैं। परिवार में देश सेवा की परंपरा पहले से रही है। उनके दादा सत्यनारायण सिंह पूर्व सांसद प्रतिनिधि रह चुके हैं, जबकि चाचा अजय कुमार सिंह सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। सैन्य पृष्ठभूमि और अनुशासित माहौल का प्रभाव शिवम के व्यक्तित्व में शुरू से ही दिखायी देता रहा है। शिवम कुमार ने प्रारंभिक शिक्षा एंजल हाई स्कूल, जेवियर से प्राप्त की। इसके बाद प्लस टू की पढ़ाई हजारीबाग के जेवियर स्कूल से पूरी की और स्नातक की शिक्षा दिल्ली कालेज से हासिल की। पढ़ाई के दौरान ही उनके भीतर देश सेवा का जज्बा प्रबल होता गया और उन्होंने भारतीय सेना में अधिकारी बनने का लक्ष्य तय कर लिया।

## प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मडमो पंचायत स्थित डुमरिया टांड निवासी वंशीलाल मरांडी पिता किसुन मरांडी उम्र 27वर्ष का पुणे के सतारा में बेल्डिंग लाइन में काम करता था। जो दिनांक 6 .12 .2025 को काम पर जाने के क्रम में सतारा के नेशलाल हाइवे निसारल फटानंद गांव में सडक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद आनन फानन में ठीकेदार ने इलाज के लिए सतारा के सवंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने वहां से रेफर कर दिया। जिसके बाद मुंबई के केम स्पताल में भर्ती कराया गया, इलाज के दौरान दिनांक 17,12,2025 को मृत्यु हो गया। बंसीलाल मरांडी शादीसुदा है जो अभी दो बच्चे परिवार मां पिता को छोड़ गये। आज सुबह 8बजे पार्थिक शरीर निवास स्थान डुमरिया टांड लाया गया। जिसकी सुचना पाकर स्थानीय पंचायत समिति सदस्य बहराम हांसदा मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा पहुचे और दुखित परिवार की ढांढस बंधाया। मौके पर विजय, रवि, बहराम मरांडी, उमेश मिर्धा, प्रमिल मरांडी के साथ सेकड़ों लोग थे।

## झामुमो जिलाध्यक्ष ने बांटे कंबल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झामुमो जिला समिति के तत्वाधान में शुक्रवार की सुबह कपकपाती ठंड को देखते हुए जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय के चंदवारा स्थित आवासीय कार्यालय में जरूरतमंद लोगो के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि पार्टी जिला समिति द्वारा अत्यधिक शीतलहर को देखते हुए बहुत ही जल्द जिले के विभिन्न प्रखंड में कंबल का वितरण आमजनों के बीच किया जायेगा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा गरीबों के लिए महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतार कर एक-एक घर के दरवाजे पर पहुंचाने का काम किया जा रहा है। कंबल वितरण कार्यक्रम अभियान चलाकर पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता आम जनता के बीच में ठंड का जायजा लेते हुए सभी पंचायत में कंबल वितरण करने का निर्णय लिया गया है। इससे आम जनता को ठंड से राहत मिलेगी। कंबल वितरण के दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर आस्था जताते हुए उन्हें बधाई दी।

## देवसंस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार की छात्राओं का कोडरमा में हुआ स्वागत




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में देवसंस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार से सामाजिक परिवीक्षा (इंटर्नशिप) में प्रवास कर रही तीन छात्राओं सुप्रिया, दुर्गेश नंदिनी, आयुषी शर्मा का शुक्रवार को कोडरमा आगमन हुआ। जिले के शासकीय और निजी विद्यालयों के साथ सार्वजनिक स्थान के साथ कई महत्वपूर्ण कार्यालय में परिवीक्षा कार्य 12 जनवरी तक संपन्न किया जायेगा। बच्चों द्वारा व्यसन मुक्ति, नारी जागरण, तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, जीवन प्रबंधन, योग, मुद्रा, यज्ञ, संगीत, दीप यज्ञ, संस्कार, साइबर सिक्योरिटी, एक्यूप्रेशर, खेल के माध्यम से बौद्धिक विकास, बाल संस्कार शाला, गुरुदेव के सप्त आंदोलन, महापुरुषों के जीवन से सीखने योग्य बातें, दैनिक जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण और कई जीवन उपयोगी जानकारी दी जायेगी। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय नईटांड़ में बच्चों के बीच कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया जिसमें बौद्धिक विकास के लिए, संस्कार के बारे में, स्मरण शक्ति बढ़ाने से संबंधित चर्चा हुई। प्रश्नोत्तर में सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को सफल जीवन की दिशा धारा, अधिकतम अंक कैसे लाएं, बुद्धि बढ़ाने की वैज्ञानिक कला, नशा के दुष्परिणाम, हारिए न हिम्मत आदि पुस्तकों से पुरस्कृत किया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक शिव कुमार वर्णवाल, सहयोगी सुनीता वर्णवाल, उत्क्रमित उच्च विद्यालय नईटांड़ जयनगर के प्राचार्य भोला साव, बासुदेव राम, प्रदीप कुमार, सुखदेव राम, सुनील साव, नारायण पासवान, सुनीता देवी, सरिता कुमारी, महेश यादव की कार्यक्रम में भागीदारी हुई।

## बच्चों को थाना से संबंधित दी गयी जानकारी



**डोमचाच (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में भारतीय जन उत्थान परिषद डोमचांच के द्वारा ढाब और धरगांव के स्कूली बच्चों को भ्रमण कराया गया। इन्हें डोमचांच थाना परिसर में पुलिस की भूमिका, अपराध, बच्चों से जुड़े सामान्य अपराध से कैसे बचे हैं, इंटरनेट और मोबाइल का सुरक्षित उपयोग, पुलिस और जनता का रिश्ता, ट्रैफिक नियमों का पालन करना, 112,1930,1098 पर कॉल करना, गुड टच और बेड टच के बारे में थाना प्रभारी अभिमन्यु पड़ीहारि ने जानकारी दी। बच्चों को आज के मोबाइल पर आने वाले मेसेज और कार्यों की जानकारी दिया गया। मौके पर प्रतीक टोपनो, कपिलदेव मेहता, सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

## जिला यक्ष्मा पदाधिकारी की टीम ने नवनिर्मित प्री फैब्रिकेटेड अस्पताल का किया निरीक्षण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड परिसर में नवनिर्मित 100 बैंड वाला प्री फैब्रिकेटेड अस्पताल का स्वास्थ्य विभाग के द्वारा हैंडओवर नहीं किया गया है। मालूम की 11 दिसंबर को उपयुक्त रामगढ़ के द्वारा निरीक्षण के दौरान पतरातू स्वास्थ्य केंद्र को नवनिर्मित प्री फैब्रिकेटेड अस्पताल में शिफ्ट करने का आदेश दिया गया था। इसको लेकर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान यक्ष्मा पदाधिकारी के टीम द्वारा जिले से मिले जो सूची उन्हें मिली थी, उसका मिलान किया, और जो कमी थी उसे पूरा करने का निर्देश एजेंसी को दी गयी। इस बारे में डॉ स्वराज ने बताया कि पतरातू में स्वास्थ्य विभाग को भवन सहित कई परेशानियों का सामना लम्बे समय से कर रही है। प्री फैब्रिकेटेड अस्पताल के बन जाने से अब एक सौ बेड का अस्पताल में सीएचसी को चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हैंड ओवर ले लिया जायेगा। बाकी बचे काम को एजेंसी द्वारा पूरा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि शनिवार से ओपीडी का कार्य नये अस्पताल भवन में शुरू कर दिया जायेगा। और जल्द ही पूरी सीएचसी यहां शिफ्ट कर जाएगी। मौके पर पतरातू के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धीरेन्द्र, डीपीएम प्रदीप कुमार सिंह, रीजनल आईसी कोऑर्डिनेटर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल सुनील कुमार मधुकर बीपीएम मनीष कुमार, हेड क्लर्क अमरनाथ राम, सुधा रानी, रिंकी देवी, रेखा कुमारी सहित अन्य स्वास्थकर्मी उपस्थित थे।

## आलोक फैक्ट्री ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आलोक स्टील्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, बूढ़ाखाप ( करमा) ने सीएसआर के तहत स्व रामचंद्र रुंगटा की याद में पैकी और बुढ़ाखाप गांव में पांच सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर प्रबंधन ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी बढ़ते ठंड को देखते हुए लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। लोगो की सेवा हमेशा जारी रहेगा। वही, कंबल पाकर गांव वालों ने खुशी जाहिर की। साथ ही, फैक्ट्री प्रबंधन का आभार जताया। मौके पर वार्ड पार्षद चिंतामन महतो, हेमहतो, सुरेंद्र और कंपनी प्रतिनिधि सोमेन पांडेय, संदीप पांडेय शामिल रहे।

## चार डीजे सेट चुराने वाले तीन चोर गिरफ्तार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले के गोला थाना क्षेत्र में एक घर में सेंधमारी कर चार डीजे सेट चुराने वाले तीन चोर गिरफ्तार कर लिए गए हैं। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि 7 दिसंबर को बारुघुटु निवासी नागेन्द्र महतो के घर में चोरी हुई थी। मामले के उद्भेदन के लिए पुलिस की टीम छापेमारी कर रही थी। इस दौरान शुक्रवार को तकनीकी साक्ष्य के आधार पर कांड का उद्भेदन करते हुए दो व्यक्ति एवं एक विधि विवादित किशोर को पकड़ा गया है। गिरफ्तार चोरों में रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के पुंदाग निवासी मंटू महतो, बारुघुटु निवासी कलाम अंसारी उर्फ सुगुआ और एक नाबालिग युवक शामिल है। घटना के संदर्भ में पूछताछ करने पर उक्त काण्ड में संलिप्त होने की बात सभी ने स्वीकार की है। उनके निशानदेही पर कांड में चोरी 04 डीजे सेट एवं घटना में प्रयुक्त सबल को बरामद किया गया है।

## खान सुरक्षा सप्ताह के पश्चात प्रबंधन ने डीएवी के बच्चों को किया सम्मानित



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र अंतर्गत उरीमारी बिरसा परियोजना में सीसीएल के तरफ से 68 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह पारगड़हा स्थित ग्राउंड में मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीसीएल के कर्मियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें विभिन्न सुरक्षा उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान एसएस डीएवी स्कूल, सयाल रामगढ़ के विद्यार्थियों द्वारा दमदार सेफ्टी नाटक, नागपुरी नृत्य, कथक नृत्य सहित कई आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी। उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। बच्चों ने अपने अभिनय और नृत्य के माध्यम से सुरक्षा का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में श्रेयांश कुमार, पीयूष कुमार, अंकित कुमार, आरुष कुमार, सनम मरांडी, शिवम कुमार, रुद्र कुमार, शौर्य कुमार, अंशुल्या सिंह, आयन रजा, तुलिका, कल्याणी कुमारी, गजाला फिरदौस, प्रगति कुमारी, आशा कुमारी, शबनम मुर्मू, हनी कुमारी, गुंजन कुमारी, अलशिफा नाज, नैन्सी कुमारी, अनुश्री कुमारी और अरीबा फातिमा मुख्य रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों का भी सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के प्रबंधक अब्दुल माजिद, प्राचार्या नीलम कुमारी व सभी शिक्षक आसीफ हुसैन, कल्याणी रॉय, अमान अख्तर, रीना कुमारी, ललिता एक्का, इमरान आलम, साधना कुमारी, नाज़िया परवीन, सरिता कुमारी, अब्बास अंसारी, निशी सिंह मौजूद थे।

## तार की चपेट में आने से हाइवा धू-धूकर जला



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** शिवपुर रेलवे साइडिंग स्थित कोल डंपिंग यार्ड में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक हाइवा संख्या WB 57 D 3357 में आग लग गयी। आग इतनी भीषण थी कि वाहन पूरी तरह धू–धूकर जल उठा। हालांकि चालक ने समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोल डंप करने के बाद चालक हाइवा का डाला उठाकर आगे बढ़ रहा था। इसी दौरान वाहन ऊपर से गुजर रही ओवरहेड हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे तुरंत आग लग गयी। घटना की सूचना मिलते ही एनटीपीसी की सीआइएसएफ यूनिट का अग्निशामक दस्ता मौके पर पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक वाहन का बड़ा हिस्सा जल चुका था। सूत्रों के अनुसार, इससे पहले भी इसी स्थान पर हाईटेंशन तार की चपेट में आने से कोल वाहनों में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सीआइएसएफ के प्रधान आरक्षक संजीव सुमन ने बताया कि अग्निशामक दस्ते के पहुंचने से पहले ही वाहन का अधिकांश हिस्सा जल चुका था। अग्निशमन दल में एएसआइ विनोद कुमार, रामकृष्ण यादव, निक्की धीमन, विकास कुमार, आरके यादव समेत अन्य जवान मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में चालक की मौत, दो घायल

### ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क की जाम, जमकर काटा बवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला समाहरणालय मोड़ के समीप शुक्रवार को सड़क हादसे में वृद्ध रिश्तेदार का इलाज कराने जा रहे बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं बाइक पर सवार वृद्ध व्यक्ति सहित एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनका प्राथमिक उपचार सदर अस्पताल में किया गया। वहीं वृद्ध व्यक्ति की स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने रिम्स रेफर कर दिया। मृतक की पहचान मुरुबंदा चितरपुर निवासी 18 वर्षीय थालदेव महतो पिता स्व चुटेश्वर महतो के रूप में की गयी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया।

**ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क किया जाम, जमकर काटा बवाल :** मुआवजा की मांग को लेकर दर्जनों महिला-पुरुष ग्रामीणों ने घटना का विरोध जताते हुए पुलिस की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम हाउस से बाहर निकाला। वहीं शव को जिला समाहरणालय मोड़ के पास रखकर रामगढ़-बोकारो मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का कहना था कि जबतक परिजनों को उचित मुआवजा व नौकरी नहीं दिया जायेगा। शव का पोस्टर्माटम नहीं होने देंगे। साथ ही सड़क जाम भी रहेगा। दो घंटे तक सड़क जाम रहने के बावजूद समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों से वार्ता के लिए कोई भी प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा पहल नहीं किया गया था। यातायात व्यवस्था पूरी तरह बाधित था।

## झगड़े में पत्नी ने किया कुल्हाड़ी से वार, हुई मौत

रामगढ़। पति-पत्नी के बीच झगड़ा होना आम बात है। लेकिन झगड़े के दौरान हत्या जैसा संगीन अपराध ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। रामगढ़ जिले के बासल थाना क्षेत्र अंतर्गत लेम गांव के महली टोला में शुक्रवार को एक सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना हुई। घरेलू विवाद के दौरान एक पत्नी ने अपने पति को कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी जब्त कर ली गई है। मृतक अशोक उरांव शराब नशे में चूर हो कर अपनी पत्नी किरण उरांव के साथ लगातार मारपीट करता था। प्रताड़ना से परेशान होकर किरण अक्सर अपने मायके पिठोरिया थाना क्षेत्र के दुबलिया गांव में रहने चली जाती थी। घटना के दिन भी अशोक उरांव शराब के नशे में था। आरोप है कि उसने अपनी पत्नी पर पत्थर और हथौड़ी से हमला करने की कोशिश की। खुद को बचाने के प्रयास में किरण की नजर पास रखी कुल्हाड़ी पर पड़ी। जिसके बाद उसने पति पर वार कर दिया। कुल्हाड़ी लगते ही अशोक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद किरण ने गुस्से और डर में आकर उस पर कई बार और वार कर दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बासल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया है।

# विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

### मैदान पर हार-जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण खिलाड़ियों का अनुशासन और उनका संघर्ष है : विजयंत कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुरकुंडा।** ए ला एंगलाइज विद्यालय की दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को हुरूमगढ़ा कूप ग्राउंड में हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल प्रतिभा, अनुशासन और संघर्ष का परिचय दिया। रंग-बिरंगे झंडों, बैंड की धुन और खिलाड़ियों के जोश से पूरा मैदान उत्साह से भर उठा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जवाहर नगर पंचायत की मुखिया फूलमती देवी और विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयंत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण और मशाल प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। खिलाड़ियों ने खेल भावना और नियमों के पालन की शपथ ली, वहीं विद्यालय के हेड बॉय और हेड गर्ल ने खेल मशाल लेकर पूरे मैदान का भ्रमण किया। पहले दिन विभिन्न स्पर्धाओं में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इसमें ट्रैक इवेंट्स में 1500, 400, 200 व 100 मीटर बाधा दौड़ और 100 मीटर रिले में कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई। बुद्ध सदन के प्रीत कुमार ने अंतिम क्षणों में शानदार फुर्ती दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फील्ड इवेंट्स में शॉट पुट और जैवलिन थ्रो में खिलाड़ियों की शक्ति और तकनीक का बेहतरीन तालमेल देखने को मिला। जूनियर वर्ग में सैक रेस (बोरा दौड़) और लेमन रेस ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मौके पर प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि मैदान पर हार-जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण खिलाड़ियों का अनुशासन और उनका संघर्ष है। विद्यालय के प्रशासक संजय कुमार ने कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं होते, बल्कि टीम वर्क और निरंतर प्रयास की सीख देते हैं। मुखिया फूलमती देवी ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, असली खिलाड़ी वही है जो कभी हार नहीं मानता। विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षक कंचन सोनी और कंचन दास ने बताया कि खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए शनिवार को होने वाले फाइनल मुकाबले और भी रोमांचक होंगे। प्रतियोगिता का दूसरा व अंतिम दिन विद्यालय परिसर में आयोजित होगा, जिसमें मुख्य अतिथि सीसीएल बरका-सयाल के जीएम अजय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि प्रोजेक्ट ऑफिसर कुमार राकेश सत्यार्थी उपस्थित रहेंगे।

### कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, प्रशासक संजय कुमार, धर्मेश सोनी, जय किशोर प्रसाद महतो, सूरजदेव सिंह, सिद्धार्थ कुमार, अनुराग मद्धेशिया, गौरव कुमार साहू, कृष्णा अम्बष्टा, सुजय कुमार, अजीत शर्मा, अजीत सिंहा, वैभव कुमार, मिथलेश बेदिया, ट्विंकल पॉल, सपना मिंज, सरिता कुमारी, शबाना खातून, सुमन खलखो, नीतू सिंह, रितिका गुप्ता, गीता प्रसाद, रुचि सिंह, सीमा हेंब्रम, ललिता कुमारी, काजल बनर्जी, सोनी कुमारी, बबीता कुमारी, शीला देवी, वर्षा टेटे सहित छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

# इनरव्हील क्लब ने स्थापित किया दिशासूचक साइनज

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के तत्वावधान में शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक सुभाष चौक पर शुक्रवार को चारों दिशाओं में स्पष्ट रूप से दिखायी देने वाला दिशासूचक साइनज स्थापित किया गया। यह चौराहा नगर का प्रमुख चार-मार्गीय जंक्शन है। जहां से प्रतिदिन हजारों वाहन और राहगीर गुजरते हैं। इस रणनीतिक स्थान पर लगाये गये इस दिशासूचक साइनज में उच्च गुणवत्ता की रैडियम शीट (रिफ्लेक्टिव मैटेरियल) का उपयोग किया गया है, जिससे यह दिशासूचक रात्रि के समय और कम रोशनी में भी दूर से स्पष्ट रूप से दिखायी देता है। इससे यात्रियों और आम नागरिकों को सही दिशा संबंधी जानकारी सहज रूप से प्राप्त होगी और शहर में आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम बनेगा। चारों ओर से स्पष्ट रूप से दिखायी देने वाला यह दिशासूचक न केवल जनसुविधा को बढ़ावा देता है, बल्कि इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ की पहचान को भी और अधिक सशक्त करता है। यह पहल क्लब की सामाजिक सहभागिता और जनहितकारी प्रयासों को व्यापक जनसमूह तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी। इस पहल के माध्यम से इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ ने एक बार फिर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्या है। क्लब का उद्देश्य भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी और उपयोगी कार्यों के माध्यम से नगर के विकास में सक्रिय योगदान देना है। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष नमिता श्राफ, जनेशा वडेरा, निधि चौधरी, नीरू साहनी, रंजू अग्रवाल, अनुराधा श्राफ, राजिंदर बुड़वाल, दीपा वडेरा, मनबीर कौर, श्वेता जैन, जसबिंदर होरा, पिंकी बंसल, हरमीत कौर मधु अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# हाथी ने युवक को कुचला, मौत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू।** जंगली हाथियों के तांडव में कोयला चुनने जा रहे एक व्यक्ति की जान चली गयी। वहीं, हाथियों के झुंड ने कई किसानों के खेतों में लगे फसल को भी बर्बाद कर रहे हैं। घटना शुक्रवार की अहले सुबह चार बजे की है। जहां करमा कोलियरी से सटे कैंटीन के पीछे जलावन का कोयला चुनने जा रहे सुगिया निवासी 40 वर्षीय लोकनाथ मुंडा पिता स्व जगदीश मुंडा हाथी की चपेट में आ गया। इसके बाद हाथियों ने पटक-पटक कर उसकी जान ले ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचकर वन विभाग से मुआवजा राशि की मांग करने लगे और शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। सूचना बाद में वन विभाग के आदेश पर वनरक्षी नीतेश मुंडा द्वारा करमा दक्षिणी पंचायत के मुखिया खगेश्वर महतो, झामुमो नेता मोहरलाल महतो समेत अन्य लोगों की मौजूदगी में मृतक के परिजन को 25 हजार रुपये का चेक दिया गया। साथ ही, सरकारी प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात 3 लाख 75 हजार मुआवजा राशि देने के आश्वासन के बाद लोगों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जाने दिया। इधर, बोंगाबार क्षेत्र से निकलने के दौरान हाथियों के झुंड ने दिगवार, पोचरा, सुगीया समेत अन्य स्थानों पर काफी उत्पात मचाया। इस दौरान किसानों के घर, फसल अनाज आदि को बर्बाद कर दिया। जिसमें ललिताडाही के रामेश्वर महतो, राजेंद्र यादव, ननकु यादव, नागेश्वर कुशवाहा, द्वारिका महतो, लालधारी महतो आदि किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। सभी किसानों ने वन विभाग से हाथियों को भगाने के साथ मुआवजे की मांग की है।

**हाथियों ने अबतक पांच लोगों की गयी जान :** लगातार तीन दिनों से क्षेत्र में हाथियों ने जमकर तांडव मचाया है। जिसमें हाथियों के आतंक में अबतक पांच लोगों की जान जा चुकी है। जहां 16 दिसंबर की दोपहर रील बनाने के दौरान एक हाथी ने सीसीएल कर्मी अमित कुमार रजवार को पटक पटक कर मार दिया था। वहीं, रात्रि में आरा सिमरनाला के पास महिला पार्वती देवी और सावित्री देवी सहित बाइक से जा रहे पोकलेन चालक अमूल कुमार महतो हाथियों के चपेट में आने के बाद अपनी जान गवां चुके हैं। इसके बाद 19 दिसंबर की सुबह सुगिया में लोकनाथ मुंडा हाथियों के चपेट में आने के बाद अपनी जान गंवा चुके हैं।

### जिला प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

रामगढ़। जिले के जंगलों में हाथी तांडव मचा रहे हैं। हाथियों का एक बड़ा समूह विभाजित हो गया है। इसके बाद वे लगातार रिहायशी इलाकों में घुस रहे हैं। शुक्रवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने हाथियों को लेकर हाई अलर्ट जारी किया है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ प्रमंडल अंतर्गत जंगली हाथियों के एक बड़ा झुंड कई उप-समूहों में विभाजित होकर विभिन्न क्षेत्रों में विचरण कर रहा है। सिरका क्षेत्र में 7 हाथी, सुगिया क्षेत्र में 4 हाथी, तोपा क्षेत्र में 4 हाथी, उखरबेड़ा क्षेत्र में 11 हाथी, छत्तरमांडू क्षेत्र में 3 हाथी, गोबरधहा क्षेत्र में 1 हाथी घुमता हुआ नजर आ रहा है। इसके अतिरिक्त कुछ हाथियों का झुंड बोकारो जिला की ओर प्रस्थान कर गया है। जंगली हाथियों की गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। आम नागरिकों से अपील की जाती है कि वे पूरी तरह सतर्क रहें और हाथियों के संभावित मार्गों और वन क्षेत्रों के आसपास अनावश्यक आवागमन से बचें। डीसी ने बताया कि विशेष रूप से शिक्षा विभाग को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। ताकि विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय स्तर पर एहतियाती कदम उठाये जायें।

## दो बोलेरो के साथ दो चोर गिरफ्तार



**चतरा (आजाद सिपाही)।** पत्थलगड्डा थाना की पुलिस ने चोरी की गयी दो बोलेरो और दो वाहन चोर को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि जिले के पत्थलगड़ा थाना से 11 दिसंबर को जे एच18 ई/ 6995 नंबर की सफेद बोलेरो वाहन की चोरी की जानकारी के आधार पर पत्थलगड्डा थाना कांड संख्या 60/2025 दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर को पत्थलगड्डा थाना की रात्रि पुलिस गश्ती टीम द्वारा थाना क्षेत्र के जगरनाथी के समीप एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले कन्हाई जायसवाल के पुत्र रंजीत जायसवाल को जे एच18 ई/ 6995 नंबर की सफेद बोलेरो वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके निशानदेही पर हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र के चट्टी पेटो गांव निवासी टेका साव का पुत्र विकास कुमार को जेएच 01बीएच / 2082 नंबर की एक अन्य बोलेरो वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा इन चोरों के पास से वाहन चोरों के पास से एल सेप का लोहे का ढांचा भी बरामद किया गया। जो गाड़ी को स्टार्ट करने के काम में लाया जाता था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वाहन चोर रंजीत जायसवाल के खिलाफ पलामू जिले के अनेक थानों में और विकास कुमार के खिलाफ हजारीबाग जिले के केरेडारी और टंडवा थाना में अनेक अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम कुमार खंडेलवाल पत्थलगड्डा थाना प्रभारी राकेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, तकनीकी सेल के आरक्षी धनेश्वर रविदास के अलावा पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित डीएमएफटी हॉल में शुक्रवार को जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद और युवकार्य विभाग, झारखंड सरकार, रांची के तत्वावधान में आयोजित की गयी। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए युवक–युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाषण, सामूहिक लोक गीत, सामूहिक लोक नृत्य, कविता लेखन और चित्रकला—कुल पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में ज्योति तिर्की ने प्रथम, एमडी मासूम ने द्वितीय औश्र राजनंदिनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक लोक गीत प्रतियोगिता में शिवानी एंड ग्रुप प्रथम, नेहा एंड ग्रुप द्वितीय और अनिशा एंड ग्रुप तृतीय स्थान पर रहे। सामूहिक लोक नृत्य प्रतियोगिता में नेहा एंड ग्रुप को प्रथम, खुशबू एंड ग्रुप को द्वितीय तथा सिमरन साह एंड ग्रुप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कविता लेखन प्रतियोगिता में साक्षी कुमारी प्रथम, अभिज्ञान गुप्ता द्वितीय और नंदिनी कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में रोहित कुमार ने प्रथम, दीपक कुमार केशरी ने द्वितीय और सोनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी श्री कैलाश राम, एनएसएस पदाधिकारी, नेहरू युवा केंद्र के कर्मी और जिला खेल कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए जिले के 15 शिक्षक निर्णायक के रूप में शामिल हुए। बताया गया कि सभी पांच प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी आगामी 22 दिसंबर 2025 को हजारीबाग में आयोजित प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में चतरा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## हेडूम में धान अधिप्राप्ति केंद्रों का उद्घाटन



**लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)।** किसानों को उनकी उपज का उचित और वास्तविक मूल्य दिलाने के उद्देश्य से झारखंड सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयास लगातार धरातल पर उतरते दिख रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को लावालौंग प्रखंड अंतर्गत हेडूम पंचायत में पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समिति) के माध्यम से धान अधिप्राप्ति केंद्रों का विधिवत शुभारंभ किया गया। हेडूम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्वी पंचायत समिति सदस्य प्रदीप तुरी, प्रतिनियुक्त जन सेवक संदीप कुमार, विजय यादव, पंकज यादव, हुलास खिरोधर, धीरंजन यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने फीता काटकर धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया। वहीं दूसरे केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष छठू सिंह भोक्ता, उप प्रमुख महमूद खान और मुखिया संतोष राम द्वारा नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष धर्मदेव हजाम, गोपाल यादव, कृष्णा कुमार, विनोद पासवान, रिंकू यादव, अमित कुमार, बाल्मीकी यादव सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप प्रमुख महमूद खान ने किसानों से अपील की कि वे अपनी उपज सीधे धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही विक्रय करें और किसी भी प्रकार के बिचौलियों या दलालों के झांसे में आकर औने–पौने दाम पर धान न बेचें। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों के हित में बोनस सहित 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद कर रही है। साथ ही धान विक्रय की राशि 24 से 48 घंटे के भीतर सीधे किसानों के बैंक खाते में भेजने की व्यवस्था की गयी है। धान अधिप्राप्ति केंद्र के खुलने से क्षेत्र के किसानों में खासा उत्साह देखने को मिला। किसानों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य मिलेगा और बिचौलियों के शोषण से मुक्ति मिलेगी।

## महादेव मठ में विकास कार्यों को लेकर सर्वे

**कुंदा /चतरा(आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को कुंदा प्रखंड अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध महादेव मठ मंदिर परिसर में विकास कार्यों और आधारभूत सुविधाओं के आकलन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत सिन्हा के नेतृत्व में स्थल निरीक्षण व सर्वे किया गया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निरस्तीकरण**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर द्वारा पूर्व–प्रकाशित ई–निविदा सूचना संख्या एसटी–सीकेपी–ओटी–25–26–93, दिनांक 08.12.2025 को **निरस्त** माना जाएगा।

(PR-978/C)



**शपथ–पत्र**

शपथ पत्र कमांक संख्या 524 दिनांक : 15.12.2025 मैं छठु यादव, पिता नथन यादव, उम्र 46 वर्ष, निवासी ग्राम होन्हे कलां, पोस्ट रंका, थाना रंका, जिला गढ़वा, राज्य झारखण्ड शपथपूर्वक निम्नांकित ब्यान करता हूं कि :-

1. यह कि **पूजा कुमारी** मेरी पुत्री है।
2. यह कि मेरी उक्त पुत्री के आधार कार्ड सं०– 4674 4194 0031 में उसका नाम पूजा कुमारी दर्ज है, जो सही एवं सत्य है।
3. यह कि UDISE PORTAL में मेरी उक्त पुत्री का नाम **अभिमान अग्रवाल** दर्ज है, जो गलत है।
4. यह कि मैं अपनी उक्त पुत्री का नाम UDISE PORTAL पर **अभिमान अग्रवाल** के स्थान पर **पूजा कुमारी** दर्ज करवाना चाहता हूँ इसी के सत्यता के प्रमाण में मैं इस शपथ पत्र का निष्पादन कर रहा हूँ जो मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है गलत पाये जाने पर समस्त जिम्मेवारी मेरी होगी।

# कितने करोड़ वोटर काटेगा एसआइआर

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआइआर) पिछली बार, 2003 में हुई थी, क्या आपको उसकी याद है? शायद ही किसी को इसकी याद हो। इसका कारण यह है कि एसआइआर पर अभी जैसी अफरा-तफरी या ध्रुवीकरण पहले कभी नहीं जुड़ा। इस बार वाली एसआइआर का पहला चरण बिहार में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले संपन्न हुआ और जनहित से जुड़े सारे मुद्दों को पीछे छोड़ वहां चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा यही बना। सुप्रीम कोर्ट और आयोग पर बने दबाव की वजह से बिहार में मतदाता सूचियों से कटने वाले नामों की तादाद समाज में इससे जुड़े भय की तुलना में काफी कम रही। लेकिन अभी, एसआइआर के दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में खारिज वोटरों का प्रतिशत काफी ज्यादा है। कुछ राज्यों से आधिकारिक आंकड़े आने बाकी हैं, लेकिन वहां भी जिलों से आ रही सूचनाएं डराने वाली हैं। कई करोड़ लोग मतदान का अधिकार खो सकते हैं। चुनाव आयोग ने चार आधारों पर लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने का फैसला किया है। ये हैं- 1. अनुपस्थित (यानी मतदाता के पते पर गये कर्मचारियों को वह नहीं मिला और उसके बारे में कोई सूचना भी नहीं मिली), 2. स्थानांतरित (यानी मतदाता के कहीं और रहने की सूचना प्राप्त हुई), 3. मृत, और 4. डुप्लीकेट (यानी एक ही व्यक्ति का नाम एकाधिक जगह दर्ज पाया गया)। ऐसे सारे नाम हटाने के बाद नयी सूची को जिले की चुनाव साइट पर सार्वजनिक किया जा रहा है। किसी को आपत्ति हो तो वह जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करके कटा नाम जुड़वा ले। एसआइआर का सबसे विवादित मामला- 'अनमैप्ड' वोटरों का किस्सा यहां से आगे शुरू हो रहा है। यानी अभी आप अपने ठिकाने पर जीती-जागती हालत में मौजूद हैं, मतदाता सूची में नाम भी पड़ गया है, लेकिन आपका या आपके किसी निकट संबंधी का अता-पता 2003 के रक्फ़में नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में आपको साबित करना होगा कि आप भारत के ही नागरिक हैं, लेकिन मूलतः कहीं और के रहने वाले हैं और वहां की मतदाता सूची से अपना नाम कटाने के बाद यहां की सूची का हिस्सा बने हैं। दरअसल, आयोग के इस उपाय से कहीं ज्यादा बड़ी समस्या दूसरे राज्यों में नौकरी करने गये लोगों को, साथ में उस मध्यवर्गीय तबके को भी हो रही है, जो एक अर्से से शहरों में रह रहा है, लेकिन उसका नाम गांव की चुनाव सूची में भी बना हुआ है। कमाल की बात है कि 'अनमैप्ड' वोटर अभी सबसे कम, सिर्फ 4% पश्चिम बंगाल में नजर आ रहे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में ऐसे वोटरों का हिस्सा 27.1% और गुजरात में 16% होने की चर्चा है। आगे, दस्तावेज दिखाने के बाद यह प्रतिशत निश्चित रूप से गिरेगा।

**कमाल की बात है कि 'अनमैप्ड' वोटर अभी सबसे कम, सिर्फ 4% पश्चिम बंगाल में नजर आ रहे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में ऐसे वोटरों का हिस्सा 27.1% और गुजरात में 16% होने की चर्चा है।**

**अभिमत आजाद सिपाही**

मैट्रिक ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स (एचडीआइ) इंसानी विकास को सही तरह से दिखाता है। यह तीन जरूरी इंडिकेटर्स को जोड़ता है, यानी हर व्यक्ति की इनकम, एजुकेशन और हेल्थ। एचडीआइ और हर व्यक्ति के फाइनल एनर्जी कंजम्पशन (एफइसी) के बीच के संबंध का इस्तेमाल करके, कोई भी यह पता लगा सकता है कि किसी खास एचडीआइ तक पहुंचने के लिए कितनी एनर्जी की जरूरत है। जी20 ग्रुप का सदस्य होने के नाते, भारत उन देशों के साथ है जिनका एचडीआइ 0.9 से ज्यादा है।

# न्यूक्लियर जेनरेशन बढ़ाने के लिए एक बड़ा टारगेट तय करना और बड़े कदम उठाना



**आरबी ग्रोवर**

इंसानों का विकास एनर्जी की खपत से जुड़ा है। 1971 में साइंटिफिक अमेरिकन में छपे एक खास पेपर में, अर्ल कुक ने पुराने जमाने से लेकर टेक्नोलॉजिकल इंसान के दौर तक हर व्यक्ति की एनर्जी की खपत में बढ़ोतरी का पता लगाया। पुराने जमाने के इंसान को सिर्फ.खाने के लिए एनर्जी की जरूरत होती थी। घर और बिजनेस के लिए एनर्जी की जरूरतें शिकार के दौर में जुड़ गयीं। जब इंसान किसान बन गये, तो इंडस्ट्री, खेती और ट्रांसपोर्टेशन से भी एनर्जी की जरूरतें बढ़ीं। खाने, घर, बिजनेस, खेती और ट्रांसपोर्टेशन के लिए एनर्जी की जरूरतें इंडस्ट्रियल और टेक्नोलॉजिकल दौर में बढ़ती रहीं। आज का जमाना डिजिटल टेक्नोलॉजी का है और इकॉनमी के डिजिटलाइजेशन के लिए और एनर्जी की जरूरत है।

मैट्रिक ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स (एचडीआइ) इंसानी विकास को सही तरह से दिखाता है। यह तीन जरूरी इंडिकेटर्स को जोड़ता है, यानी हर व्यक्ति की इनकम, एजुकेशन और हेल्थ। एचडीआइ और हर व्यक्ति के फाइनल एनर्जी कंजम्पशन (एफइसी) के बीच के संबंध का इस्तेमाल करके, कोई भी यह पता लगा सकता है कि किसी खास एचडीआइ तक पहुंचने के लिए कितनी एनर्जी की जरूरत है। जी20 ग्रुप का सदस्य होने के नाते, भारत उन देशों के साथ है जिनका एचडीआइ 0.9 से ज्यादा है। हमारे अनुमान बताते हैं कि 0.9 तक पहुंचने के लिए, और एनर्जी एफिशिएंसी और एंड यूज के इलेक्ट्रिफिकेशन में और सुधार को ध्यान में रखते हुए भारत को हर साल लगभग 24,000 टेरा-वॉट-आवर्स (डीडब्ल्यूएच) जेनरेट करने की जरूरत होगी (करंट साइंस, 2022, 122(5), 517-527)। इसका एक हिस्सा, लगभग 60 परसेंट, बिजली के तौर पर इस्तेमाल किया जायेगा और बाकी इलेक्ट्रोलाइजर में हाइड्रोजन जेनरेट करने के लिए। स्टील, फर्टिलाइजर, प्लास्टिक वगैरह के प्रोडक्शन जैसे सेक्टर को डीकार्बनाइज करने के लिए हाइड्रोजन की जरूरत होती है। जब हाइड्रोजन प्रोडक्शन के लिए दूसरे प्रोसेस बड़े पैमाने पर डेवलप किए जायेंगे, तो कम बिजली की जरूरत होगी।

**भारत को अपने एनर्जी मिक्स को डीकार्बनाइज करना होगा।**



हमारे अनुमान बताते हैं कि 0.9 तक पहुंचने के लिए, और एनर्जी एफिशिएंसी और एंड यूज के इलेक्ट्रिफिकेशन में और सुधार को ध्यान में रखते हुए भारत को हर साल लगभग 24,000 टेरा-वॉट-आवर्स (डीडब्ल्यूएच) जेनरेट करने की जरूरत होगी (करंट साइंस, 2022, 122(5), 517-527)। इसका एक हिस्सा, लगभग 60 परसेंट, बिजली के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा और बाकी इलेक्ट्रोलाइजर में हाइड्रोजन जेनरेट करने के लिए।

2023-24 में जेनरेशन लगभग 1950 टीडब्ल्यूएच था और हाल के दिनों में सीएजीआर लगभग 4.8 परसेंट रहा है। लगभग इसी लेवल पर ग्रोथ रेट बनाये रखने पर, चार से पांच दशकों में हर साल 24,000 टीडब्ल्यूएच बिजली बनाना मुमकिन होगा। हालांकि, इसमें दो मुश्किलें हैं।

पहला, भारत को अपने एनर्जी मिक्स को डीकार्बनाइज करना होगा। इसलिए, बिजली बनाने में बढ़ोतरी के साथ एंड-यूज इलेक्ट्रिफिकेशन और एनर्जी मिक्स को फिर से डिजाइन करना होगा। एफइसी में बिजली का अभी का हिस्सा लगभग 22 परसेंट है और इसे काफी बढ़ाना होगा। अभी का एनर्जी मिक्स फॉसिल फ्यूल पर बहुत ज्यादा निर्भर है और उन्हें ऐसे एनर्जी सोर्स से बदलना होगा, जो कार्बन एमिट न करें। इसका मतलब है कि भारत को हाइड्रो, न्यूक्लियर, सोलर और विंड से ज्यादा बिजली बनानी होगी। भारत में हाइड्रो और विंड की क्षमता सीमित है। भारत में आबादी बहुत ज्यादा है; इससे सोलर फोटोवोल्टिक के इस्तेमाल के लिए जमीन के बड़े हिस्से को डायवर्ट करना मुमकिन नहीं है, जबकि हाइड्रो, सोलर और विंड की पूरी क्षमता का इस्तेमाल किया जाना चाहिए, उनकी क्षमता 0.9 से ऊपर एचडीआइ पाने के लिए जरूरी एनर्जी लेवल देने के लिए काफी नहीं है। इसलिए, न्यूक्लियर जेनरेशन को बढ़ाना होगा, और जब तक ऐसा नहीं होता, भारत को फॉसिल फ्यूल का इस्तेमाल करते रहना होगा।

दूसरा, सोलर और विंड एनर्जी रुक-रुक कर मिलने वाले सोर्स हैं। फोटोवोल्टिक सेल या विंडमिल से बनी बिजली बदलती रहती है। इसलिए, बिजली की सप्लाई को डिमांड के हिसाब से मैच करने के लिए, जब यह ज्यादा हो तो इसे स्टोर करना होगा और जब जेनरेशन डिमांड से कम हो तो इसे बढ़ाना होगा। स्टोरेज महंगा है, और सोलर और विंड एनर्जी में मौसमी बदलावों को ध्यान में रखते हुए स्टोरेज देना बहुत महंगा है। कंज्यूमर्स को सस्ती बिजली देने के लिए, बिजली मिक्स में काफी बेसलोड जेनरेशन कैपेसिटी होनी चाहिए, यानी ऐसा जेनरेशन जो मौसम या दिन के समय पर निर्भर न हो। न्यूक्लियर पावर प्लांट बेस-लोड होते हैं और उन्हें डीकार्बनाइज्ड एनर्जी मिक्स का हिस्सा होना चाहिए।

इस जरूरत को समझते हुए, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी की यूनिट्स, इंडियन इंडस्ट्री के साथ मिलकर, न्यूक्लियर एनर्जी का इस्तेमाल इस तरह से करने के लिए काम कर रही हैं कि पूरी सप्लाई चेन देसी हो। सिर्फ यूरेनियम इंपोर्ट करना पड़ता है क्योंकि भारत के पास काफी यूरेनियम नहीं है। भारत ने फ्यूल बनाने, भारी पानी बनाने और प्रेशराइज्ड हेवी वॉटर रिएक्टर (PHWRs) बनाने के लिए जरूरी सभी इक्विपमेंट बनाने की टेक्नोलॉजी डेवलप की है। न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने अलग-अलग रेटिंग के PHWRs के डिजाइन और ऑपरेशन में मास्टरी हासिल कर ली है, जिनमें सबसे ज्यादा 700 एमडब्ल्यू है। 700 एमडब्ल्यू की तीन यूनिट पहले से ही काम कर रही हैं और चौथी पूरी होने वाली है। दो और कंस्ट्रक्शन के एडवांस्ड स्टेज में हैं। 2017 में, केंद्र सरकार ने दस 700 एमडब्ल्यू PHWRs बनाने की मंजूरी दी और इन यूनिट्स पर काम चल रहा है।1980 के दशक में एक रेगुलेटरी बॉडी बनायी गयी थी और इसने न्यूक्लियर पावर प्लांट्स को रेगुलेट करने की क्षमता और काबिलियत डेवलप की है। भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर ने कीमती मटीरियल रिकवर करने और न्यूक्लियर वेस्ट को हैंडल करने के लिए इस्तेमाल किये गये न्यूक्लियर फ्यूल को रीप्रोसेस करने की टेक्नोलॉजी डेवलप की है। इन कोशिशों की वजह से, न्यूक्लियर पावर जेनरेशन भारत के लिए टेक्निकली मुमकिन, सस्ता और सुरक्षित ऑप्शन है। इन सफलताओं ने केंद्र सरकार को एक टारगेट तय करने के लिए हिम्मत दी है।

**(प्रतिष्ठित परमाणु वैज्ञानिक एवं एटॉमिक एनर्जी कमीशन के सदस्य हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### केंदाडीह व बेनासोल लैम्पस में धान खरीद शुरू



**मुसाबनी (आजाद सिपाही)।** केंदाडीह लैम्पस में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन झामुमो जिला संयोजक प्रमुख बाघराय मार्डी ने प्रखंड प्रमुख रामदेव हेम्ब्रम और मुखिया दुलारी सोरेन के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। उद्घाटन समारोह में अतिथियों का स्वागत किया गया। तेरेंगा गांव के किसान शिबुराम सोरेन को केंदाडीह लैम्पस में सबसे पहले धान देने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बाघराय मार्डी ने किसानों से अपील की वे अपना धान लैम्पस में ही बेचें, जहां सरकार समर्थन मूल्य पर खरीद कर रही है और बिचौलियों से बचें। कार्यक्रम को प्रमुख रामदेव हेम्ब्रम व मुखिया दुलारी सोरेन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बेनासोल लैम्पस अध्यक्ष गौरांग माहली और धन्यवाद ज्ञापन केंदाडीह लैम्पस के सचिव जयंती ने की। मौके पर कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सीएम हेमंत सोरेन ने नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन में आने का दिया आश्वासन



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के उद्घाटन समारोह में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आने का आश्वासन मिला है। संस्थान के चेयरमैन मदन मोहन सिंह ने मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया और मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चल रही चिकित्सा और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। मदन मोहन सिंह ने बताया अस्पताल में कम लागत पर इलाज और आयुष्मान योजना के तहत गरीबों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिल रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनवरी के दूसरे सप्ताह में उद्घाटन समारोह में उपस्थित होने का आश्वासन दिया।

### राष्ट्रपति के आगमन को लेकर एनआइटी मोड़ तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आगामी 29 दिसंबर को एनआइटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने पान दुकान चौक से एनआइटी मोड़ तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान से प्रभावित दुकानदारों को भारी नुकसान सह ना पड़ा। लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल पासवान ने कहा दुकानों को हटाने से पहले कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गयी, जिससे वर्षों से दुकानदारी कर रहे लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया। उन्होंने बताया 20-25 वर्षों से दुकानदार इसी माध्यम से जीवन यापन कर रहे थे। ठंड के मौसम में दुकान हटने से स्थिति और गंभीर हो गयी है। अनिल पासवान ने प्रशासन से प्रभावित दुकानदारों के लिए शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा नगर निगम द्वारा वेंडिंग जोन का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक दुकानदारों को इसकी सुविधा नहीं मिल पायी।

# महाबीर मंदिर चोरी कांड का 24 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कदमा थाना क्षेत्र के फार्म एरिया स्थित श्रीश्री महाबीर मंदिर में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कदमा निवासी हरिजन बस्ती निवासी रोहित मुखी उर्फ कुणाल मुखी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के पास से मंदिर से चोरी किया गया सामान बरामद किया। जिसमें तीन ढोलक, एक स्टील तासा, तीन लोहे की तलवार, एक कैरम बोर्ड और एक डंका शामिल हैं। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। छापेमारी दल में कदमा थाना प्रभारी प्रवेश चंद्र सिन्हा, एसआई रंजन कुमार रवि, एसआई मंटू कुमार, एएसआई गंदिरा उरांव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### रेलवे संपत्ति चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**मनोहरपुर(आजाद सिपाही)।** आरपीएफ पोस्ट मनोहरपुर की टीम ने गश्ती के दौरान रेलवे संपत्ति चोरी करते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बुरूहुंडरू, गोइलकेरा निवासी पंकज तिग्गा के रूप में हुई। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार आरोपी रेलवे क्षेत्र से लोहे की चोरी करते पकड़ा गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे रेलवे न्यायालय चक्रधरपुर में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरपीएफ मनोहरपुर थाना प्रभारी आरके पांडे ने बताया रेलवे संपत्ति की सुरक्षा को लेकर अभियान लगातार जारी है और चोरी की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## सरायकेला में खाद्य सुरक्षा टीम ने की छापेमारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** डीसी नितीश कुमार सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को टोबैको कंट्रोल और खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी की संयुक्त टीम ने एनआइटी आदित्यपुर के आसपास बाजार क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान कोटपा अधिनियम, 2003 और झारखंड संशोधन अधिनियम, 2021 के अनुपालन को लेकर 25 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जांच में तंबाकू उत्पादों की बिक्री करते पाये जाने पर 4 प्रतिष्ठानों से धारा 6(क) व 6(ख) के तहत जुर्माना वसूला गया और चेतावनी साइनेज लगाने का निर्देश दिया गया। टीम ने स्पष्ट किया शैक्षणिक, स्वास्थ्य व सरकारी संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू की बिक्री व उपयोग प्रतिबंधित है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन ने खाद्य प्रतिष्ठानों को फूड लाइसेंस लेने, स्वच्छता बनाए रखने व गैर-धूम्रपान क्षेत्र का साइनेज लगाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया गया। अभियान में आरआइटी थाना के पुलिसकर्मी और अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।



## हर हर महादेव सेवा संघ ने बांटे कंबल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कड़ाके की ठंड के बीच मानव सेवा के संकल्प के साथ हर हर महादेव सेवा संघ द्वारा कंबल सेवा अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में टिनप्लेट, इवनिंग क्लब, नामदा बस्ती, कालू बगान, नानक नगर हरिजन बस्ती, केबुल टाउन सहित अन्य क्षेत्रों में संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में जरूरतमंदों और बुजुर्गों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कड़ाके की ठंड में जब जीवन की कठिनाइयां और बढ़ जाती हैं, ऐसे समय में जरूरतमंदों और बुजुर्गों की सेवा करना केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची साधना है। इस सेवा यज्ञ को सफल बनाने में संघ परिवार से जूगुन पांडे, शेखर मुखी, देवाशीष झा, मनोज हलदर स्थानीय कमेटी से चंदना रानी, आभा वर्मा, पप्पी शर्मा, गौरी कुमारी, स्नेहलता, सीमा, शिबू मुखी, रिंकू मुखी, सूरज मुखी, भगत मुखी, राज मुखी, अर्जुन मुखी, नंदलाल मुखी, देवेंश मुखी और अन्य का योगदान रहा।



### गीतिलबेड़ा नदी किनारे मिला महिला का शव

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** चांडिल थाना क्षेत्र के गीतिलबेड़ा नदी किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की उम्र करीब 45 वर्ष बतायी जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में महिला की मौत नदी में डूबने से होने की आशंका जतायी जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। पुलिस आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है और मृतका की पहचान कराने का प्रयास जारी है। शव पर किसी प्रकार के स्पष्ट चोट के निशान नहीं पाए गये हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

### टाटा डीएवी के छात्र बने ओवरऑल चैंपियन



**गुवा (आजाद सिपाही)।** रुंगटा कॉलोनी बारबिल में आयोजित क्षेत्रीय स्तर पर्यावरण सह खनिज जागरूकता कार्यक्रम (ईएमएपी)-2025 में टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल, नोवामुंडी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में निबंध लेखन, खनिज पहचान और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें 21 स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। टाटा डीएवी नोवामुंडी के संकल्प नारायण मिश्रा ओवरऑल चैंपियन बने, जबकि शायन घोष ने निबंध लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्रों ने भुवनेश्वर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। कार्यक्रम में शिक्षक ज्योति प्रकाश साहू का मार्गदर्शक रहा। विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत कुमार भूयान ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए इसे विद्यालय और अभिभावकों के लिए गौरव का क्षण बताया।वहीं विद्यालय की प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में नर्सरी से कक्षा 2 तक बिना आग के पकवान प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें बच्चों ने सलाद, चटनी, चनाचूर सहित विभिन्न व्यंजन बनाये। प्रतियोगिता का संचालन कनीय सीसीए प्रभारी रमा कुमारी ने किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### टेबल टेनिस चैंपियनशिप में कैडेट्स का शानदार प्रदर्शन, 32 पदक जीते



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील टेबल टेनिस ट्रेनिंग सेंटर के कैडेट्स ने झारखंड राज्य टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 32 पदक जीतकर पूर्वी सिंहभूम जिले का नाम रोशन किया। रांची के खेलगांव में आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 9 स्वर्ण, 6 रजत और 17 कांस्य पदक अपने नाम किये। चीफ स्पोर्ट्स मुकुल विनायक चौधरी ने विजेताओं को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में ओ.पी. मिश्रा, वरिष्ठ खिलाड़ी दिनेश रक्षित, कोच और खेल प्रबंधक भी मौजूद रहे। टाटा स्टील के सहयोग से प्रशिक्षण केंद्र ने इस वर्ष राज्य रैंकिंग टूर्नामेंट में 77 पदक जीतकर न केवल पिछले वर्ष के रिकॉर्ड बल्कि वार्षिक लक्ष्य को भी पार कर लिया।

## बीडीओ ने जनता दरबार लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

मेराल (आजाद सिपाही)। गढ़वा डीसी दिनेश कुमार यादव की पहल पर शुक्रवार को सुशासन सप्ताह के तहत प्रखंड सभागार में आयोजित जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों से आए लोगों की समस्याओं की सुनवाई बीडीओ सह सीओ यशवंत नायक की अगुवाई में हुई। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। कई मामलों में संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को मामलों की जांच कर त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया। इस मौके पर मंइयां सम्मान योजना, पेंशन और आवास निर्माण में लंबित मजदूरी भुगतान से संबंधित अधिक मामले सामने आए। जनता दरबार में नजीर सुनील कुमार के अलावे प्रखंड एवं अंचल कर्मी मौजूद थे। वहीं, ग्राम पंचायत तिसरटेटूका, चामा और दुलदुलवा पंचायत में भी जनता दरबार आयोजित हुआ।

### मध्याह्न भोजन योजना में लापरवाही पर डीसी का दिखा सख्त रवैया

# विद्यालय प्रबंधन समिति भंग कर शिक्षक की वेतन वृद्धि में कटौती का डीसी ने दिया निर्देश

- गत 13 दिसंबर को डीसी के शिवनाला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में औचक निरीक्षण में बंद मिली थी योजना

### कहा- बच्चों के पोषण, शिक्षा और भविष्य से जुड़ी योजनाओं में शिथिलता के खिलाफ आगे भी जारी रहेगी कड़ी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** डीसी सह जिला दण्डाधिकारी दिनेश यादव ने 13 दिसंबर को रंका प्रखंड अंतर्गत शिवनाला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया था। इस क्रम में विद्यालय में मध्याह्न भोजन योजना बंद मिली थी। जिससे डीसी ने गंभीर प्रशासनिक लापरवाही करार


डीसी दिनेश यादव।

दिया। निरीक्षण के बाद विद्यालय में नियुक्त शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सरस्वती वाहिनी सह माता समिति की संयोजिका से स्पष्टीकरण मांगा गया था। प्राप्त स्पष्टीकरण में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाने पर डीसी ने निर्णय लिया है। डीसी ने मध्याह्न भोजन योजना के संचालन में लापरवाही के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सरस्वती वाहिनी एवं माता समिति की संयोजिका को पूर्ण रूप से दोषी मानते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक को समिति को भंग कर नई समिति के चयन का निर्देश दिया गया है। साथ ही विद्यालय में पदस्थापित संबंधित शिक्षक के विरुद्ध वार्षिक वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) में कटौती करने का आदेश भी डीसी ने दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बच्चों के पोषण, शिक्षा एवं भविष्य से जुड़ी योजनाओं में शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार कड़ी एवं अनुकरणीय कार्रवाई की जाती रहेगी।

## पांच विद्यालयों में किचेन गार्डन विकसित करने के लिए 5-5 हजार की राशि आवंटित



- कांडी में विद्यालय विकास को लेकर स्टीयरिंग-मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ राकेश सहाय की अध्यक्षता में स्टीयरिंग एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई। जिसमें शिक्षा एवं विद्यालय विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में बताया गया कि प्रखंड के पांच विद्यालय राजकीय मध्य विद्यालय राणाडीह, मध्य विद्यालय हरिहरपुर, मध्य विद्यालय लमारी कला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अधौरा और उत्क्रमित मध्य विद्यालय पतरिया में किचेन गार्डन विकसित करने के लिए प्रति विद्यालय पांच हजार रुपये की राशि पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से अपलोड कर दी गई है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय खुटहेरिया के खराब एवं जर्जर भवन को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बीडीओ ने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) को शीघ्र बैठक कर जर्जर भवन को ध्वस्त कराने का निर्देश दिया। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि प्रखंड के 90 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत बच्चों की औसत उपस्थिति के आधार पर कुल 37,56,838 रुपये की राशि प्राप्त हुई है, जिसे पीएफएमएस के माध्यम से अपलोड कर दिया गया है। इसके अलावा सभी विद्यालयों में 12 दिनों के लिए रागी लड्डू वितरण के लिए 5,58,706 रुपये की राशि भी स्वीकृत कर अपलोड की गई है। बैठक में बीइइओ रंभा चौबे, एसएमसी अध्यक्ष पंकज कुमार, संजय पासवान और संयोजिका रेणु देवी आदि उपस्थित थे।

## बालिकाओं की शिक्षा संबंधी समस्याओं पर दिया जायेगा विशेष ध्यान: विधायक



**केतार (आजाद सिपाही)।** विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा शुक्रवार को केतार स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय पहुंचे। इस दौरान झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के वार्डेन सह प्रधान शिक्षिका अमृता पांडे ने विधायक को विद्यालय से संबंधित मांग पत्र सौंपा। जिसमें विद्यालय से मेन रोड तक सड़क का निर्माण, विद्यालय में एक डीप बोर का निर्माण, विद्यालय की चाहर दीवारी के ऊपर कंटीला तार लगाने एवं विद्यालय से अस्पताल की दूरी अधिक होने के कारण बीमार छात्राओं को अस्पताल से जाने के लिए एक वाहन या एंबुलेंस की व्यवस्था करने की मांग की है। इस पर विधायक ने आश्वासन देते हुए कहा कि केतार जिला के सुदूरवर्ती प्रखंड है। खासकर बालिकाओं की शिक्षा से संबंधित समस्या पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## नि:शुल्क शिविर में 200 से अधिक मरीजों की हुई जांच

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित कांडी-भवनाथपुर मुख्य सड़क पर डूमरसोता मोड़ के समीप शुक्रवार को वैदिक केयर हॉस्पिटल, वाराणसी के तत्वावधान में दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइज़ेशन के सहयोग से एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ गोविंद शर्मा ने किया। जांच शिविर में कांडी प्रखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। शिविर में आंख, कान, नाक एवं गला (ईएनटी), शुगर, ब्लड प्रेशर, रक्त जांच सहित अन्य सामान्य रोगों की जांच की गई। शिविर में करीब 200 से अधिक मरीजों की नि:शुल्क जांच कर आवश्यकता अनुसार दवाइयां दी गयी। इस अवसर पर डॉ गोविंद शर्मा ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में आज भी लोग स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह जागरूक नहीं हैं। ऐसे में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन बेहद आवश्यक है, ताकि समय रहते बीमारियों की पहचान हो सके और गंभीर रोगों से बचाव किया जा सके। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। वहीं, दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। कहा कि भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। इस मौके पर डॉ महेंद्र मौर्य, डॉ गोविंद शर्मा, शशांक शेखर, अमोल कुमार, प्रकाश वर्मा, विजय मेहता, राकेश सोनी, सच्चिदानंद दुबे, बटेश्वर मेहता, डूमरसोता मुखिया राजेश्वर शर्मा, मनोज वर्मा और डॉ जितेंद्र कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# मेराल प्रखंड मुख्यालय में गोदाम के अभाव में चालू नहीं हो सका धान अधिप्राप्ति केंद्र

- मेराल प्रखंड में चार धान अधिप्राप्ति केंद्रों का उद्घाटन

### पांच पंचायत के किसान हुए निराश



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड क्षेत्र में चार धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। गेरुआ के पैक्स गोदाम में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, गढ़वा जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, मुखिया अनिल चौधरी, वीरेंद्र नाथ तिवारी और हासनदाग के मुखिया पति हरेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। बतातें चलें कि इस केंद्र पर गेरुआ, हासनदाग, करकोमा, बाना और गोंदा पंचायत के किसान अपने-अपने धान बेच सकेंगे। वहीं, कोलोदोहर में मेराल व्यापार मंडल के सहयोग से खुले धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन मुखिया रामप्रताप साह, जगजीवन राम, अध्यक्ष शांति देवी, सचिव रवि पांडे आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस केंद्र पर दुलदुलवा, तिसरटेटुका और चामा पंचायत के किसान धान बेचेंगें। यहां के लिए पेसका में भी एक गोदाम बनाया गया है। इसी तरह दलेली के पैक्स गोदाम में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के जिला प्रतिनिधि विवेकानंद उर्फ रिंकू तिवारी, मुखिया पति रविंद्र गुप्ता और अध्यक्ष इंदेश पांडे आदि ने संयुक्त रूप से किया। यहां बिकताम, ओखरगाडा पूर्वी, ओखरगाडा पश्चिम, चेचरिया और खोरीडीह पंचायत के किसान धन बिक्री करेंगें, जबकि अरंगी पैक्स पर सात पंचायतों के लिए केंद्र बनाया गया है जिसमें अरंगी, मेराल पूर्वी, मेराल पश्चिमी, संगवरिया, लोवादाग, पढ़ुआ और तेनार पंचायत के किसान धान बिक्री करेंगे। इसके लिए अरंगी एवं प्रखंड मुख्यालय में गोदाम बनाया गया है। यहां के अध्यक्ष नुरुल होदा अंसारी ने बताया कि अरंगी गोदाम पर धान अधिप्राप्ति केंद्र चालू कर दिया गया है। पर प्रखंड मुख्यालय में गोदाम उपलब्ध नहीं होने के कारण धान अधिप्राप्ति केंद्र चालू नहीं हो सका है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि धान क्रय केंद्र खुलने से किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा होगी। किसानों को सरकार की ओर से निर्धारित 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धन की कीमत मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों से धान क्रय केंद्र का जायजा लेते रहने और भुगतान के लिए निगरानी करने का आग्रह किया।

## क्षत्रिय गौरव एकता का महामिलन समारोह 21 को



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** क्षत्रिय गौरव एकता का महामिलन समारोह 21 दिसंबर को टाउन हॉल मैदान में आयोजित होगी। जिसे लेकर क्षत्रिय समाज की ओर से तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेपी आंदोलन में युवाओं की भूमिका को अर्श तक ले जाने वाले बिहार के पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह उपस्थित रहेगें। उक्त जानकारी क्षत्रिय समाज के लोगों ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर दी। क्षत्रिय समाज के लोगों ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिले भर से समाज के लोग भाग लेगें। गढ़वा जिले के प्रत्येक गांव के सभी क्षत्रिय के घरों में निमंत्रण कार्ड भेजा गया है। कहा कि संपूर्ण समाज की सुरक्षा एवं शांति प्रदान करने वाला क्षत्रिय समाज कतिपय कुछ कारणों और कर्मियों से अपनी भूमिका से वंचित हो गया था। क्षत्रिय समाज के अंदर कमजोर एवं जरूरतमंद को उपर उठाने का बड़ा संकल्प भी इसका एक हिस्सा है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सुनिल सिंह, पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, विधायक अनंत प्रताप देव, विधायक नरेश सिंह, पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही, पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, पूर्व विधायक विजय कुमार सिंह, समाजसेवी शारदा महेश प्रताप देव, दीपक प्रताप देव, पूर्व जिला बिस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, कुलाअधिपति बाबू दिनेश प्रसाद सिंह, समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह, डीपी सिंह उपस्थित रहेगें। इस मौके पर शैलेंद्र कुमार सिंह, दयानंद सिंह, जितेंद्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, बबन सिंह, उमेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सच्चिदान सिंह, अजय सिंह, प्रमोद सिंह, मुन्ना सिंह, पिंटू सिंह, कृपाल सिंह, सुर्दशन सिंह, विकास सिंह, दीपक सिंह, छोटू सिंह, राजा सिंह, सत्यम सिंह, आर्यन सिंह, विवेक सिंह, सुशील सिंह, मिथिलेश कुमार देव, संजय सिंह, प्रबल प्रताप देव, मंटू सिंह, लड्डू सिंह, चुनमुन्न सिंह, लक्की सिंह,नरेंद्र कुमार सिंह, विरेंद्र सिंह, राजन सिंह और गंभीरा सिंह आदि मौजूद रहे।

## घने कोहरे में लिपटा केतार, जनजीवन अस्त-व्यस्त



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को मौसम के मिजाज में आए अचानक बदलाव ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शुक्रवार की सुबह से ही पूरा केतार प्रखंड घने कोहरे की सफेद चादर में लिपटा नजर आया। आलम यह रही कि 10 मीटर से भी कम दूरी पर खड़े लोग दिख नहीं रहे थे। जिससे सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम सी गई। ठिठुरन ने मुश्किलें बढ़ा दी। पहाड़ी क्षेत्रों से आ रही सर्द हवाओं के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। सुबह और शाम होते ही बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, दैनिक मजदूरों और पशुपालकों को हो रही है। कोहरे के कारण यातायात और खेती पर असर देखा गया। मुख्य सड़क पर वाहन रेंगते दिखे। हेडलाइट जलाकर भी गाड़ी चलाना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा था। वहीं, किसानों का कहना है कि लगातार पड़ रहे कुहासे और ओस के कारण रबी की फसलों, विशेषकर दलहन और तिलहन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से चौक-चौराहों पर अलाव जलाने और गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण करने की मांग की है। वहीं, प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच मुखिया मूंगा साह, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से स्वेटर बांटा, ताकि उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और वें सुरक्षित रहे। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविका अनु देवी, दीपक वर्मा, संतोष कमलापुरी, अरविंद वियार आदि उपस्थित थे।

## रंका में दो धान अधिप्राप्ति केंद्रों का शुभारंभ



**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत रंका (पाल्हे) एवं सेवाडीह पैक्स में शुक्रवार को धान अधिप्राप्ति केंद्रों का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बीडीओ शुभम बेला तोपनों एवं प्रमुख अनुभा सिंह ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलते ही कुछ किसानों ने धान बिक्री की। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि इस धान अधिप्राप्ति केंद्रों में 24.50 रुपए प्रति किलो की दर से किसानों से धान खरीदी जाएगी। झारखंड सरकार ने किसानों की आय को बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष अधिकतम मूल्य निर्धारित कर किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया है। इस मौके पर रंका (पाल्ह) पैक्स के विकास साहू, सेवाडीह पैक्स के परशु ठाकुर आदि उपस्थित थे।


## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद की सजा एक लाख का जुर्माना भी

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला व्यवहार न्यायालय के विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट दिनेश कुमार की अदालत ने शुक्रवार को अनुसूचित जाति की एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले रंका थाना क्षेत्र के सिरोइकला गांव के बघौता टोला निवासी विकास साव उर्फ विकास कुमार को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनायी। लगे हाथ एक लाख रुपये के आर्थिक दंड की भी सजा सुनाई है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक उमेश दीक्षित एवं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता ललित कुमार पांडेय ने पैरवी की। गौरतलब हो कि पीड़िता की मां ने विकास के खिलाफ 2023 के 14 जनवरी को भय दिखाकर नाबालिक बेटी से दुष्कर्म करने की शिकायत की थी।

## भगवान घाटी में हाइवा पलटा, चालक घायल

**केतार (आजाद सिपाही)।** भगवान घाटी में शुक्रवार को छड़ी से लदा हाईवा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए उसे भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल भर्ती कराया गया है।

## 700 जायरीनों का जत्था अजमेर शरीफ गया



**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से 700 जाइरीन 15 बसों में सवार होकर गुरुवार की रात 10.30 बजे अजमेर शरीफ के लिए रवाना हुए। पूर्व मंत्री सह झामुमो प्रदेश महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से नास्ता एवं भोजन-पानी देकर झामुमो की रंका प्रखंड कमेटी ने रवाना किया। सभी जाइरीन बाबा ख्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती के दरगाह पर चादरपोशी कर जिला, राज्य और देश की खुशहाली के लिए दुआ करेंगे। इस मौके पर झामुमो के रंका प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, जिला उपाध्यक्ष रोशन पाठक, जिला सह सचिव आशीष गुप्ता, प्रखंड सचिव सह दक्षिणी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रतन सिंह, महिला जिला उपाध्यक्ष लिलावती देवी, दीपक कुमार सोनी, मुकेश तिवारी, विक्की पांडेय, जुमन अंसारी, इजहार अंसारी, जमालुद्दीन अंसारी, इदरिश अंसारी, मो सरफराज अंसारी, हैदर अंसारी, गफूर अंसारी, छोटू दुबे और एसके रज्जा आदि उपस्थित थे।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने पर गढ़वा जिला क्रिकेट संघ ने दी टीम झारखंड को बधाई

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 16 वर्षो के बाद मिली शानदार जीत के बाद झारखंड क्रिकेट टीम का रांची एयरपोर्ट पर गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर गढ़वा जिला क्रिकेट संघ में खुशी की लहर है। शुक्रवार को गढ़वा जिला क्रिकेट संघ की बैठक साहिजना इस्थित जिला कार्यालय में आयोजित हुई। जिसमें झारखण्ड टीम की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए पदाधिकारी, सदस्यों ने एक-दूसरे को मीठा खिलाकर खुशी मनायी। इस मौके पर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राज माहेश्वरम एवं सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि यह जीत मिल का पत्थर साबित होगी। पूरे देश में झारखंड टीम का दबदबा रहा।

### शीतलहर की मार : नन्हे बच्चों को स्वेटर का इंतजार

# स्कूल परिसर में आग जलाकर बच्चों को ठंड से बचाने की कोशिश

- न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक पहुंचा, धूप नहीं निकलने से बढ़ी ठिठुरन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** सोन तटीय क्षेत्रों में गुरुवार से लगातार शीतलहर का प्रकोप जारी है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान गिरकर करीब 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पूरे दिन धूप नहीं निकलने से ठंड और बढ़ गई है। कड़ाके की ठंड का सीधा असर विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ रहा है। शीतलहर शुरू होते ही सरकारी विद्यालयों में छात्र उपस्थिति में भारी गिरावट आयी है। कई स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति आधे से भी कम रह गई है। हालांकि, ठंड के बावजूद बच्चे पढ़ाई के लिए


स्कूल में आग तापते बच्चे।

स्कूल आने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार की ओर से वर्तमान सत्र में अब तक स्वेटर उपलब्ध नहीं कराए जाने से उनकी परेशानी बढ़ गई है। ठिठुरते बच्चे किसी तरह विद्यालय पहुंच रहे हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता भी बढ़ती जा रही है। प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले छोटे बच्चों में ठंड लगने की शिकायतें सामने आने लगी हैं। बच्चों को ठंड से बचाने के लिए कुछ विद्यालयों में आग जलाकर उन्हें राहत देने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि शीतलहर को देखते हुए बच्चों के लिए अविलंब स्वेटर की व्यवस्था की जाए। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर विद्यालय समय में अस्थायी बदलाव किया जाए, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और वे सुरक्षित वातावरण में पढ़ाई कर सकें।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
DEPARTMENT OF MINES AND GEOLOGY
DIRECTORATE OF GEOLOGY
(Engineers' Hostel No-2, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi-834004)

CORRIGENDUM NOTICE

This is to inform all concerned that the Tender Document of the Notice Inviting Quotation (NIQ) No. 08/2025-26, dated 17.12.2025, published vide PR No. 368771, dated 17.12.2025 for the "Supply of Press Palette Machine" can be downloaded from the website:www.jharkhand.gov.in.All other terms and conditions of the NIQ shall remain unchanged. Interested Bidders are hereby requested to submit their bids accordingly.

Sd/-
Director, Geology
Directorate of Geology,
Department of Mines & Geology,
Government of Jharkhand

PR 369021 (Mines and Geology)25-26*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा
(E -MAIL ID – midloh632@gmail.com)

पत्रांक ........................../ **शुद्धि पत्र** लोहरदगा, दिनांक........................../

इस कार्यालय के पत्रांक 808 दिनांक 02.12.2025 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/LOHARDAGA/B.D./S.L.I. - 03/2025-26 Date 02.12.2025 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 367562 (Lohardaga)25-26*D द्वारा प्रकाशित है को इस प्रकार पढ़ा जाय।

| क्र0 सं0 | विवरण | पूर्व में अंकित निविदा की तिथि एवं समय | संशोधित निविदा की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date - 19.12.2025 Time at 2:00 PM | Date - 30.12.2025 Time at 2:00 PM |
| 2. | Last date/Time for downloading of bidding documents and submission of Tender on Website | Date – 27.12.2025 Time 5:00 PM | Date – 06.01.2026 Time 5:00 PM |
| 3. | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date – 19.12.2025 Time 2:00 PM Last Date – 27.12.2025 Time 5:00 PM | Start Date – 30.12.2025 Time 2:00 PM Last Date - 06.01.2026 Time 5:00 PM |
| 4. | Technical Bid Opening Date | Date – 30.12.2025 Time 02:00 PM | Date - 08.01.2026 Time 02:00 PM |

अन्य शर्त्तें यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 369004 Lohardaga(25-26)#D

### अहीरपुरवा गांव के प्रजापति टोला में वर्षों बाद स्थायी ट्रांस्फॉर्मर लगने से ग्रामीणों में हर्ष

# विद्युत सेवा से वंचित सभी गांवों में जल्द आयेगी बिजली: रामचंद्र सिंह

**ग्रामीणों ने विधायक और जिप सदस्य से मिलकर अन्य समस्याओं से अवगत कराया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



बरवाडीह के अहीरपुरा गांव में प्रजापति टोला में ट्रांस्फॉर्मर लगने के बाद खुशी मनाते ग्रामीण।

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत अहीरपुरवा गांव के प्रजापति टोला में वर्षों से विद्युतीकरण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वर्ष 2018 से ही ग्रामीण लकड़ी के डंडों के सहारे अस्थायी रूप से बिजली खींचकर किसी तरह घरों में रोशनी करने को मजबूर थे। ग्रामीणों ने कई बार विद्युत विभाग को आवेदन दिया, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। इसके बाद ग्रामीणों ने विधायक रामचंद्र सिंह एवं जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर को मांग पत्र सौंपकर समस्या से अवगत कराया। जिसे गंभीरता से लेते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि प्रजापति टोला में शीघ्र विद्युतीकरण सुनिश्चित किया जाए। वहीं, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने भी विभाग से पत्राचार करने के साथ ही जिला परिषद की बैठकों में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद विद्युत विभाग ने विद्युतीकरण का प्राक्कलन तैयार कर एजेंसी के माध्यम से गांव में विद्युतीकरण कार्य शुरू कराया। साथ ही टोले के लिए अलग से ट्रांसफार्मर भी उपलब्ध कराया। विद्युतीकरण कार्य पूरा होने के बाद गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीण ओम प्रकाश प्रजापति, राहुल प्रजापति, प्रतिमा देवी, भुनेश्वर प्रजापति, सकेंद्र प्रजापति, बबन प्रजापति, राजदेव प्रजापति, कविता देवी, छोटू, रविंद्र प्रजापति, महेंद्र भुइयां और मनीष प्रजापति ने विधायक और जिप सदस्य के प्रति आभार व्यक्त किया है। लगे हाथ ग्रामीणों ने अब गांव में सड़क निर्माण की मांग भी जनप्रतिनिधियों से की है। उधर, विधायक रामचंद्र सिंह ने बताया कि पूर्व में विद्युतीकरण का कार्य कर रही कंपनियां काम को अधूरा छोड़कर ही बाग गयी थी। जिस कारण कई गांव का विद्युतीकरण कार्य नहीं हो पाया था। पर छूटे सभी गांव को अब चिन्हित कर विद्युतीकरण का कार्य पूरे विधानसभा क्षेत्र में चल रहा है। जल्द ही सभी गांव-टोले को विधुतिकरण से जोड़ दिया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों की अन्य समस्याओं को भी प्राथमिकता के आधार पर जल्द दूर करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, जिप सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि ग्रामीण लंबे समय से गांव में विद्युतीकरण नहीं होने की समस्या से जूझ रहे थे। इसकी जानकारी मिलने के बाद गांव में भ्रमण कर और जिले की बैठक एवं डीसी को अवगत कराते हुए ध्यान आकर्षित कराया गया था। साथ ही विधायक रामचंद्र सिंह से विशेष अनुरोध करते हुए उनके सार्थक प्रयास से सरकार के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर इस टोले में विधुतिकरण का कार्य कराया गया। अन्य सभी जगह में कार्य जल्द पूरा कराया जाएगा।

# नीलांबर-पीतांबर के वंशज रामानंद सिंह खरवार का निधन

**- लातेहार जिला प्रशासन ने घर पहुंच कर दी श्रद्धांजलि**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** अंग्रेजों के छक्का छुड़ाने वाले झारखंड के वीर सपूत आजादी में अपनी आहूति देने वाले नीलांबर पीतांबर के वंशज लातेहार जिले में ही सदर के पास के ही कोने गांव में रहते हैं। शुक्रवार की दोपहर एक बजे नीलांबर पीतांबर के वंशज रामानंद सिंह खरवार (85) का निधन हो गया। इसकी सूचना रामानंद सिंह खरवार के पुत्र कोयल सिंह खरवार ने जिला प्रशासन को फोन से दी। रामानंद सिंह खरवार के पुत्र कोयल सिंह ने बताया कि पिताजी कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।



इधर, सूचना मिलते ही लातेहार जिला प्रशासन पूरी टीम के साथ कोने गांव स्थित घर पहुंचे और रामानंद सिंह खरवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता, डीडीसी सैयद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता, बीडीओ और सीओ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी- लोग शामिल रहे।

# खेल बच्चों को शारीरिक और मानसिक रुप से बनाता है मजबूत: अविनेश त्रिपाठी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** जिला खेल विभाग की ओर से लातेहार जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2025 का सफल आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी कला, अभिव्यक्ति तथा ऊर्जा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी (डीएसओ) अविनेश त्रिपाठी ने कहा कि युवा महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति और सामाजिक समरसता का उत्सव है। लातेहार के युवाओं ने अपनी प्रतिभा से यह सिद्ध किया है कि कला और संस्कृति की जड़ें यहां गहरी हैं। वहीं, बनवारी साहू महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह आयोजन उनके आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को नई दिशा देता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला खेल समन्वयक लक्षेश्वर मंडल, जिला पर्यटन विशेसज्ञ अभिजीत कुमार, एनएसएस प्रभारी नवल प्रसाद का योगदान सराहनीय रहा।

**प्रतियोगिताओं के परिणाम**

**चित्रकला:** बनिता कुमारी, मुनिका कुमारी, सुनैना खालको
**कविता लेखन:** बबली कुमारी, सोनम कुमारी, मानशी कुमारी
**भाषण प्रतियोगिता:** आयुष अग्रवाल, बबली कुमारी, प्रतिमा कुमारी
**समूहिक लोक नृत्य:** कविता कुमारी ग्रुप, निखिल उराव ग्रुप, मानिता ग्रुप
**सामूहिक लोक गायन:** उषा ग्रुप, संगीता ग्रुप

# सूरत पांडे पब्लिक स्कूल ने डीएवी मॉडल को 55 रनों से हराया




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** 24वां गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सूरत पांडे पब्लिक स्कूल ने डीएवी मॉडल स्कूल को 55 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में जिला पब्लिक स्कूल समय समिति के तत्वाधान में खेले जा रहे स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में सूरत पांडे पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सुशील के 11, विक्की के 10 और सिबतेन के 32 रन के सहारे निर्धारित ओवर में नो विकेट खोकर 105 रन बनाए। डीएवी मॉडल की ओर से ऋषिकेश में तीन और मंजर ने दो विकेट लिया। वहीं, 106 रन के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी दव मॉडल की टीम सत्यम सोनी के 18 रन के छोड़कर कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में भी प्रवेश नहीं कर सका और पूरी टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर 50 रन ही बना पाई। परमेश्वरी मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सूरत पांडे पब्लिक स्कूल के सिबतेन को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष सुशील केशरी ने प्रदान किया। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि यह क्रिकेट प्रतियोगिता बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतर अवसर प्रदान करता है। इसमें भाग लेने से खिलाड़ियों में खेल भावना, दृढ़ता, समर्पण और टीम वर्क जैसे जीवन कौशल विकसित होते हैं। इस मौके पर प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष दीपक,सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी,मनीष उपाध्याय, मनोज तिवारी, पंकज कुमार सोनी, रजनीश कुमार, नीतीश मेहता, अभिनव भारद्वाज, नैतिक, मोहसिन अंसारी, नमन कुमार, आर्यन कुमार आदि शामिल थे।

# असफल या अपेक्षा के अनुरूप परिणाम न पाने वाले विद्यार्थी निराश ना हों, अधिक परिश्रम कर आगे बढ़ें : कुलाधिपति

**बीडीएसयू ने इंजीनियरिंग डिप्लोमा परीक्षा का परिणाम घोषित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय (बीडीएसयू) की ओर से शुक्रवार को बीसीए (2024-27), बीटेक (2024-28) और इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (2024-27) के दूसरे सेमेस्टर परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित किया गया। यह परीक्षा विश्वविद्यालय के अंगीभूत इकाई वनांचल कॉलेज ऑफ साइन्स (फार्मसी विभाग) परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में आयोजित की गई थी। कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने परिणाम की घोषणा पर बधाई-शुभकामनायें दी। कहा कि बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित बीसीए (सत्र 2024-27), बीटेक (सत्र 2024-28) एवं इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (सत्र 2024-27) के द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा 2025 का परिणाम समय पर घोषित होना सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए खुशी का विषय है। कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत,




शिक्षकों के मार्गदर्शन और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। असफल अथवा अपेक्षित परिणाम न पाने पाने वाले विद्यार्थियों से आग्रह है कि वे निराश न हों। आत्मविश्वास बनाए रखें। और अधिक परिश्रम के साथ आगे बढ़ें। विश्वविद्यालय निरंतर गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा, नवाचार एवं कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी ज्ञान, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के साथ राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं, कुलपति प्रो (डॉ) एमके सिंह ने कहा कि अत्यंत प्रसन्नता है कि बीडीएसयू की ओर से बीसीए , बीटेक एवं इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम सफलतापूर्वक घोषित किया गया है। यह विश्वविद्यालय की सुदृढ़ परीक्षा प्रणाली, समयबद्ध कार्यप्रणाली एवं पारदर्शिता का परिचायक है। मैं सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर शैक्षणिक गुणवत्ता, तकनीकी नवाचार, अनुसंधान एवं उद्योगझउन्मुख शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी आगामी सेमेस्टरों में और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

# हाइटेंशन तार चोरी के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के पोगरा व आसपास के कई गांव से लगातार हाई टेंशन बिजली के कीमती तारों की चोरी का मामला सामने आया था। मामले को लेकर रायडीह थाना में कांड संख्या 41/ 25 के तहत 7 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अनुसंधान के क्रम में सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। रायडीह थाना की पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए पूर्व में ही जेल भेज दिया है। वहीं दो आरोपी रांची चाहनो थाना का बाल शुक्र गांव निवासी महावीर यादव पिता सीटू यादव और लोहरदगा थाना क्षेत्र के कुरुक्षेत्र गांव निवासी सुरेंद्र भगत फरार चल रहा है। शुक्रवार की अपराह्न 3 बजे रायडीह थाना के एएसआई धनंजय सिंह ने महावीर यादव का घर पहुंच कर इश्तेहार का तमिला कराया। आत्मसमर्पण की चेतावनी दी। बताया कि सरेंडर नहीं करने पर कुर्की जाब्ति की कार्रवाई की जायेगी।

# सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी, राहगीर परेशान



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अरसली उतरी पंचायत बस्ती में चंद लोगों की लापवाही के कारण मुख्य सड़क पर गंदा नाली का पानी बह रहा है, जिससे ग्रामीणों के साथ ही राहगीरों को भी आवागमन में परेशानी हो रही है। मुख्य सड़क होने के कारण स्कूली छात्र हो या पैदल चलकर मंदिर-मस्जिद जाने वाले श्रद्धालु या दो पहिया-साइकिल सवार, सभी को सड़क पार करने में मुश्किल हो रही है। कई बार लोग कीचड़ और फिसलन के कारण दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके है। बतातें चलें कि दुर्गा मंदिर से लेकर अरसली दक्षिणी जाने वाली मुख्य पथ में एक हैंड पम्प और कुछ लोगों के घर का गंदा पानी मुख्य पथ पर ही बहाया जा रहा है। हालांकि सड़क के बगल में पक्की नाली बनाया गया, जिसमें साफ-सफाई नहीं होने के कारण नाली के बजाय गंदा पानी मुख्य पथ पर ही विगत चार-पांच वर्षों से बहाया जा रहा है। इस मामले को लेकर ग्रामीण और दुर्गा मंदिर कमेटी की ओर से स्थानीय थाना, अंचल, प्रखंड कार्यालय में भी इसकी शिकायत की गयी। संबंधित अधिकारियों ने मामले को सुलझाने का प्रयास भी किया, लेकिन कुछ हठी लोगों के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।

# 'जी राम जी' की दीदीबाड़ी योजना में कर्मियों की मिली भगत से बिचौलियों की बल्ले-बल्ले

### एक ही महिला के नाम से बिचौलिए कई बार स्वीकृत करवा रहे योजना

**ताजा मामला मनिका पंचायत के भदईबथान गांव का**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मनिका/लातेहार।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में आए दिन 'जी राम जी' (पूर्व में मनरेगा) योजना में भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आते रहता है। एक बार फिर ऐसा ही मामला मनिका पंचायत के भदईबथान गांव में सामने आया है, जहां पंचायत सेवक कर्मियों एवं बिचौलियों की मिली भगत से दीदी बाड़ी योजना में बड़ा खेल खेल गये हैं। यहां तक की जेएसएलपीएस की ओर से दीदी बाड़ी योजना के लिए जिन महिलाओं की सूची दी जा रही है, उसे दरकिनार कर बिचौलियों द्वारा दी गयी महिलाओं की सूची का चयन कर योजना की स्वीकृति कर दी जा रही है। ग्रामीणों ने बीडीओ संदीप कुमार को आवेदन देकर योजना की जांच कर मामले में संलिप्त पंचायत सेवक, मनरेगा कर्मी एवं बिचौलियों के खिलाफ



भ्रष्टाचार की जानकारी देता ग्रामीण।

सख्त कार्रवाई का मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि दीदी बाड़ी योजना का चयन मनिका पंचायत के पंचायत सेवक विक्की गुप्ता द्वारा किया जा रहा है। योजना स्वीकृती के नाम से विक्की गुप्ता लाभुकों से खुलेआम पैसे की उगाही कर रहे। जो व्यक्ति उन्हें पैसे नहीं देता हैं उनके नाम से योजना नहीं किया जाता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि एक ही गांव में एक ही लाभुक के नाम से कई बार दीदी बाड़ी योजना की स्वीकृति की गयी है। अभी हाल ही में जो दीदी बाड़ी योजना स्वीकृत हुई है उसमें महिला लाभुकों के पति का नाम ही नहीं दर्शाया गया है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है, क्योंकि गांव में एक ही नाम से कई महिलाएं हैं और पति का नाम नहीं होने से स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि किस महिला के नाम से योजना की स्वीकृति मिली है। ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत सेवक जी राम जी कर्मियों एवं बिचौलियों की मिली भगत से जानबूझकर लाभुकों के पति का नाम गोपनीय रखा रहे, ताकि किसी को सच्चाई का पता ना चले और वे लोग खुलेआम योजना में हेरा फेरी कर सके। जब इस विषय में पंचायत सेवक से बात करते हैं तो पंचायत सेवक धमकी देते हैं कि ज्यादा बोलने पर मानहानि का केस कर देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि मनिका पंचायत में जब से पंचायत सेवक के पद पर विक्की गुप्ता आसिन हुई हैं, तब से अवैध उगाही का खेल बदस्तूर जारी है। बिना पैसे लिए किसी भी योजना का काम नहीं करते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिचौलिए बिना लाभुकों को बताए उनके नाम से योजना स्वीकृत करवा रहे और बिना जानकारी दिये ही योजनाओं का पैसा भी निकाल ले रहे हैं। मनिका पंचायत में पूर्व से दीदी बाड़ी योजना का लाभ ले रहे लाभुकों के नाम से ही अभी हाल में लगभग 250 दीदी बाड़ी योजना स्वीकृत की गयी है।

# सहायक आचार्य ने नियुक्ति और योगदान पर मां के नाम लगाये पेड़

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के मेराल पूर्वी ग्राम पंचायत की पूर्व मुखिया सुषमा कुशवाहा ने दूसरी बार मुखिया पद पर निर्वाचित होने के एक साल बाद ही इस्तीफा दे दिया। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से वर्ग 6 से 8 के लिए सहायक आचार्य बनने वाली सुषमा कुशवाहा ने गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंभी में प्रथम योगदान दिया। बहुमुखी प्रतिभा की धनी सुषमा ने योगदान देने के साथ ही उस तिथि को यादगार बनाने के लिए मां के नाम एक फलदार पेड़ लगाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लगाया गया पेड़ जहां मेरे करियर की नई शुरूआत को यादगार बनाएगा, वहीं पर्यावरण और मां के प्रति सम्मान से जुड़ेगा। उन्होंने जिले भर के विभिन्न विद्यालयों में योगदान देने वाले लगभग 423 नवनियुक्त शिक्षकों से भी अपनी प्रथम नियुक्ति और योगदान के दिन, अपनी मां के सम्मान में एक फलदार पेड़ लगाने का अनुरोध किया। कहा कि यह बहुत ही नेक और सार्थक पहल है। पेड़ लगाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजकिशोर राम, विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार



यादव, शिक्षक महेंद्र चौधरी, राज देव सिंह, शिक्षिका प्रभाव मेघवाल, संयोजिका लाल देवी सहित पूरे विद्यालय परिवार ने सहयोग किया।

## ट्रक की चपेट में आने से मजदूर की मौत



**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के एनएच 139 गोल्डन मोबाइल दुकान स्थित शुक्रवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में वैध बिगहा गांव निवासी स्व कारू राम के 50 वर्षीय पुत्र रतन राम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी। जानकारी के अनुसार, रतन राम सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से वह गिर पड़े और विपरीत दिशा से आ रही यूपी 70 एनटी 9564 के नीचे आ गयी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। हादसे की सूचना मिलते ही हरिहरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। घटना के बाद करीब आधे घंटे तक सड़क पर स्वतः जाम की स्थिति बन गयी, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। हालांकि, पुलिस की तत्परता से जल्द ही यातायात व्यवस्था को सामान्य कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक शहर में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

## कोहरे से दिन भर ढंका रहा सतबरवा



**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को सतबरवा के लोगों ने जब आंखें खोली तो कोहरे की चादर में लिपटा था सतबरवा। कोहरा इतना ज्यादा था कि लग रहा था जैसे पानी बरस रहा हो। 10 फीट की दूरी पर सामने कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा था, और दिन के 12 बजे तक रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर छोटी बड़ी सभी गाड़ियां हेड लाइट जलाकर चल रहे थे, लेकिन इसी कोहरे के बीच सुबह-सुबह कड़कड़ाती ठंड में बच्चे चौक चौराहा से पीठ पर बैग लिए स्कूल जाते दिखे। स्कूली बच्चे जब छुट्टी होने पर स्कूल से घर लौट रहे थे तब भी ऐसा लग रहा था कि सुबह के 6 बज रहे हैं। इधर कोहरे की मार से बाजार में पसरा रहा सन्नाटा और दुकान देर से खुली। बताते चले की ठंड काफी बढ़ गयी है और कोहरे भी गिरना शुरू हो गये हैं लेकिन अभी तक प्रखंड प्रशासन की ओर से अलाव का व्यवस्था नहीं हो पाया है।

## साधन संपन्न लोग गरीबों की मदद के लिये आगे आयें : विजय रविदास



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर व आंचलिक क्षेत्र में ठंड का प्रकोप चरम पर है। सारे दिन घुड़ रहे कुहासे से पारा नौ डिग्री से भी नीचे पहुंच गया है। जिससे जन जीवन काफी प्रभावित हुआ है। बावजूद सरकारी स्तर पर लोगों को ठंड से बचाने के लिये कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है न ही जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरित किया जा रहा है और न ही चौक चौराहों पर पर्याप्त अलाव की ही व्यवस्था की जा रही है। इसी बीच जिला पार्षद विजय रविदास ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड कर मार्मिक अपील किया है। जिसमें उन्होंने साधन संपन्न लोगों से गरीबों की मदद के लिये आगे आने का आग्रह किया है। दुर्गम क्षेत्र में कड़ाके की ठंड में कंपकंपाते गरीबों की आस जगाने के लिये आगे आने की अपील कि है। इसके अलावा उन्होंने पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक नरेश प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह सहित दर्जन भर नेताओं, समाजसेवियों व पंचायत प्रतिनिधियों के नाम एक खुला पत्र भी जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि कड़ाके की ठंड से अभावग्रस्त वृद्ध व बच्चों का मृत्यु दर बढ़ रहा है। अगर इन अभावग्रस्त लोगों को गर्म कपड़ा मिल जाये तो असामयिक मौत को रोका जा सकता है। श्री रविदास ने कहा कि अभावग्रस्त लोगों की मदद के लिये वे भिक्षाटन करेंगे। भिक्षाटन में मिले सहयोग राशि से गर्म कपड़ा खरीदकर अभावग्रस्त लोगों के बीच वितरित करेंगे।

## भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष को किया गया सम्मानित



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा नगर मंडल द्वारा शुक्रवार को नप मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के नव नियुक्त नगर मंडल अध्यक्ष ज्वाला गुप्ता को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम और संचालन संतोष राम ने किया। इससे पहले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, वरिष्ठ नेता डॉ बीपी शुक्ला व पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने विश्रामपुर ज्वाला गुप्ता को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य किरण देवी, राजन पांडेय,शिववंश मिश्रा, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष रजनीश चंद्रवंशी, सत्यनारायण सोनी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बेबी देवी, अर्चना देवी, संजय ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार, विकास कुमार, बबिता देवी,विकास चौबे सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कमरे में अंगीठी जलाकर सो रही नानी-नातिन की दम घुटने से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बेनीकला पंचायत अंतर्गत फुलडीहा गांव में ठंड से बचने के लिए बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सोना दो लोगों की जान ले बैठा, जबकि एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, फुलडीहा गांव निवासी मिथिलेश राम की पत्नी किरण देवी, उनकी सास मुलारो कुंवर 79 तथा 15 वर्षीय बेटी माया कुमारी शुक्रवार की रात अत्यधिक ठंड के कारण कमरे में अंगीठी जलाकर सो रही थीं। घर के अन्य सदस्य दूसरे कमरे में सो रहे थे। गुरुवार की रात्रि शुक्रवार की सुबह जब तीनों काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकलीं, तो परिजनों ने आवाज लगायी। कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर ग्रामीणों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर का दृश्य देख सभी सन्न रह गये–तीनों अचेत अवस्था में विस्तार पर पड़ी थीं। घटना की सूचना तत्काल हुसैनाबाद थाना को दी गयी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस से तीनों को अनुमंडलीय अस्पताल भेजवाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद मुलारो कुंवर और माया कुमारी को मृत घोषित कर दिया, जबकि किरण देवी की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच, मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। घटना की खबर मिलते ही अनुमंडलीय अस्पताल में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और इसके बाद परिजनों को सौंप दिया। इस हृदयविदारक घटना के बाद फुलडीहा गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है। बताया गया कि मुलारो कुंवर कुछ दिन पहले अपने घर तेतरिया (थाना नबीनगर) से बेटी के घर फुलडीहा आयी थीं। मृतका के दामाद मिथिलेश राम बीएसएफ में जवान हैं और वर्तमान में तमिलनाडु में पदस्थापित हैं। घटना से क्षेत्र मातम छा गया है।

## जिला समन्वय समिति की बैठक

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में डीसी ने विभिन्न विभागों के कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, श्रम,नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, जेएसएलपीएस के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की सूक्ष्मता से समीक्षा की। सर्वप्रथम उन्होंने वित्तिय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के तहत अबुआ आवास योजना का रीव्यू किया। इसमें चैनपुर, सतबरवा और पाटन बीडीओ को तीसरे किस्त के पैसे को भरने पर बल दिया।

# चैनपुर में प्रमुख ने किया धान खरीद केंद्र का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर/ पलामू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शुक्रवार को चैनपुर पैक्स धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख प्रभा देवी ने फीता काटकर विधिवत धान अधिप्राप्ति केंद्र की शुरुआत करायी। उक्त अवसर पर जानकारी दी गयी कि धान अधिप्राप्ति केंद्र में प्रखंड के पंजीकृत किसानों से सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद की जायेगी। धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज बेचने में सहूलियत होगी और उन्हें बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख प्रभा ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। धान अधिप्राप्ति केंद्र के संचालन से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा। उससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना धान अधिप्राप्ति केंद्र में लाकर बिक्री करें। वहीं उप प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार किसानों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। किसानों के विकास के लिए सरकार संकल्पित हैं। सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि चैनपुर क्षेत्र के किसानों को धान बेचने के लिए यहां-वहां भटकने की आवश्यकता नहीं है। चैनपुर में धान अधिप्राप्ति केंद्र में समर्थन मूल्य पर कुल 2450 प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी जायेगी। मौके पर दिनेश प्रधान, बबलू पांडे, बबलू चौरसिया, विजय चौरसिया, विनोद कमलापुरी, अरुण पांडे, मनोज दास सहित कई अन्य लोग मौजूद थें।

## देवघर में 42 पैक्सों में होगा धान क्रय तीन लाख क्विंटल का लक्ष्य निर्धारित

**देवघर (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार जिले में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर धान क्रय 15 दिसंबर 2025 से प्रारंभ कर दिया गया है। इस उद्देश्य से देवघर जिला अंतर्गत कुल 42 पैक्सों (प्राथमिक कृषि साख समितियों) का चयन किया गया है। विभाग द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के लिए देवघर जिले को धान क्रय का कुल लक्ष्य 3,00,000 (तीन लाख) क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसानों से क्रय किये जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य साधारण धान हेतु 2369 रुपये प्रति क्विंटल तथा ग्रेड 'ए' धान हेतु 2389 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा प्रति क्विंटल 81 रुपये की दर से बोनस भुगतान भी किसानों को किया जायेगा, जिससे किसानों को प्रत्यक्ष रूप से अतिरिक्त लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में विभाग द्वारा धान क्रय का लक्ष्य 2,90,000 क्विंटल निर्धारित किया गया था। हालांकि, 9047 निबंधित किसानों में से मात्र 2144 किसानों द्वारा 1,55,909 .42 क्विंटल धान का ही विक्रय किया गया, जो निर्धारित लक्ष्य से काफी कम रहा।

## चित्रगुप्त कॉलोनी में नाली की बदहाल व्यवस्था से लोग परेशान, नगर प्रशासक ने किया निरीक्षण



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत चित्रगुप्त कॉलोनी में नाली की खराब निकासी व्यवस्था के कारण गंदा पानी घरों में प्रवेश कर जाने की गंभीर समस्या सामने आयी है। इस समस्या से त्रस्त कॉलोनीवासियों ने नगर परिषद के नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कू से शिकायत की थी। शिकायत मिलते ही नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कू नगर परिषद की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संवेदक, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से बातचीत कर समस्या की विस्तृत जानकारी ली। नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कू ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। नगर प्रशासक ने बताया कि नाली की निकासी व्यवस्था में तकनीकी खामियों के कारण जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए जल्द ही आवश्यक सुधारात्मक कार्य शुरू किए जाएंगे, ताकि भविष्य में ऐसी परेशानी दोबारा न हो। वहीं कॉलोनी के ग्रामीणों ने बताया कि नाली का गंदा पानी घरों में घुसने से रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कू ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्या को गंभीरता से लिया गया है और शीघ्र ही इसका समाधान किया जायेगा।

## घने कोहरे और ठंड से जनजीवन प्रभावित



**देवघर (आजाद सिपाही)।** बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी बेहद कम हो गयी। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार काफी धीमी पड़ गयी और लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर सुबह के समय काम पर निकलने वाले लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी। कोहरे के साथ ठंड में भी इजाफा दर्ज किया गया है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आये। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक ठंड का असर बना रहने की संभावना है। आज देवघर में न्यूनतम तापमान लगभग 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। स्थानीय निवासी अमरेंद्र दुबे ने लोगों से ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने, सुबह-शाम अनावश्यक बाहर निकलने से बचने और वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी।

# बच्चों के साथ चौक-चौराहे और बाजार में दोना-पत्तल बेचने को मजबूर महिलाएं

### सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से बैन होने का कर रही इंतजार

ओमप्रकाश



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर रात्रि में दोने,पत्तल बना कर आदिवासी महिलाएं अपनी वनोपज जमा कर अपना जीवनयापन करते नजर आ रही हैं। जंगल में विभिन्न प्रजाति के पेड़ों के पत्ते तोड़कर तथा उनसे पत्तल तैयार कर उन्हें बाजार में बेचना, यह आदिवासियों के जीवन का अंग बन चुका है। दुर्गम क्षेत्र में प्रत्येक परिवार की एक महिलाएं पलामू में पत्तल का व्यवसाय करती आ रही हैं क्योंकि हमारे यहां विभिन्न प्रजाति के पेड़ आदिवासियों के जीने का सहारा बन चुकी हैं। इस जिले में 78 फीसदी जंगल हैं। घने जंगलों से घिरे इस जिले में अब तक कोई बड़ा उद्योग स्थापित नहीं हो पाया है। फलस्वरूप जिले के सुदूर इलाकों में बसे आदिवासी समुदाय के लोगों को किसी भी तरह का रोजगार उपलब्ध नहीं होपा रहा। ऐसे में इस समुदाय ने जंगल से ही अपने जीवनयापन का जरिया तलाश लिया है। गौरतलब है कि आदिवासी नागरिक वनोपज जमा कर अपना जीवनयापन करते हैं।

### क्या कहती हैं दोना-पत्तल बेचने वाली महिलाएं

दोना पत्तल बेचने वाली महिलाओं ने डरते हुए कहा कि नाम नहीं बताना भईया हमारी जो किस्मत में है वहीं तो हम कर रहे है।अधिकांश महिलाएं जंगल से पत्ता लाकर पलामू के साथ अन्य जगहों पर बिक्री करने के लिए आती है। सरकार राशन कार्ड तो दी है लेकिन घर में बच्चे बड़े होने के कारण अन्य खर्च पूरे नहीं कर पा रहे।हालांकि अभी तक इन्हें अपनी मेहनत का पूरा फल नहीं मिल रहा। इस काम में खासकर आदिवासी महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इनका मानना है कि अगर शासन-प्रशासन आदिवासी महिलाओं के लिए पत्ता का कुटीर उद्योग बना दे तो इनके आजीविका के साधन बेहतर होने के साथ इनका मेहनताना भी बढ़ जाएगा। सिर्फ सरकार हमें दिन बहुरने की उम्मीद देते रहती है।

# इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में उमंग ने बढ़ाया डीएवी भंडारकोला का मान

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा देश के स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान की प्रवृत्ति को विकसित करने हेतु संचालित महत्त्वपूर्ण योजना इंस्पायर अवार्ड मानक 2024-25 के राज्य स्तरीय प्रदर्शनी सह प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला के उमंग बरनवाल का चयन हुआ। देवघर जिले से कुल 4 विद्यार्थियों का चयन हुआ जिसमें से पब्लिक स्कूल की ओर से केवल गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, भंडारकोला के उमंग बरनवाल का ही चयन हुआ। उमंग ने 19 दिसंबर को रांची में इस प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया। उमंग ने एडवांस रिवर क्लीनिंग रोबोट बनाया जिसका उद्देश्य नदियों, तालाबों और जलाशयों में फैले कचरे को साफ करना है। यह रोबोट पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने में सहायक है।

प्राचार्य बलराम कुमार झा ने कहा कि विद्यालय के लिए अपार हर्ष की बात है कि हमारे विद्यार्थी वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या समाधान क्षमता से लबरेज हो रहे हैं। यह उन्हें भविष्य में वैज्ञानिक, इंजीनियर और नवप्रवर्तक बनने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है जिससे बच्चे का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, नैतिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास हो सके। उमंग के साथ उनके पिता अरूण कुमार बरनवाल और माता अर्चना बरनवाल का सम्मान विद्यालय के प्राचार्य ने किया। पिता ने कहा कि बेटे की सफलता के पीछे विद्यालय परिवार का अहम योगदान है जिसके कारण इसके अंदर वैज्ञानिक सोच का विकास हुआ। उक्त आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी अभिषेक सूर्य ने दी।

# स्कूल एसोसिएशन ने सेसा को दिये 20 बोरे कपड़े

### शिक्षा के साथ सामाजिक दायित्व का निर्वहन: अविनाश वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के तत्वावधान में शुक्रवार को जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के लोगों को सम्मानपूर्वक वस्त्र उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारी, समाजसेवी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने एक स्वर में इस पहल को सामाजिक सरोकार से जुड़ा एक प्रेरणादायी प्रयास बताया। एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष अविनाश वर्मा ने कहा कि वस्त्र वितरण केवल सहायता का कार्य नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड का यह प्रयास मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं कार्यक्रम में मौजूद 'सेसा' के सचिव कौशिक मलिक ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और जरूरतमंद लोगों को यह भरोसा दिलाते हैं कि समाज उनके साथ खड़ा है। वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेवी प्रेम भसीन ने कहा कि सेवा का सबसे बड़ा रूप वही है जो बिना किसी भेदभाव के किया जाये। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड का यह प्रयास सराहनीय है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस अभियान में सभी सदस्य विद्यालयों की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्व निभाना भी हमारी प्राथमिकता है। जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही इस कार्यक्रम उद्देश्य है। एसोसिएशन के सचिव सतीश अग्रवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम सभी सदस्य विद्यालयों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और समाजसेवियों के सहयोग से सफल हो पाया है। हमारा प्रयास केवल वस्त्र देने तक सीमित नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मीयता देने का है। इस वस्त्र वितरण समारोह में एसोसिएशन से जुड़े जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल, शांतिकुलम रेजिडेंशियल स्कूल, क्लाइमैक्स पब्लिक स्कूल, केबीएस पब्लिक स्कूल, संत जेवियर स्कूल सदस्य विद्यालयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ब्राइट लर्निंग पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

### बच्चों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर/ पलामू।** छतरपुर प्रखंड अंतर्गत हेन्हे बाजार स्थित ब्राइट लर्निंग पब्लिक स्कूल में द्वितीय वार्षिकोत्सव समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद कुमार गुप्ता उर्फ चुनमुन उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में तालकेश्वर पाल (सेवानिवृत्त सैनिक) प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला प्रवक्ता सुनील कुमार, पूर्व अध्यक्ष पंचम कुमार, वर्तमान अध्यक्ष मंटू यादव, प्रखंड प्रवक्ता गौतम सागर, सचिव उमेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह का संचालन विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर फिरोज आलम ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय के संचालक मोहम्मद करामत अंसारी, प्राचार्य बब्लू कुमार तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों के योगदान और विद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डाला। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया और विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में शामिल छात्रों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अरविंद कुमार गुप्ता चुनमुन ने कहा कि हेन्हे क्षेत्र जो कभी नक्सलवाद के गलियारे के रूप में जाना जाता था, आज वहां शिक्षा के प्रसार से उन्मुक्त वातावरण में लोग सांस ले रहे हैं। यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है, जिसके लिए, स्कूल का प्रबन्धन बधाई का पात्र है।

मौके पर पीएसए अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष पंचम कुमार, प्रखंड अध्यक्ष मंटू कुमार यादव, सचिव उमेश यादव, प्रवक्ता गौतम सागर, जिला प्रवक्ता सुनील कुमार सहित अन्य अतिथियों ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। एनुअल फंक्शन में ने नवाब खान, सलामत अंसारी, मनोज गुप्ता, मनोहर यादव सहित इलाके के सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष और छात्र शामिल हुए।

# आग से झुलसी वृद्धा की नौ दिनों तक इलाज चलने के बाद मौत

## इतने बड़े जिला में बर्न यूनिट के नाम पर कुछ नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला में 9 दिनों से जिंदगी और मौत की जंग लड़ने के बाद बसिया थाना क्षेत्र के बनई भेलवा टोली निवासी 63 वर्षीय महिला कुंवारी केरकेट्टा ने दम तोड़ दिया। कुंवारी केरकेट्टा की मौत ने एक बार फिर व्यवस्था के माथे पर एक कलंक लगाकर सवाल खड़ा कर दिया। मृतक महिला के पति मारियानुस केरकेट्टा ने शुक्रवार को बताया 10 दिसंबर दिन बुधवार को मृतका रसोई घर में खाना बना रही थी। साथ ही झाड़ू भी लगा रही थी। लकड़ी के चूल्हे में खाना पक रहा था झाड़ू लगाने के क्रम में महिला चूल्हा के पास पीछे मुड़कर झाड़ू लगाने लगी। तभी उसकी नाइटी चूल्हे की आग के संपर्क में आ गयी। पति बाहर आंगन में बैठा था। चिल्लाने की आवाज पर पति दौड़ा। और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसिया ले जाया गया। जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में 9 दिनों तक जिंदगी से जंग लड़ने के बाद महिला की मौत हो गयी। मरियानुस का कोई संतान नहीं है पत्नी के चले जाने के बाद वह टूट सा गया। कहने को यह सदर अस्पताल गुमला है, लेकिन इतने बड़े अस्पताल में एक बर्न वार्ड नहीं है। जले हुए मरीजों को भर्ती और इलाज करने में चिकत्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। परिजन परेशान होते हैं सो अलग। अधिक जले हुए मरीजों को बिना कपड़ों के ही रखना पड़ता है क्योंकि उनकी ड्रेसिंग नहीं की जाती है। लेकिन एक ही वार्ड में सभी मरीजों का इलाज होने से मरीज भी काफी असहज महसूस करते हैं।

### एक सप्ताह के अंदर बनेगा चार शय्या का बर्न वार्ड : सीएस




गुमला के सिविल सर्जन शंभू नाथ चौधरी कह रहे हैं कि सदर अस्पताल में जगह का आभाव है। जिसके कारण बर्न वार्ड नहीं बनाया जा सका था। बर्न वार्ड नहीं होने से मरीजों को परेशानी होती है। संक्रमण का खतरा भी बना रहता है। एक सप्ताह के अंदर चार शय्या का बर्न वार्ड बनाया जायेगा। अब सोचने वाली बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य की व्यवस्था बेहतर करने के नाम पर करोड़ों रुपया खर्च करती है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। काश! कुआंरी केरकेट्टा की मौत से पहले स्वास्थ्य विभाग ने बर्न वार्ड के बारे में सोचा होता तो कुआंरी आज हमारे बीच हंस मुस्कुरा रही होती।

### जगह की कमी के कारण नहीं बना बर्न यूनिट

कुछ वर्ष पूर्व डायलिसिस सेंटर को बर्न यूनिट के रूप में चिन्हित किया गया था। लेकिन डॉक्टर, संसाधन व मशीनों की कमी के कारण उसे डायलिसिस सेंटर के रूप में संचालित किया जा रहा है। सदर अस्पताल में जगह की कमी के कारण अलग से बर्न यूनिट नहीं बनाया जा सका है।

## घाघरा पहुंचे बाबूलाल मरांडी, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर से लौटने के क्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ प्रतिपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी घाघरा पहुंचे, जहां वे भाजपा कार्यकर्ता सुशीत गोस्वामी के आवास पर रुके। इस दौरान उन्होंने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं की जानकारी ली। कार्यकर्ताओं ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य बुनियादी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को वे उचित मंच पर मजबूती से उठाने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार जनहित के मुद्दों को सदन में उठा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाली सरकार भाजपा की ही होगी। मौके पर सुशील गोस्वामी, निखिल कुमार, अंशु कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता की सफलता के लिए बैजनाथ जालान कॉलेज में शिक्षकों की बैठक



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई मे शुक्रवार को शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की बैठक हुई। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने की। बैठक मे दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की सफलता की समीक्षा किया गया। प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने कहा कि वार्षिक खेलकूद मे महाविद्यालय परिवार के एक एक सदस्य काफी मेहनत किया। साथ ही नवजीवन एथलेटिक्स कमेटी के पदाधिकारियों ने भी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में सराहनीय सहयोग किया, जो स्मरणीय रहा। साथ महाविद्यालय के खिलाड़ी, छात्र छात्राएं, बुद्धीजीवी, प्रबुद्ध जन ने भी सहयोग किये। इसके लिए सभी आभार के पात्र हैं। इस तरह का कार्यक्रम महाविद्यालय में हमेशा हो तो विद्यार्थीयों में अलग उत्साह, उर्जा व आगे बढ़ने की राह खुलेगा। महाविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ अरुण कुमार दास ने कहा दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद का आयोजन महाविद्यालय द्वारा ललित उरांव स्टेडियम मे पुरे धूमधाम से संपन्न हुई। जिसमे महाविद्यालय के खिलाड़ी भारी संख्या में भाग लिया। जो उम्मीद से भी अधिक था। खेलकूद छात्रों भविष्य संवारेगा। मौके पर डॉ पारंगत खलखो, डॉ अरुण कुमार दास, डॉ निसार अहमद, प्रो करम सिंह ओडेया, डॉ कीर्ति मिंज, प्रधान सहायक सुरेश साहु, डॉ श्रवण तिवारी, डॉ दीपक कुमार, डॉ राधेश्याम सिंह, डॉ इंद्रजीत राम, डॉ बिष्णु देव तिवारी, प्रो कृष्णा कुमार आर्या, प्रो सुनिता कुमारी, सुरज विश्वकर्मा, सहबाज आलम समेत कई उपस्थित थे।

## समाजसेवी उदय कुशवाहा ने जरुरतमंदो को दिया कंबल



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के दहुटोली, गमहरिया घाघरा आदि गांवों में कंबल वितरण करते हुए उदय कुशवाहा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि गरीब लाचार बेबस सबसे निचले पायदान पर रहने वाले जो लोग हैं उनके पास पहुंचना और मदद कर समाज में एक अच्छा संदेश देना है। उन्होंने आगे बताया कि कुछ ऐसे भी घर मिले जिन घरों में वृद्धा खाली जमीन पर सोयी हुई थी। जब उन्हें कंबल मिला खुशी के मारे आंखों में आंसू निकल आये। साथ ही बुजुर्गों ने मन ही मन आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज पहली बार कोई हमारे बीच में घर आकर मदद किया है, अब कपकपाती ठंड से राहत मिलेगी। कंबल पाकर गरीबों बूढ़े बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। बुजुर्ग ग्रामीणों ने बताया कि अभी तक सरकार के तरफ से ठंड से बचाव के लिए कोई सहायता नहीं मिली है कंबल मिल जाने से एक नई उम्मीद जागी है।

## बिशुनपुर में शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को गुमला जिले के बिशुनपुर पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव से मुलाकात कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर उन्होंने समीर उरांव के छोटे भाई स्वर्गीय अनिल उरांव के आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। बताया गया कि अनिल उरांव का 10 दिसंबर को अचानक निधन हो गया था, जिससे पूरे परिवार के साथ-साथ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। बाबूलाल मरांडी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे और पूरा भाजपा परिवार शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़े हैं। उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दिवंगत की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि किसी अपने का इस तरह अचानक चले जाना अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। गौरतलब है कि स्वर्गीय अनिल उरांव का श्राद्ध कर्म शनिवार को संपन्न होगा। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण भी शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे।

## कुरमूल में पहुंचा हाथियों का झूंड, ग्रामीणों में दहशत



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के रामतोलया पंचायत के अंतर्गत गांव कुरमूल में जंगली हाथियों का झूंड पहुंचा,लोगों के बीच दहशत का माहौल। जानकारी के मुताबिक गांव कुरमूल में बीती गुरुवार की मध्य रात्रि में जंगली हाथियों का झूंड आ पहुंचा है। जो फिलवक्त गांव के समीप एक बगीचा मे डेरा डाले हुए हैं। बताया जा रहा कि उक्त जंगली हाथियों की संख्या लगभग नौ के आसपास है। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह में कुछ लोग शौच के लिये खेत की ओर जा रहे थे, उस वक्त जंगली हाथियों के झूंड को देखते ही वापस गांव की ओर लौट पड़े। इसके बाद सुबह लगभग 10 बजे के आसपास ग्रामीणों ने बसिया के वनपाल लिबनुस कुल्लू को फोनकर इसकी सूचना दी।

# मैट्रिक-इंटर में शत-प्रतिशत परिणाम को लेकर प्रशासन सक्रिय, विद्यालयों में निरीक्षण और बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में शत-प्रतिशत और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने को लेकर घाघरा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में प्रशासनिक स्तर पर निरीक्षण एवं बैठकें आयोजित की गयी। इस क्रम में डीडीसी दिलेश्वर महतो ने एसएस हाई स्कूल घाघरा का निरीक्षण कर कक्षाओं में छात्रों से संवाद किया, विभिन्न विषयों से प्रश्न पूछे और नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन व कठिन विषयों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। कम उपस्थिति वाले छात्रों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें विद्यालय भेजने पर जोर देने के निर्देश भी दिए गए।

**घाघरा सीओ ने आदर के राजकीय कृत उच्च विद्यालय में विशेष बैठक में लिया भाग :** इधर आदर राजकीयकृत उच्च विद्यालय में विशेष शिक्षक छात्र-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सीओ खाखा सुशील कुमार ने भाग लिया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और शिक्षकों से कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने की अपील की। दोनों कार्यक्रमों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, नियमित कक्षाओं के संचालन और बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए प्रशासन, शिक्षक, अभिभावक व छात्रों ने मिलकर सहयोग करने का संकल्प लिया। इस मौके पर सीओ खाखा सुशील कुमार, बीपीओ पुष्पा टोप्पो, शिक्षक संतोष कुमार बिरेन्द्र भगत सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।



## गुमला सदर अस्पताल का हुआ साप्ताहिक निरीक्षण मरीजों ने जतायी संतुष्टि

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर जिला लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन जिला ग्रामीण विकास शाखा के पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार द्वारा सदर अस्पताल, गुमला का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भर्ती वार्ड, किचेन, दवा वितरण कक्ष, इमरजेंसी, ओपीडी सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया गया। भर्ती मरीजों व उनके परिजनों से बातचीत में स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। जानकारी के अनुसार अपराह्न 4 बजे तक 10 सामान्य प्रसव और एक सी-सेक्शन किया गया। सर्जिकल वार्ड में 28, पुरुष वार्ड में 23, महिला वार्ड में 21 तथा बाल वार्ड में 13 मरीज भर्ती थे। ओपीडी में 578 मरीजों का पंजीकरण व 16 आयुष्मान कार्ड निर्गत हुए। 93 मरीजों के आवागमन और एक मरीज को रिम्स भेजने हेतु एम्बुलेंस सुविधा दी गयी। निरीक्षण में दवा कक्ष में 570 दवाएं तथा जन औषधि केंद्र में 139 प्रकार की दवाएं उपलब्ध पायी गयी। 18 दिसंबर 2025 को उपलब्ध करायी गयी ए स्कैन मशीन से आंखों के इलाज में सुविधा बढ़ेगी।

# गुरुकुल के चार विद्यार्थियों ने अग्निवीर परीक्षा में पायी सफलता



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला मुख्यालय डीएसपी रोड स्थित गुरुकुल शिक्षण संस्थान के लिए आज का दिन गर्व और हर्ष का अवसर रहा। संस्थान के चार होनहार विद्यार्थियों–मधुसूदन यादव, विश्राम उरांव, चंदन उरांव तथा मनीष उरांव–ने अग्निवीर की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि संस्थानके साथ साथ पूरे जिले का नाम रोशन किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में गुरुकुल शिक्षण संस्थान परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सफल विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान के अनुभवी शिक्षकों को देते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास, धैर्य और आत्मविश्वास के बल पर ही यह मुकाम हासिल किया जा सका है।

इस अवसर पर गुरुकुल शिक्षण संस्थान के निदेशक रविन्द्र सिन्हा ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि गुरुकुल का उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करना है। आज हमारे विद्यार्थियों की यह सफलता प्रमाण है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मार्गदर्शन सही मिले, तो किसी भी पृष्ठभूमि से आने वाला छात्र अपने सपनों को साकार कर सकता है। यह उपलब्धि अन्य सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

# कार्यावधि में भी बंद रहता है आयुष्मान आरोग्य मंदिर

## बख्शे नहीं जायेंगे ड्यूटी से गायब रहने वाले कर्मी: बीडीओ

मनोज कुमार

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** अस्पताल वर्किंग पीरियेड में भी बंद रहते हैं। सुनने में अटपटा सा लगता है, लेकिन यह सच है। यह आरोप आजाद सिपाही ने नहीं लगाया है, बल्कि चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा के निरीक्षण दौरे के में यह नजारा देखने को मिला। बीडीओ चैनपुर ने शुक्रवार को बाम्दा और मालम पंचायत में सरकारी योजनाओं व संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सरकारी तंत्र की भारी लापरवाही उजागर हुई।

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मुंह चिढ़ा रहा था ताला :** सबसे खराब स्थिति डहुडगांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर अस्पताल में देखने को मिली जो कार्यदिवस के बावजूद बंद पाया गया। अस्पताल की तालाबंदी देख बीडीओ गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने संबंधित कर्मियों को जमकर फटकार लगाते हुए सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान बीडीओ जब डहुडगांव स्थित आरोग्य मंदिर पहुंचे तो वहां सन्नाटा पसरा था और मुख्य द्वार पर ताला लटका मिला। ड्यूटी से नदारद स्वास्थ्य कर्मियों की इस लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताते हुए बीडीओ ने कहा कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रखना एक गंभीर अपराध है। उन्होंने कहा कि कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगी जाएगी और कहा कि ड्यूटी में कोताही बरतने वालों पर विभागीय गाज गिरना तय है। सरकारी संस्थानों का मूल उद्देश्य जनता की सेवा करना है। अगर अस्पताल ही बंद रहेंगे तो गरीब जनता इलाज के लिए कहां जायेगी। इस तरह की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।



इससे पूर्व बीडीओ ने गवर्नमेंट बेसिक अपग्रेडेड हाई स्कूल का जायजा लिया। वहां उन्होंने पठन-पाठन की गुणवत्ता और शिक्षकों की उपस्थिति पंजी की जांच की। उन्होंने शिक्षकों को दो टूक कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## बिशुनपुर में बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में अंचलाधिकारी शेखर वर्मा के सौजन्य से प्रखंडवासियों के लिए नव निर्मित बैडमिंटन कोर्ट का शुक्रवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी शेखर वर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी, थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गणेशराम महतो, मुखिया सुशील मुंडा के साथ-साथ खेल प्रेमी युवा सुशील टोप्पो भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन किया। बताया गया कि खेल प्रेमी युवा सुशील टोप्पो ने ही अधिकारियों से प्रखंड कार्यालय परिसर में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण का आग्रह किया था। उनके इस सुझाव को प्रशासन ने गंभीरता से लिया और प्रशासनिक सहयोग से बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कर इसे प्रखंडवासियों को समर्पित किया गया। उद्घाटन के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में स्थानीय विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। विजेता विद्यालय के टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अंचलाधिकारी शेखर वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को खेल के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैडमिंटन कोर्ट बनने से अब ग्रामीण क्षेत्र के युवा नियमित अभ्यास कर सकेंगे और अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ा सकेंगे। मौके पर खेल प्रेमी अनिल भगत, सुनील उरांव, रामप्रवेश पासवान सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में नन्हे बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और मुस्कान को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की पहल पर 15 दिवसीय विशेष स्वच्छता एवं हाइजीन अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, एलएस एवं सीडीपीओ द्वारा विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की व्यक्तिगत साफ-सफाई, रसोई व्यवस्था तथा सीखने के वातावरण का जायजा लिया गया। बच्चों के नाखून काटे गए, बालों की स्वच्छता सुनिश्चित की गई तथा अभिभावकों को बच्चों की नियमित देखभाल और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान की सतत निगरानी स्वयं उपायुक्त कर रही हैं। वे वीडियो कॉल के माध्यम से केंद्रों से जुड़कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रही हैं, ताकि हर आंगनबाड़ी सुरक्षित, स्वच्छ और बच्चों के लिए स्नेहपूर्ण वातावरण प्रदान कर सके। यह अभियान आगामी 15 दिनों तक जारी रहेगा।

## हड्डी और मस्तिष्क विशेषज्ञ डॉ अनिल गुमला में आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सुप्रसिद्ध नस हड्डी और मस्तिष्क विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार 20 दिसंबर दिन शनिवार को गुमला में रहेंगे। वे पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोगियों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने बताया कि रोगी ससमय पहुंच कर डॉ अनिल से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।

## उर्दू विद्यालयों के लिए पृथक अवकाश तालिका की मांग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ ने वार्षिक अवकाश तालिका 2026 के निर्धारण में उर्दू विद्यालयों के लिए पृथक अवकाश तालिका जारी करने तथा प्रमुख पर्व त्योहारों पर समुचित अवकाश सुनिश्चित करने की मांग की है। संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक, जेसीइआरटी/ झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। अमीन अहमद ने बताया कि जेसीईआरटी के 30 अगस्त 2024 के पत्र के अनुसार वर्ष 2025 से उर्दू और सामान्य विद्यालयों के लिए अलग-अलग अवकाश तालिका प्रकाशित होनी थी, लेकिन इसका पालन नहीं हुआ। इससे शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हुईं और उर्दू विद्यालयों में अवकाश की संख्या कम रही।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा
समग्र शिक्षा
समाहरणालय भवन, कोडरमा
दूरभाष: 8002410681 • jepckoderma@yahoo.co.in & kodermassa@gmail.com

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

विज्ञप्ति संख्या 761 / 11 / 06 / 2025
कोडरमा जिला अन्तर्गत संचालित 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, डोमचाँच में अंग्रेजी भाषा एवं विज्ञान (गणित+भौतिकी) विषय के शिक्षक–शिक्षिकाओं के रिक्त पदों पर चयन हेतु अंतिम दावा आपत्ति दर्ज करने हेतु आम सूचना

कोडरमा जिला अन्तर्गत 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु जिला कार्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 761 / 11 / 06 / 2025 के आलोक में शिक्षक / शिक्षकेत्तर कर्मियों के चयन हेतु दिनांक 16.12.2025 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, समग्र शिक्षा, कोडरमा की अध्यक्षता में जिला चयन समिति की बैठक की गई। बैठक में लिये गये निर्णयानुसार अंग्रेजी भाषा एवं विज्ञान (गणित+भौतिकी) विषय का संशोधित मेधा सूची अंतिम दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु पुनः जिले के www.koderma.nic.in पर अपलोड की जा रही है। दावा आपत्ति निबंधित डाक से अथवा हाथोहाथ दिनांक 22.12.2025 तक जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, **झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा कार्यालय में अपराह्न 05:00 बजे** तक जमा की जा सकती है। निर्धारित समय के पश्चात् दावा आपत्ति स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, कोडरमा।

PR 368971 (Jharkhand Education Project Council) 25-26 (D)

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार

सुनहरा अवसर।। रोजगार आपके द्वार ।। सुनहरा अवसर

भर्ती कैम्प –सह– निबंधन कैम्प

झारखण्ड राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों की निजी क्षेत्र के कम्पनियों / प्रतिष्ठानों / संस्थानों में रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करने हेतु जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार के द्वारा **भर्ती कैम्प –सह– निबंधन कैम्प** का आयोजन दिनांक : **27.12.2025 दिन– शनिवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से 4:00 बजे अपराह्न** तक जिला खेल स्टेडियम, लातेहार परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

इन **भर्ती कैम्प –सह– निबंधन कैम्प** में कम्पनियों / प्रतिष्ठानों / संस्थानों से विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो रही हैं। अन्य कम्पनियों / प्रतिष्ठानों / संस्थानों से लगातार सम्पर्क स्थापित की जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो, जिससे युवक / युवतियों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार पाने का अवसर प्रदान किया जा सके। इन **भर्ती कैम्प –सह– निबंधन कैम्प** में भाग लेने हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी :–

**1. झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड।**
**2. शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजातों की छाया प्रति।**
**3. 2 कॉपी फोटो 4. आधार कार्ड की छाया प्रति 5. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र**
**6. जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति 7. बायोडाटा की दो कॉपी**

**इच्छुक उम्मीदवार उपरोक्त दस्तावेजों के बिना भाग नहीं ले सकते हैं। जो अपना निबंधन नियोजनालय में नहीं कराये हैं, वे अपना निबंधन ऑनलाईन विभाग के अधिकृत वेबसाईट** https://jharniyojan.jharkhand.gov.in **पर स्वयं कर सकते हैं या उक्त तिथि को उपस्थित होकर अपना निबंधन करा लें।**

लातेहार जिला के तमाम युवक / युवतियों से अपील है कि वे इन एक दिवसीय **भर्ती कैम्प –सह– निबंधन कैम्प** में भाग ले एवं अपनी योग्यता / इच्छानुरूप रोजगार पा कर अपने भविष्य को स्वर्णिम बनायें साथ ही जिनका जिला नियोजनालय में निबंधन नहीं है वे अपना निबंधन करा लें।

नोट : विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं / https://latehar.nic.in पर भी देख सकते हैं।

| क्रं0 | भर्ती कैम्प –सह– निबंधन कैम्प आयोजन की तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | 27.12.2025 (शनिवार) | पूर्वाह्न 10:30 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक | जिला खेल स्टेडियम, लातेहार परिसर |

।। आपके उज्जवल भविष्य के शुभ कामानाओं के साथ ।।

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,लातेहार

PR 368983 Labour Employment and Traning(25-26).D

## महुदा इंटर महाविद्यालय में 'सत्यमेव जयते'

# आंदोलन के बाद प्रो सुरेश रजक और गौतम महतो की सेवा बहाल

12 सदस्यीय निगरानी समिति गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा इंटर महाविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और कथित रूप से गलत तरीके से की गयी बर्खास्तगी के खिलाफ चल रहा जनआंदोलन आखिरकार रंग ले आया। 12 दिनों तक चले धरना और आमरण अनशन के बाद शुक्रवार को न्याय की जीत हुई और बर्खास्त किये गये शिक्षकेतर कर्मी प्रो सुरेश रजक एवं द्वारपाल गौतम महतो की सेवा पुनः बहाल कर दी गयी। भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के विरोध में चल रहे धरना-प्रदर्शन का शुक्रवार को सुखद अंत हो गया। शासी निकाय के अध्यक्ष शत्रुधन महतो की अध्यक्षता में आयोजित जीवी कमेटी की बैठक के पश्चात यह निर्णय लिया गया कि गलत तरीके से बर्खास्त किये गये शिक्षकेतर कर्मी प्रो सुरेश रजक और द्वारपाल गौतम महतो को तत्काल प्रभाव से



पुनः सेवा में बहाल किया जायेगा। धरना के 12वें दिन जैक सदस्य डॉ अरुण कुमार महतो एवं धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने धरनार्थियों को जूस पिलाकर तथा वापसी पत्र सौंपकर आंदोलन को शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त कराया।

**स्वच्छ और पारदर्शी संचालन के लिए निगरानी समिति गठितः**

महाविद्यालय को भविष्य में स्वच्छ, पारदर्शी और भयमुक्त वातावरण में संचालित करने के उद्देश्य से 12 सदस्यीय निगरानी समिति के गठन का भी प्रस्ताव पारित किया गया। इस समिति में शारदा सिंह (अध्यक्ष, धनबाद जिला परिषद), रिंकू देवी (अध्यक्ष, बाघमारा मुखिया संघ एवं मुखिया, कांडरा पंचायत), नरेश महतो (सांसद प्रतिनिधि), सूर्यकांत महतो (मुखिया, सिंगड़ा) बदरुद्दीन अंसारी (मुखिया, महुदा), अधिवक्ता निर्मल रवानी किशुन महतो (भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष), प्रदीप महतो (आजसू नेता), समद अंसारी, भोला प्रामाणिक, उगा कुमारी शाहिद हसनैन शामिल हैं। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि यह संघर्ष 'सत्यमेव जयते' का जीवंत उदाहरण है। सत्य और न्याय के सामने अंततः असत्य को झुकना ही पड़ा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अब यह शिक्षण संस्थान भ्रष्टाचार से मुक्त होकर शिक्षा के मूल उद्देश्यों की पूर्ति करेगा। महुदा इंटर महाविद्यालय में हुआ यह फैसला न केवल अन्याय के खिलाफ एक बड़ी जीत है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि संगठित और शांतिपूर्ण संघर्ष से सत्य की विजय निश्चित होती है।

> कॉलेज प्रबंधन के प्रोटोकॉलविरोधी निर्णय का अंत हुआ। बाधित पठन-पाठन शीघ्र बहाल होगा। निगरानी समिति के पुनर्गठन से आशा है कि महाविद्यालय अपनी पूर्व प्रतिष्ठा पुनः प्राप्त करेगा। **'शारदा सिंह, जिप अध्यक्ष, धनबाद'**
>
> जैक नियमों के विरुद्ध बर्खास्त कर्मियों की पुनर्बहाली न्याय की जीत है। वापसी पत्र दिया गया, आगामी शासी निकाय बैठक में अन्य बिंदुओं पर सकारात्मक कार्रवाई की जायेगी। **'डॉ. अरुण कुमार, जैक सदस्य'**
>
> कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार व अनैतिकता से गहरी पीड़ा हुई। शिक्षण संस्थान में ऐसी मानसिकता अनुचित है, धरना और आमरण अनशन ने सच्चाई को उजागर किया। **'किशुन महतो, भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष'**
>
> सुरेश रजक और गौतम महतो के संघर्ष से आंदोलन सफल हुआ। महुदा इंटर कॉलेज अब तानाशाही और भ्रष्टाचार से मुक्त होकर नयी दिशा में आगे बढ़ेगा। **' नरेश महतो, सांसद प्रतिनिधि, गिरिडीह लोस'**
>
> प्रबंधन के मनमाने व नियमविरोधी फैसलों पर विराम लगा। छात्रों की पढ़ाई पुनः सुचारु होगी। निगरानी समिति के पुनर्गठन से महाविद्यालय को उसकी पुरानी गरिमा और पहचान लौटेगी।**'प्रदीप महतो, आजसू नेता'**
>
> अपने पूर्व शिक्षण संस्थान में भ्रष्टाचार देख पीड़ा हुई, पर सत्य भारी पड़ा। विधायक सह अध्यक्ष के नेतृत्व में आंदोलन समाप्त हुआ, न्याय की जीत हुई। **' उगा कुमारी, भाजपा नेत्री'**

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से पिता की मौत पुत्री बची, लोगों ने एनएच किया जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** कतरास थाना क्षेत्र के राजगंज महुदा एनएच-32 के छरदारडीह मूसा पहाड़ी में शुक्रवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे रॉन्ग साइड से आ रही ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार बरोरा थाना क्षेत्र के खरियो निचितपुरा 2 निवासी 52 वर्षीय महावीर महतो की मौत हो गयी और 23 वर्षीय पुत्री आरती कुमारी बाल-बाल बच गयी घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। तुरंत मृतक के परिजनों सहित सैकड़ो ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच कर अवैध बालू परिवहन और प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ विरोध जताते हुए एनएच-32 को जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। लगभग 5 किलो मीटर तक सड़क जाम की स्थिति बन गयी। वही सूचना पाकर कतरास थाना की पुलिस सदलबल के साथ मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों को समझाने का कोशिश किया पर वे नही माने मामला बिगड़ता देख कतरास तेतुलमारी सोनारडीह भाट डीह सहित करीब आधे दर्जन थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव उठाने का प्रयास किया परंतु वे असफल रहे। करीब 8 घंटे बाद कतरास पुलिस ने मनियाडीह से ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बाघमारा अंचलाधिकारी गिरजा नंद किस्कू द्वारा परिजनों को सरकारी मुआवजा दिलाने का अस्वासान दिया गया, तब जाकर परिजन माने और पुलिस को शव का अंत्यपरीक्षण हेतु ले जाने दिया साथ ही सड़क जाम मुक्त हुआ। कतरास पुलिस ने चालक और गाड़ी पर मामला दर्ज करते हुए शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण हेतु धनबाद एनएमसीएच भेजा।



### बेटी रोती हुई बोली, ड्राइवर अंकल पापा को मत मारो, फिर भी कसाई ने चढ़ा कर मार डाला

कतरास थाना क्षेत्र में एक बार फिर अवैध कारोबार जानलेवा साबित हुआ। बेटी रोती बिलखते हुए मिन्नते करती रही ड्राइवर अंकल पापा को मत मारो उन्हें माफ कर दो फिर भी उस कसाई ने छोड़ा नही ट्रेक्टर चढ़ा कर मार डाला। उक्त बातें मृतक की 20 वर्षीय पुत्री आरती कुमारी ने कहा फिर उसने कहा कि हमलोग बलियापुर रेलवे का एग्जाम देने जा रहे थे, राजगंज महुदा एनएच-32 के छरदारडीह मूसा पहाड़ी में रॉन्ग साइड से आ रहे अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने हमारी हीरो होंडा पैशन बाइक में ठोकर मार दिया। पापा ने ट्रैक्टर को रोककर कहा कि मेरी गाड़ी में जो नुकसान हुआ उसका भारपाई करो तब आगे जाने देंगे, जिससे नाराज होकर ड्राइवर ने बोला कि हटो नही तो ट्रैक्टर चढ़ा देंगे और उसने वैसा ही किया। मैं गिड़गिड़ाती रह गयी और पापा नही बच पाये।

## रिजनल सब स्टेशन कथारा के कर्मियों को बंधक बनाकर ट्रांसफार्मर के पाट्र्स की चोरी



**कथारा (आजाद सिपाही)।** कथारा सब स्टेशन कॉलोनी में अवस्थित सीसीएल रीजनल सब स्टेशन में बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा कंट्रोल रूम में कर्मियों को बंधक बनाकर 3 सौ केवीए के ट्रांसफार्मर से पाट्र्स की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरों ने उक्त ट्रांसफर्मर की बाड़ी को तोड़ने के साथ कीमती कॉपर वायर सहित अन्य समान की चोरी कर ली। कड़ाके की सर्द रात के करीब 11 बजे उक्त सब स्टेशन की चारदीवारी में सेंधमारी करते हुए 2 से 4 की संख्या में कंट्रोल रूम में चोर आ धमके। यहां रात्रि पाली में कार्यरत सीसीएल कर्मी शिवलाल, डीसी कालिंदी और सुनील कुमार मंडल को अपने कब्जे लेकर कंट्रोल रूम के एक कमरे में बंद कर दिया। वही प्रवेश द्वार के समीप में रखे तीन सौ केवीए के ट्रांसफार्मर के कीमती कॉपर वायर, पार्ट पुर्जे आदि की चोरी करके फरार हो गए। सुबह क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग की पेट्रोलिंग टीम जब सब स्टेशन पहुंची तब कंट्रोल में बंद सीसीएल कर्मियों को बाहर निकाला। इधर इस घटना की सूचना मिलने पर कथारा ओपी थाना के प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल में जुट गये। इस घटना से सीसीएल कर्मियों में भय का माहौल है। वही चोर द्वारा ट्रांसफर्मर से कीमती पाट्र्स पुर्जे की चोरी की घटना निरंतर जारी है।

## सीएसआइआर सिंफर में डीआइवाइ साइंस किट पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** 19 दिसंबर को सीएसआइआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान द्वारा जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत डीआइवाइ साइंस किट पर एक हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एकलव्य माध्यमिक विद्यालय, सहराज, धनबाद के विद्यार्थियों के लिए किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालयी छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा तथा अनुभवात्मक सीखने की क्षमता का विकास करना था। कार्यक्रम की शुरूआत जिज्ञासा पहल के संक्षिप्त परिचय से हुई, जिसमें युवाओं के बीच विज्ञान शिक्षा एवं नवाचार को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साह एवं जिज्ञासा के साथ सक्रिय भागीदारी की। सुनीता कुमारी, अमरेश चटर्जी, रूपा सिंह एवं अंकिता मिश्रा ने छात्रों को डीआइवाइ साइंस किट के उपयोग की जानकारी दी एवं मार्गदर्शन किया। हैंड्स-ऑन प्रयोगों के माध्यम से छात्रों ने लेमिनार फ्लो प्रभाव, अदृश्य अग्निशामक, लावा लैम्प एवं ऊब्लेक जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों को सफलतापूर्वक किया। इन प्रयोगों में बेकिंग सोडा, तेल, सिरका एवं ग्लो पाउडर जैसी सरल एवं आसानी से उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग किया गया। यह कार्यक्रम श्री दिलीप कुंभाकर, मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रमुख, मानव संसाधन विकास तथा डॉ पल्लबी दास, प्रधान वैज्ञानिक एवं जिज्ञासा नोडल वैज्ञानिक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उक्त विद्यालय के 67 छात्र एवं 6 शिक्षक इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## धनबाद में फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स धनबाद में खेल महोत्सव धनबाद संसद ढुलु महतो द्वारा कराया जा रहा है के तहत शुक्रवार से तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। खेल का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर धीरज कुमार उपनिदेशक आइआइटी आईएसएम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किए। फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन खेल प्रभारी सांसद प्रतिनिधि कैलाश कुमार गुप्ता, मनोज सिंह, धनबाद जिला फुटबॉल सघं महासचिव मृदुल बोस,कोषाध्यक्ष मो सलाउद्दीन,संयुक्त सचिव शुभंकर सरकार की देखरेख में हुआ। मंच संचालन शशि प्रकाश सिंह ने किया। निर्णायक की भूमिका प्रदीप नियोगी, दिलीप महतो, सरकार मरांडी, सनाउल्लाह अंसारी, दिलीप महतो ने निभाया। इस अवसर पर समाजसेवी मदन मोहन सिंह, नितिन भट्ट, मिल्टन पार्थसरती, प्रदीप कुमार राम, सुनील चौधरी, विजय शर्मा, सुनील गुप्ता, संजय झा चंद्रशेखर मुन्ना, देवाशीष पाल, विकास साव आदि उपस्थित थे।

## जीतपुर में चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**जोड़ापोखर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, जीतपुर के द्वारा गायत्री शक्तिपीठ, जीतपुर के प्रांगण में चार दिवसीय नौ-कुण्डी गायत्री महायज्ञ एवं पवन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ भव्य कलशयात्रा के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेल जीतपुर के महा प्रबंधक मनीष कुमार ने झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलशयात्रा का स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शांतिकुंज हरिद्वार से मुख्य पुरोहित नरेंद्र विद्यार्थी ने कहा कि कलशयात्रा नारी जागरण का शंखनाद है। वास्तव में 21वीं सदी नारी सदी है, ये उद्घोष परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य ने 100 साल पहले ही कर दी थी। संगीत के लिए हरिद्वार से पधारे ललित शर्मा की टोली ने मंगल कलश सजाकर निकली ये भारत कि नारियां मधुर संगीत से वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

## छापामारी अभियान में बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिले में लगातार खनन माफिया अवैध बालू की ढुलाई कर रहे हैं। उपायुक्त बोकारो के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी, चास की अध्यक्षता में बोकारो जिला के चास मुफ्फसिल थाना अन्तर्गत पुपुनकी दामोदर नदी के समीप छापामारी अभियान चलाया गया, जिसमें दामोदर नदी पुपुनकी पर अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर लोड करते हुए 3 ट्रैक्टरों को पकड़ा गया एवं पुपुनकी के समीप परती जमीन पर अवैध रूप से बालू खनिज भंडारित किया हुआ पाया गया। उक्त ट्रैक्टरों एवं भंडारित बालू खनिज को विधिवत जप्त कर चास मुफ्फसिल थाना को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। उक्त अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू, खान निरीक्षक अजय कुमार महतो,थाना प्रभारी, चास मुफ्फसिल थाना एवं पुलिस बल मौजूद थे।

## फेसबुक पर अश्लील वीडियो भेजने के मामले में युवक गिरफ्तार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** फेसबुक पर अश्लील वीडियो भेजने के एक मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दिनांक-15 दिसंबर को बालीडीह थाना क्षेत्र पीड़िता के द्वारा एक टंकित आवेदन दिया गया कि सुजीत तिवारी, सा-पांडेय टोला, थाना-बालीडीह, जिला-बोकारो द्वारा अपने फेसबुक एकाउंट से पीड़िता के फेसबुक एकाउंट पर अश्लील विडियो भेज दिया गया था, जिसके आधार पर बालीडीह थाना कांड सं-358/25, दि-15.12.25, धारा-74/ 76/ 77/ 79/329 (4)/ 115(2)/ 351(2)/ 126(2) बीएनएस एवं 66 (ई)/ 67/ 67 (ए) आइटी एक्ट दर्ज कर कांड की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्राथमिक अभियुक्त सुजीत तिवारी को गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इनके द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया है तथा इनके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। छापामारी दल में नवीन कुमार सिंह, थाना प्रभारी, बालीडीह थाना, अजय कुमार राय, हवलदार जबरा मुंडू, लालदेव मोची शामिल थे।

## जदयू ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को छह सूत्री मांग पत्र सौंपा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जदयू पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद सह रेलवे बोर्ड स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य खीरू महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले। प्रतिनिधि मंडल की ओर से 6 सूत्री मांग पत्र रेल मंत्री को सौंपा गया। उक्त प्रतिनिधि मंडल में जदयू पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरु महतो, धनबाद जिला अध्यक्ष सह जोनल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य पिंटू कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह तथा गोड्डा जिला अध्यक्ष चक्रधर सिंह चुन्नू शामिल थे। सौंपे गए ज्ञापन में धनबाद रेल मण्डल के अंतर्गत आने वाले हजारीबाग रोड स्टेशन का नाम बदल कर सरिया स्टेशन के नाम से नामांकरण किया जाय।राँची से नई दिल्ली चलने वाले राजधानी एक्सप्रेस को जो भाया बोकारो होकर चलती है उसे भाया बरककाना हजारीबाग टाउन होते हुए चलाया जाय। हावडा से गया तक चलने वाली वन्दे भारत ट्रेन को पटना तक विस्तार किया जाय जिससे रेल का आमदनी के साथ-साथ रेल यात्रियों को भी काफी सुविधा मिलेगी। धनबाद रेल मण्डल से बंगलौर, पुणे एवं नई दिल्ली के लिए एक विशेष ट्रेन चलायी जाये। धनबाद रेल मंडल के सभी स्टेशनों पर रेल नोर की व्यवस्था की जाये। धनबाद जंक्शन से गया होते हुए किउल गया लाइन में पटना तक एक नयी ट्रेन चलायी जाये, मांगे हैं।

# सेल के हेड ऑफ प्रोजेक्ट्स मीट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में 19 से 20 दिसंबर 2025 तक आयोजित दो दिवसीय हेड ऑफ प्रोजेक्ट्स (एचओपी) मीट का शुभारंभ 19 दिसंबर 2025 को बोकारो निवास में किया गया। इस उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन बोकारो स्टील प्लांट द्वारा किया जा रहा है, जिसमें सेल के कॉरपोरेट कार्यालय, एकीकृत इस्पात संयंत्रों, खदानों एवं विभिन्न इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया है। बैठक का उद्देश्य परियोजना क्रियान्वयन को सुदृढ़ करना, महत्वपूर्ण बाधाओं का समाधान करना तथा सेल की रणनीतिक विस्तार योजनाओं को गति प्रदान करना है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (परियोजना) अनिष सेनगुप्ता ने विभिन्न सेल इकाइयों का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिशासी निदेशकों का अभिनंदन करते हुए सभी का स्वागत किया तथा विचार-विमर्श को लक्ष्यपरक एवं परिणामोन्मुख बनाए रखने पर बल दिया। इसके पश्चात सेल के मूल मूल्यों के अनुरूप कार्यक्रम की शुरूआत सुरक्षा शपथ के साथ की गयी, जिसके माध्यम से सभी परियोजना स्थलों पर सुरक्षा प्रथम संस्कृति के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया गया। उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। बोकारो स्टील प्लांट की अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने आगंतुक प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा उद्घाटन सत्र में उपस्थित अधिशासी निदेशकों ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

एचओपी मीट में अधिशासी निदेशक प्रभारी (परियोजना) सुब्रत मुखोपाध्याय सहित सेल के विभिन्न संयंत्रों एवं इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। राउरकेला स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी एवं बोकारो स्टील प्लांट के लिंक निदेशक आलोक वर्मा ने ऑनलाइन माध्यम से अपने संबोधन में समयबद्ध अवसंरचना विकास और उत्पादन क्षमता वृद्धि के बीच के महत्वपूर्ण संबंध को रेखांकित किया।

# प्रेम और करुणा की याद दिलाता है क्रिसमस : संजीव ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** आध्यात्मिक दृष्टि से क्रिसमस किसी एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि आत्मा की गहराइयों में होने वाली एक शांत और पवित्र घटना है। यह उस क्षण का प्रतीक है जब मनुष्य के भीतर ईश्वरीय प्रकाश का जन्म होता है। प्रभु यीशु मसीह का जन्म बाहरी इतिहास से अधिक, हमारे अंतर्मन में घटने वाली एक आध्यात्मिक सच्चाई को दर्शाता है। माउंट सियोन स्कूल के निदेशक संजीव ठाकुर ने बताया कि

गोशाला में जन्म का अर्थ है-जहां अहंकार, दिखावा और भौतिकता नहीं होती, वहीं ईश्वर



प्रकट होते हैं। जब मनुष्य का हृदय विनम्र और सरल बनता है, तब उसमें दिव्यता का वास संभव होता है। क्रिसमस हमें यह याद दिलाता है कि ईश्वर दूर आकाश में नहीं, बल्कि हमारे भीतर मौन, प्रेम और करुणा के रूप में उपस्थित हैं। आध्यात्मिक रूप से क्रिसमस अंधकार से प्रकाश की यात्रा है। जैसे रात के सन्नाटे में एक तारा चमका, वैसे ही जीवन की कठिनाइयों, दुःख और असमंजस के बीच आशा का प्रकाश प्रकट होता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि हर व्यक्ति के भीतर परिवर्तन की क्षमता है और प्रेम ही वह शक्ति है जो आत्मा को मुक्त कर सकती है।सच्चा क्रिसमस तब मनाया जाता है जब हम अपने भीतर द्वेष को त्यागते हैं, क्षमा को अपनाते हैं और सेवा को अपना स्वभाव बनाते हैं। जब मनुष्य अपने जीवन को प्रेम का माध्यम बना लेता है, तभी क्रिसमस का आध्यात्मिक अर्थ पूर्ण होता है।

# जीवन में असफलताओं से हार मान लेना ही सबसे बड़ी हार : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने नावाडीह स्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से भावनात्मक संवाद करते हुए कहा कि जीवन में असफलताएं आती हैं, लेकिन हार मान लेना सबसे बड़ी हार होती है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानना है, संघर्ष करना है और स्वयं पर विश्वास रखना और अपना बेस्ट देना है। सफलता जरूर मिलेगी। उपायुक्त के शब्दों ने छात्राओं के मन में




आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। उपायुक्त ने शिक्षकों से सीधे संवाद में कहा कि आप केवल शिक्षक नहीं, बल्कि भविष्य के शिल्पकार हैं। शिक्षकों के कंधों पर समाज, राज्य और देश के भविष्य को गढ़ने की जिम्मेदारी है। उन्होंने भावुक शब्दों में कई उदाहरण देकर शिक्षकों के महत्व को विस्तार से बताया। कहा कि यदि शिक्षक अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतते हैं, तो उसका खामियाजा पूरी युवा पीढ़ी और आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने शिक्षकों से समर्पण, संवेदनशीलता और ईमानदारी के साथ बच्चों का मार्ग दर्शन करने का आग्रह किया।

## एडम्या श्रेणी का तीसरा फास्ट पेट्रोल वेसल : समुद्र में भारत को मिली नयी ताकत

# तटरक्षक बल में शामिल हुआ 'अमूल्य'

- पूर्व तट की सुरक्षा होगी और मजबूत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल की समुद्री ताकत में एक और आधुनिक जहाज जुड़ गया है। नये जमाने के एडम्या श्रेणी के तीसरे फास्ट पेट्रोल वेसल 'अमूल्य' को शुक्रवार को औपचारिक रूप से बेड़े में शामिल किया गया। अधिकारियों के अनुसार यह जहाज निगरानी, खोज और बचाव अभियान, तस्करी रोकने और समुद्री प्रदूषण से निपटने जैसे कई अहम मिशनों को अंजाम देगा। इससे भारत के पूर्व तट (इस्ट कोस्ट) की सुरक्षा और ज्यादा मजबूत होगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह जहाज समुद्र को सुरक्षित, साफ और संरक्षित रखने के लिए तटरक्षक बल की मजबूत इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

बता दें कि 51 मीटर लंबा यह फास्ट पेट्रोल जहाज गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में डिजाइन और तैयार किया गया है। इसमें 60 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी उपकरण लगे हैं। इससे रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता और 'मेक इन इंडिया' तथा 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की सफलता साफ दिखायी देती है।




### ताकत और रफ्तार से लैस

जानकारी के अनुसार 'अमूल्य' में दो अत्याधुनिक 3000 किलोवाट डीजल इंजन लगे हैं, जिनसे यह जहाज 27 नॉट्स की अधिकतम गति से चल सकता है। यह एक बार में 1500 समुद्री मील तक का सफर तय कर सकता है, जिससे लंबे समय तक समुद्र में मिशन संभव हो पाता है। इसके साथ ही जहाज में 30 मिमी की तोप 12.7 मिमी की दो रिमोट कंट्रोल गन लगायी गयी है। इसके अलावा, इसमें लक्ष्य पहचान और फायर कंट्रोल के आधुनिक सिस्टम भी हैं। साथ ही इसमें इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम, मशीनरी कंट्रोल सिस्टम और ऑटोमैटिक पावर मैनेजमेंट सिस्टम लगे हैं, जो जहाज की कार्यक्षमता और सुरक्षा को और बेहतर बनाते हैं।

### होगी ओड़िशा के पारादीप में तैनाती

आइसीजीएस अमूल्य को ओड़िशा के पारादीप में तैनात किया जायेगा। यह जहाज तटरक्षक बल के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के कमांडर के अधीन काम करेगा। जहाज की कमान कमांडेंट (जूनियर ग्रेड) अनुपम सिंह के पास है और इसमें पांच अधिकारी और 34 जवान तैनात रहेंगे। मामले में अधिकारियों ने कहा कि 'अमूल्य' के शामिल होने से तटरक्षक बल की ताकत और बढ़ेगी। यह जहाज तटीय सुरक्षा, समुद्री निगरानी और आपातकालीन राहत कार्यों में अहम भूमिका निभायेगा और देश की समुद्री सीमाओं को और ज्यादा सुरक्षित बनायेगा।

# सिंगापुर पुलिस को जुबीन गर्ग की मौत मामले में साजिश नहीं मिली

- एसआइटी ने चार पर हत्या का आरोप लगाया

एजेंसी

**सिंगापुर।** सिंगापुर पुलिस फोर्स (एसपीएफ) ने गायक जुबीन गर्ग की मौत मामले में बड़ा बयान दिया है। एसपीएफ के मुताबिक जांच जारी है और अब तक उसे किसी तरह की गड़बड़ी का शक नहीं है। सिंगापुर पुलिस ने कहा कि उसकी जांच के नतीजे सिंगापुर कोरोनर्स एक्ट, 2010 के अनुसार जमा किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इन नतीजों के आधार पर एक और जांच की जायेगी, जिस पर सुनवाई जनवरी और फरवरी 2026 में होनी है।

एसपीएफ ने कहा, सिंगापुर पुलिस फोर्स जुबीन गर्ग की मौत की परिस्थितियों को लेकर ऑनलाइन अटकलों से अवगत है। भारतीय मीडिया के मुताबिक, भारत में स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम ने चार लोगों पर गर्ग की हत्या का आरोप लगाया है। यह मामला अभी एसपीएफ की जांच के अधीन है, जो सिंगापुर कोरोनर्स एक्ट 2010 के अनुसार किया जा रहा है। हमारी जांच के आधार पर अब तक एसपीएफ को गर्ग की मौत में किसी गड़बड़ी का शक नहीं है। बयान में आगे कहा गया, जुबीन गर्ग की मौत को लेकर जांच के अंतिम नतीजे सार्वजनिक किये जायेंगे। एसपीएफ इस मामले की गहन और पेशेवर जांच करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम शामिल पक्षों से धैर्य और समझ की अपील करते हैं। हम जनता से अटकलें न लगाने और असत्यापित जानकारी न फैलाने का आग्रह करते हैं।




### एसआइटी ने चार पर हत्या का आरोप लगाया

बता दें कि एसआइटी ने पिछले शुक्रवार को गुवाहाटी की एक अदालत में दायर आरोप पत्र में सात आरोपियों में से चार पर हत्या का आरोप लगाया। जिन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया गया है, उनमें नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के मुख्य आयोजक श्यामकनु महंत, जुबीन के सचिव सिद्धार्थ शर्मा और बैंड के सदस्य शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रवा महंत शामिल हैं। जुबीन गर्ग के चचेरे भाई और असम पुलिस के निलंबित अधिकारी संदीपन गर्ग पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया है। गायक के दो निजी सुरक्षा अधिकारियों (नंदेश्वर बोरा और परेश बैश्य) पर आपराधिक विश्वासघात का आरोप लगाया गया है। जुबीन की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गयी थी।

# महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री माणिकराव कोकाटे की सजा निलंबित, जमानत भी मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** बांबे हाइकोर्ट ने 1995 के धोखाधड़ी और जालसाजी मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता माणिकराव कोकाटे को जमानत देते हुए शुक्रवार को दो साल की सजा निलंबित कर दी। माणिकराव कोकाटे को एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर अदालत ने जमानत दे दी, हालांकि कोर्ट ने सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोकाटो को नासिक सत्र न्यायालय ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित फ्लैट आवंटित कराने के लिए धोखाधड़ी करने के आरोप में दो साल की सजा सुनायी थी।महाराष्ट्र सरकार में खेल मंत्री रहे माणिकराव कोकाटे को इस मामले में सजा सुनाये जाने के चलते मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। कोर्ट ने कहा, सिर्फ सजा निलंबित होने की वजह से आपराधिक अपराध में दोषी व्यक्ति को (कैबिनेट पद पर रहने की) इजाजत देना पब्लिक सर्विस को गंभीर और अपूरणीय नुकसान पहुंचायेगा। अपने आदेश में जस्टिस आरएन लड्ढा ने कहा कि कोकाटे मजिस्ट्रेट कोर्ट में पूरे ट्रायल के दौरान और सेशन कोर्ट में अपील लंबित रहने के दौरान



भी जमानत पर थे। हाइकोर्ट ने कहा कि चूंकि जेल की सजा सिर्फ दो साल थी, इसलिए वह जमानत देने के पक्ष में हैं। हाइकोर्ट ने कहा, सजा निलंबित करने की अर्जी मंजूर की जाती है। आवेदक को जमानत के तौर पर एक लाख रुपये जमा करने होंगे, क्योंकि उसने सेशन कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ कोकाटे की रिवीजन याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया, जिसने उनकी सजा को बरकरार रखा था। कोकाटे के वकील रवि कदम ने दलील दी कि उन्हें बांद्रा के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी एंजियोग्राफी हुई थी और शुक्रवार दोपहर को उनकी एसओएस एंजियोप्लास्टी होनी थी। सरकारी वकील मनकुंवर देशमुख ने कोकाटे की जमानत याचिका का विरोध किया।

# तमिलनाडु की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी, 30 लाख नाम कटे



आजाद सिपाही संवाददाता

**चेन्नई।** तमिलनाडु में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राज्यभर की सियासत में गर्माहट तेज हो गयी है। इसी बीच भारत निर्वाचन आयोग ने 19 दिसंबर को राज्य की एकीकृत ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी है। यह सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान के बाद प्रकाशित की गयी है, जो पूरे राज्य में चलाया गया था।

जिला चुनाव कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, इस प्रक्रिया में कई जिलों से लाखों मतदाताओं के नाम हटाये गये हैं। इसके तहत कोयंबटूर में करीब 6.50 लाख मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची से हटाये गये। वहीं डिंडीगुल जिले में 2.34 लाख वोटर हटे, जिससे कुल मतदाता संख्या 19.35 लाख से घटकर 16.09 लाख रह गयी। चुनाव आयोग के द्वारा जारी ड्राफ्ट सूची का सबसे ज्यादा असर राजधानी चेन्नई में देखने को मिला। यहां 14.25 लाख मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची से हटाये गये। इसके बाद कुल मतदाता संख्या 40.04 लाख से घटकर 25.79 लाख रह गयी। करूर जिले में 79,690 मतदाताओं के नाम हटाये गये। यहां मतदाता संख्या 8.79 लाख से घटकर 8.18 लाख हो गयी। साथ ही कांचीपुरम जिले में 2.74 लाख वोटरों के नाम काटे गये।

**क्यों हटाये गये नाम :** चुनाव आयोग द्वारा जारी ड्राफ्ट सूची से लाखों मतदाताओं का नाम हटाये जाने के कारणों के बारे में चुनाव आयोग ने कहा है कि 1.56 लाख लोगों की मौत हो गयी, 27,323 मतदाता अपने पते पर नहीं मिले, 12.22 लाख वोटर दूसरे स्थान पर शिफ्ट हो चुके थे और 18,772 मामलों में दोहरी वोटिंग पायी गयी। बता दें कि चुनाव आयोग ने बताया कि यह ड्राफ्ट मतदाता सूची राज्यभर में कराये गये विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान के बाद तैयार की गयी है। आगे आपत्तियां और दावे दर्ज करने के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी की जायेगी।

# सबरीमाला सोना चोरी मामले में कर्नाटक के दो व्यापारी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**तिरुवनंतपुरम।** सबरीमला सोना चोरी मामले में विशेष जांच दल (एसआइटी) ने दो और लोगों की गिरफ्तारी की है। एसआइटी ने शुक्रवार को स्मार्ट क्रिएशन के सीइओ पंकज भंडारी और गोवर्धन को गिरफ्तार किया। गोवर्धन की कर्नाटक के बेल्लारी में गहनों की दुकान है। केरल पुलिस के डीजीपी रावद चंद्रशेखर ने यह जानकारी दी। इससे पहले बुधवार को त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एस श्रीकुमार को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। बुधवार को सबरीमला सोना चोरी मामले में एसआइटी ने देवस्वोम बोर्ड के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एस श्रीकुमार को गिरफ्तार किया। वर्ष 2019 में जब मंदिर के द्वार पर मूर्तियों से सोने की परत हटायी गयी थी, उस समय श्रीकुमार प्रशासनिक अधिकारी के पद पर थे। पुलिस ने बताया कि श्रीकुमार को अपराध शाखा कार्यालय में तलब कर पूछताछ की गयी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। श्रीकुमार की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई, जब दो हफ्ते पहले केरल हाइकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।




# कोडीन कफ सिरप केस में सरगना शुभम समेत सभी आरोपियों की याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाइकोर्ट में कोडीन कफ सिरप की तस्करी मामले में गिरफ्तारी पर रोक को लेकर दाखिल याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में सरगना शुभम जायसवाल समेत सभी आरोपियों की याचिकाएं खारिज कर दी गयीं। इन याचिकाओं में कई जिलों के आरोपियों ने गिरफ्तारी पर रोक के लिए मांग की थी। प्रयागराज सहित कई अन्य जिलों में 128 एफआइआर दर्ज हो चुकी है। इलाहाबाद हाइकोर्ट ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक से इनकार कर दिया है। कोडीन कफ सिरप की तस्करी को लेकर पुलिस राज्य स्तरीय अभियान चला रही है। इसमें गिरफ्तारी से बचने के लिए दर्जनों आरोपियों ने याचिका दाखिल की हैं। गाजियाबाद, बस्ती, जौनपुर, वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर नगर सहित कई अन्य जिलों में अब तक 128 प्राथमिकी दर्ज की गयी है।




बता दें कि गुरुवार को याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता निपुन सिंह ने कहा था कि मामला ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत आता है। इसलिए इसमें प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकती। एक्ट में परिवाद का प्रावधान है और पुलिस बीएनएस और एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज कर रही है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी और अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम परितोष कुमार मालवीय ने कहा था कि कफ सिरप में कोडीन फॉस्फेट नामक तत्व मिला है, जिसका उपयोग सिर्फ नशे के लिए किया जा रहा है। ऐसे में मामला एनडीपीएस एक्ट का है, जिसके प्रावधानों का याचियों ने उल्लंघन किया और फर्जी फर्म बनाकर सिर्फ कागज पर ट्रांजेक्शन दिखाया गया। राज्य सरकार की ओर से बहस पूरी हुई है। इसके बाद आज मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया।




### रूसी राष्ट्रपति पुतिन तुरंत युद्ध रोकने के लिए तैयार सुरक्षा की गारंटी मांगी

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन युद्ध पर बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन के साथ युद्ध रोकने के लिए तुरंत तैयार हैं। हालंकि उन्होंने इसके लिए एक बड़ी शर्त रख दी है। पुतिन ने कहा कि अगर उन्हें सुरक्षा की गारंटी दी जाये, तो वह यूक्रेन से युद्ध रोकने को तैयार हैं। यूक्रेन के साथ शांति वार्ता पर पुतिन ने कहा कि हालांकि अब तक हमें वास्तव में ऐसी तत्परता यूक्रेन की तरफ से नहीं दिखती, लेकिन फिर भी हम कुछ संकेत देखते हैं। इनमें कीव शासन से भी संकेत शामिल हैं कि वे किसी प्रकार की बातचीत में शामिल होने को तैयार हैं।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**